CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, मंगलवार, 31 अक्टूबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –182 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु





हालात को हल्के से न लें चुनौतियां अभी बरकरार : दिलबाग सिंह पृष्ठ 3

■ पश्चिम एशिया संकट : दमित फिलिस्तीनी और मुसीबत में
■ स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में कड़ी मेहनत का फल पृष्ठ 4

■ अमेरिका ने इजरायल पर गाजा में संचार बहाल करने के लिए दबाव बनाया
■ यूक्रेनी सेना ने डोनेट्स्क दिशा में 285 सैनिकों को खोया पृष्ठ 9

इंग्लैंड पर जीत के बाद हमारा फोकस अपने बाकी सभी तीनों लीग मैच पर : कुलदीप पृष्ठ 10

# खैरागढ़ में प्रियंका ने खोला घोषणाओं का पिटारा

## गैस सिलेंडर पर मिलेगी 500 सब्सिडी, बिजली बिल होगा माफ

**खैरागढ़**, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने जालबांधा में विशाल सभा को संबोधित किया और कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में वोट मांगा। इस दौरान प्रियंका गांधी ने मंच से घोषणाओं की झड़ी लगा दी। उन्होंने कई बड़ी घोषणाएं की। जिसमें सिलेंडर में सब्सिडी, बिजली बिल माफ, स्व–सहायता समूहों का कर्ज माफ जैसे ऐलान शामिल हैं।



**प्रमुख घोषणाएं–**

- सिलेंडर रिफिल करने पर 500 रुपये की सब्सिडी घर की महिला के बैंक खाते में दिया जाएगा।
- 200 यूनिट तक बिजली फ्री, अधिक खपत पर 200 यूनिट प्रति माह तक निःशुल्क बिजली।
- महिला स्व–सहायता समूहों तथा सक्षम योजनांतर्गत लिए गए ऋण माफ।
- आगामी वर्षों में 700 नवीन ग्रामीण औद्योगिक पार्कों की स्थापना।
- राज्य के सभी सरकारी स्कूल को स्वामी आत्मानंद इंग्लिश एवं हिन्दी मीडियम स्कूलों में अपग्रेड करेंगे।
- छत्तीसगढ़ के निवासियों के सड़क दुर्घटनाओं में तथा अन्य आकस्मिक दुर्घटनाओं में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत निःशुल्क इलाज।
- परिवहन व्यवसाय से जुड़े 6,600 से अधिक वाहन मालिकों के वर्ष 2018 तक के 726 करोड़ राशि के बकाया मोटरयान कर, शास्ति और ब्याज के कर्ज की माफ। राज्य के किसानों से तिवरा को भी समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा।

**कांग्रेस की अब तक की घोषणा–**

- प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी किसानों का कर्जा माफ
- 17 लाख परिवारों को आवास
- जातिगत जनगणना
- स्कूल से लेकर कॉलेज तक मुफ्त शिक्षा तेंदूपत्ते पर आदिवासियों को हर साल मिलेगा 4000 रुपये बोनस
- डॉ. खूबचंद स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत गरीब वर्ग को 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख तक मुफ्त इलाज की सुविधा
- भूमिहीन मजदूर को मिलने वाली 7 हजार रुपए की राशि को बढ़ाकर 10 हजार रुपए किया जाएगा।

### 17.5 लाख लोगों को आवास देने का वादा पूरा करेगी कांग्रेस, कर्जमाफी की घोषणा से भाजपा परेशान : भूपेश



छत्तीसगढ़ में भाजपा को सांप सूंघ गया है। भाजपा ने अभी एक भी घोषणा नहीं की है। कांग्रेस ने फिर से कर्जमाफी की घोषणा की है। इस घोषणा से भाजपा परेशान हो उठी है। यह बात मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज जालबांधा में हुई जनसभा में कही।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि यूपीए की सरकार में मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे तो किसानों को 50 से 100 रुपये बोनस मिलता था, लेकिन मोदी के प्रधानमंत्री बनते ही बोनस मिलना बंद हो गया। मैंने प्राधानमंत्री को पत्र लिखा कि बोनस पर आप रोक लगाए हैं, अनुमति देकर रोक हटाइए। कांग्रेस सरकार छत्तीसगढ़ के किसानों को अपने खजाने से बोनस का भुगतान करेगी लेकिन मोदी जी ने आज तक अनुमति नहीं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले चुनाव में जब हमने बिजली बिल हाफ, 25 सौ रुपये में धान खरीदी का वादा किया तो बीजेपी के लोग भरोसा नहीं कर पा रहे थे। हमने इस बार भी 2640 रुपये में धान खरीदने का वादा किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी साढ़े 14 लाख करोड़ रुपये का कर्ज उद्योगपतियों का माफ करते हैं। हमने किसानों का साढ़े 9 हजार करोड़ रुपये का कर्ज ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सादगी से भरा नामांकन

## पत्नी ने तिलक लगाया, सोंटा मारने वाले वीरेन्द्र ठाकुर बने प्रस्तावक



**दुर्ग**, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के अंतर्गत आज मुख्यमंत्री एवं पाटन विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने चार सेटो में अपना नामांकन पत्र रिटर्निंग आफिसर के समक्ष प्रस्तुत किया। इस मौके पर उनके साथ उन्हें प्रतिवर्ष गौरा गौरी पूजा पर उनके हाथों में शगुन के तौर पर सोंटा मारने वाले वीरेन्द्र ठाकुर भी बतौर प्रस्तावक उपस्थित थे। इनके अलावा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू जिले से अन्य विधानसभा क्षेत्रों से कांग्रेस प्रत्याशी भी थे। अपने घर से निकलने से पहले उन्हें उनकी पत्नी मुक्तेश्वरी बघेल ने तिलक लगाकर मुंह मीठा कर गुलाब भेंट किया। इसके बाद वे सीधे दुर्ग पहुंचकर मालवीय चौक में स्थित अपने राजनीतिक गुरू वासुदेव चंद्राकर की प्रतिमा स्थल पहुंचे और उन्हें प्रणाम कर माल्यार्पण किया। उल्लेखनीय है कि आज स्व. वासुदेव चंद्राकर की 15 पुण्यतिथि है।

■ राजनीतिक गुरू वासुदेव चंद्राकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर लिया आर्शीवाद

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज नामांकन दाखिले के अंतिम दिन जिला कार्यालय पहुंचकर पाटन विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र भरा। श्री बघेल के आगमन की सूचना को लेकर पूरे कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा के भारी इंतजाम किये गये थे। मुख्यमंत्री श्री बघेल आज साढ़े 11 बजे के आसपास ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### कांग्रेस का किला है दुर्ग इसे भेद पाना भाजपा के लिये असंभव : भूपेश

पाटन विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में नामांकन भरने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि दुर्ग और छत्तीसगढ़ कांग्रेस का शुरू से अभेधगढ़ रहा है। सन् 77 की प्रचंड जनता लहर में भी यह गढ़ अभेध रहा है अत: इस बार भी कांग्रेस के प्रत्याशी भारी बहुमत से जीतकर प्रदेश में कांग्रेस की दुबारा सरकार बनायेगें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ किया गया वादा पूरा किया है। जनता का भरोसा जीता है और इसी भरोसे पर फिर से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनायेगें। उन्होंने इस बार 75 पार का नारा भी दोहराया। भाजपा को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### अमित जोगी ने पाटन से नामांकन दाखिल कर सबको चौंकाया

आज नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम घंटे में पाटन का चुनावी समीकरण एकाएक बदल गया जब यहां से छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस (जोगी) के सुप्रिमो व पूर्व मंत्री दिवंगत अजीत जोगी के पुत्र अमित जोगी ने पाटन विधानसभा क्षेत्र में छजकां जो प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन जमा कर दिया।



पाटन से भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष का आगाज : जोगी

इस अवसर पर उन्होंने पत्रकारों से चर्चा में श्री जोगी ने कहा कि वे चाहते तो मरवाही या छत्तीसगढ़ की किसी भी सीट से चुनाव लड़ सकते थे मगर पाटन सीट से चुनाव लड़ने के लिये वहां की जनता की काफी मांग थी। मैं कांग्रेस या भाजपा का विरोधी नहीं हूं, भ्रष्टाचार के खिलाफ अपना संघर्ष बुलंद करना ➤➤ शेष पृष्ठ

## सार संक्षेप

### ट्रेनों की टक्कर में मरने वालों की संख्या 14 हुई

**विशाखापट्टनम।** आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले में दो यात्री ट्रेनों के बीच टक्कर में मरने वालों की संख्या 14 हो गई है, जबकि 5 से ज्यादा यात्री घायल हो गए हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। विशाखापट्टनम-पलासा यात्री ट्रेन के चार डिब्बे रविवार को कोठावलासा 'मंडल' (ब्लॉक) में कंटाकपल्ली जंक्शन के पास विशाखापट्टनम-रायगड़ा यात्री ट्रेन से टकरा जाने के बाद पटरी से उतर गए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने हादसे को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ओडिशा के बालासोर हादसे के बाद केंद्र सरकार के सुरक्षा के सारे दावे हवा में उड गए हैं।

### इजरायल-हमास संघर्ष पर सोनिया ने लिखा लेख

**नई दिल्ली।** इजरायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध को रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ एक प्रस्ताव लेकर आया था। इस प्रस्ताव पर वोटिंग के दौरान भारत गैर हाजिर रहा। भारत के इस रवैये की कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने निंदा की है। सोमवार को उन्होंने एक लेख में लिखा, कांग्रेस वोटिंग के दौरान भारत के गैर-हाजिर रहने का कड़ा विरोध करती है, इजरायल फिलिस्तीन के उन लोगों से उस हमले के लिए बदला ले रहा है, जिससे उनका कोई मतलब नहीं है। उसने गाजा पट्टी को डेढ़ दशक से खुली जेल बना दिया है। यह ऐसा समय है, जब मानवता की परीक्षा हो रही है।

### मराठा आरक्षण समर्थक हुए उग्र, दो विधायकों के घर-कार्यालय पर भी हमला

**मुंबई।** मराठा आरक्षण की मांग को लेकर इन दिनों महाराष्ट्र की सियासत गरम है। सोमवार को कथित तौर पर समुदाय के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय रांकापा विधायक प्रकाश सोलंकी के आवास में आग लगा दी। पुलिस ने आरोप लगाया कि इस घटना के कुछ देर बाद ही कार्यकर्ताओं बीड जिले में माजलगांव नगर परिषद भवन की पहली मंजिल को भी आग लगा दी और तोड़फोड़ की। गंगापुर में भाजपा विधायक प्रशांत बांब के कार्यालय में भी तोड़फोड़ की।

## हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्वाध्यायी मुख्य एवं अवसर परीक्षा के लिए फार्म भरने की आज अंतिम तिथि

**रायपुर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्वाध्यायी मुख्य एवं अवसर परीक्षा वर्ष 2024 के परीक्षा फार्म भरने की तिथि सामान्य शुल्क के साथ 10 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक निर्धारित है। इसके पश्चात विद्यार्थी विलंब शुल्क के साथ 01 नवम्बर से 15 नवम्बर तक आवेदन कर सकेंगे।

स्वाध्यायी मुख्य एवं अवसर परीक्षा से संबंधित परीक्षार्थी शासकीय एवं अशासकीय अग्रेषण संस्थाओं के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा फार्म भर सकते हैं। विस्तृत जानकारी मंडल की वेबसाईट www.cgbse.nic.in पर उपलब्ध है।

## आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद से निगरानी दलों ने 38.35 करोड़ की नगदी और वस्तुएं की जब्त

**रायपुर**, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्य में विधानसभा आम निर्वाचन–2023 के लिए आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से 29 अक्टूबर तक की स्थिति में 38 करोड़ 34 लाख रुपए से अधिक की अवैध धन राशि तथा वस्तुएं जब्त की गई हैं। इनमें दस करोड़ 11 लाख रुपए की नगद राशि भी शामिल हैं।

■ 1 करोड़ से अधिक की नगद राशि और 9 लाख से अधिक की शराब की जब्ती

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों (इन्फोर्समेंट एजेंसीज) द्वारा निगरानी के दौरान विगत 29 अक्टूबर तक 30 हजार 840 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 90 लाख 87 हजार 532 रुपए है। सघन जाँच अभियान के दौरान 14 करोड़ 82 लाख 76 हजार रुपए कीमत के 184 किलोग्राम से अधिक कीमती आभूषण तथा रत्न भी जब्त किए गए हैं। इनके अतिरिक्त अन्य सामग्रियां जिनकी कीमत नौ करोड़ 50 लाख रुपए से अधिक है, भी जब्त की गई हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने विधानसभा आम निर्वाचन–2023 के दौरान कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही किए जाने के संबंध में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा–निर्देशों के परिपालन में राज्य में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से धन और वस्तुओं के अवैध परिवहन तथा संग्रहण पर कड़ी नजर रखी जा रही है। प्रदेश में लागू आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत निगरानी दलों द्वारा सघन जाँच की कार्यवाही लगातार जारी है।

### शिवसेना विधायकों की अयोग्यता का मामला

## विधानसभा अध्यक्ष 31 दिसंबर तक करें निपटारा

**नई दिल्ली**, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर से कहा कि वह अपने समक्ष लंबित मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित शिवसेना विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता संबंधी याचिकाओं पर 31 दिसंबर 2023 तक अंतिम आदेश पारित करें। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने विधानसभा अध्यक्ष को और समय देने से इनकार करते हुए कहा कि दसवीं अनुसूची (दल–बदल विरोधी कानून) के तहत कार्यवाही में देरी के लिए प्रक्रियात्मक उलझनों की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। पीठ ने उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और आठ अन्य सहित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से संबंधित लंबित अयोग्यता याचिकाओं पर भी निर्णय लेने के लिए 31 जनवरी 2024 की समय सीमा तय की।



■ महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को सुप्रीम कोर्ट ने दिए निर्देश
■ एनसीपी की याचिका पर 31 जनवरी तक करें फैसला

**पहले भी शीघ्र फैसला लेने को कहा था**–शीर्ष अदालत ने कहा कि वह उद्धव ठाकरे की शिवसेना और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) द्वारा अलग अलग दायर याचिकाओं पर अगली सुनवाई जनवरी के पहले सप्ताह में करेगी। पीठ ने 17 अक्टूबर की सुनवाई के दौरान विधानसभा अध्यक्ष से शिवसेना के कुछ विधायकों की अयोग्यता संबंधित याचिकाओं पर निर्णय लेने के लिए

### सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली शराब नीति कथित घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एस वीएन भट्टी की पीठ ने श्री सिसोदिया की दलीलें खारिज करते हुए उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया। पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 17 अक्टूबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## पीएम मोदी की दुर्ग में चुनावी सभा 4 नवंबर को

**दुर्ग**, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के संदर्भ में दुर्ग संभाग के भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 4 नवंबर को सुबह साढ़े 10 बजे रविशंकर स्टेडियम में आयोजित भाजपा की विशाल चुनावी सभा को संबोधित करेगें। मंच पर प्रधानमंत्री श्री मोदी के साथ केन्द्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया, छत्तीसगढ़ प्रभारी ओम प्रकाश माथुर, नितिन नवीन, डॉ. रमन सिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरूण साव, नेता प्रतिपक्ष नरेन्द्र चंदेल, राज्यसभा सांसद डॉ. सरोज पाण्डेय, सांसद एवं प्रत्याशी विजय बघेल, तथा दुर्ग संभाग के सभी भाजपा प्रत्याशी उपस्थित रहेगें।



प्रधानमंत्री की सभा की व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 4 नवंबर को प्रस्तावित चुनावी सभा की तैयारियां देखने आज कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक के साथ ही जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, महामंत्री सुरेन्द्र कौशिक, राजेन्द्र पाध्ये, एवं अन्य पदाधिकारी ने रविशंकर स्टेडियम का निरीक्षण किया। ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दिया जवाब

## लोगों को चुनावी चंदे का स्रोत जानने का अधिकार नहीं

**नई दिल्ली**, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजनीतिक दलों को चंदे के लिए चुनावी बॉन्ड की याचिका पर सुनवाई से पहले अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी वेंकटरमणी ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि पब्लिक को इन फंड का स्रोत जानने का संविधान ने मौलिक अधिकार प्रदान नहीं किया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच–न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष 31 अक्टूबर की सुनवाई से पहले वेंकटरमणी ने कहा यह योजना किसी भी व्यक्ति के किसी भी मौजूदा अधिकार का उल्लंघन नहीं करती है। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि न्यायिक समीक्षा बेहतर या अलग उपाय सुझाने के उद्देश्य से राज्य की नीतियों की समीक्षा के बारे में नहीं है। उन्होंने कहा कि 2003 में पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज मामले में सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले में उम्मीदवारों को अपने आपराधिक इतिहास की घोषणा करने का निर्देश दिया गया था ताकि मतदाताओं को एक सूचित विकल्प चुनने में सक्षम बनाया जा सके।

किसी उम्मीदवार के आपराधिक इतिहास को जानने का अधिकार, जो किसी उम्मीदवार की पसंद के लिए उपयोगिता और प्रासंगिक हो सकता है, न तो मौजूदा मामले से तुलना की जा सकती है और न ही कुछ भी और सब कुछ जानने का सामान्य अधिकार हो सकता है। उन्होंने कहा कि चुनावी बॉन्ड पॉलिसी फंड देने वालों की प्राइवेसी का का लाभ देती है।

### हाईकोर्ट में इंडिया गठबंधन पर आयोग का जवाब

## राजनीतिक गठबंधन को नियंत्रित नहीं कर सकते

**नई दिल्ली**, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका पर सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने कहा कि आयोग के पास 'राजनीतिक गठबंधन' को विनियमित करने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। चुनाव आयोग ने 26 सदस्यीय गठबंधन का नाम इंडिया रखे जाने को चुनौती देने वाली एक याचिका पर जवाब दिया। आयोग ने दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि राजनीतिक दलों के गठबंधन को रेगुलेट करने के लिए भारत के संविधान से उसे अधिकार नहीं मिले हैं। चुनाव आयोग ने अपने जवाब में कहा कि उसके पास चुनाव कराने और राजनीतिक दल के रूप में संस्थाओं को पंजीकृत करने की शक्ति है। हालांकि, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम या भारतीय संविधान के तहत 'राजनीतिक गठबंधन' को 'विनियमित संस्थाओं' के रूप में मान्यता नहीं दी जाती है। अदालत के सवाल पर निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया कि उसका उत्तर उसकी भूमिका तक ही सीमित है। आयोग ने कहा कि उसके जवाब 'संक्षिप्त नाम इंडिया के उपयोग की वैधता पर उसकी 'अभिव्यक्ति' के रूप में नहीं माना जा सकता है।

### डाटा लीक रिपोर्ट में मिली जानकारी

## 81.5 करोड़ भारतीयों की निजी जानकारी डार्क वेब तक पहुंची

**नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। बड़े पैमाने पर डेटा उल्लंघन में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के लीक डाटा से 81.5 करोड़ से अधिक देशवासियों के विवरण डार्क वेब पर महज कुछ पैसों में आसानी से उपलब्ध हैं।**

*एक रिपोर्ट के अनुसार, इसमें नाम, फ़ोन नंबर और पते के साथ आधार और पासपोर्ट विवरण जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां भी शामिल हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए, आईसीएमआर द्वारा शिकायत दर्ज करने के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से घटना की जांच करने की उम्मीद है।*

*यूएस–आधारित साइबर सुरक्षा और खुफिया फर्म रिसिक्योरिटी द्वारा देखे गए डेटा उल्लंघन में उल्लेख किया गया है कि 9 अक्टूबर को, पीडब्ल्यूएन0001 उपनाम से जाने जाने वाले एक असामाजिक तत्व ने ब्रीच फ़ोरम पर एक थ्रेड पोस्ट किया था जिसमें 81.5 करोड़ भारतीय नागरिकों के आधार और पासपोर्ट रिकॉर्ड तक पहुंच की दलाली की गई थी इसके अलावा, साइबर सुरक्षा विश्लेषकों को लीक हुए नमूनों में से एक मिला जिसमें भारतीय निवासियों से संबंधित पीआईआई (व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी) के एक लाख रिकॉर्ड थे। इस नमूना लीक में, विश्लेषकों ने वैध आधार कार्ड आईडी की पहचान की, जिनकी पुष्टि एक सरकारी पोर्टल के माध्यम से की गई जो सत्यापित आधार सुविधा प्रदान करता है। विश्लेषक धमकी देने वाले से संपर्क करने में भी कामयाब रहे और उन्हें पता चला कि वे पूरे आधार और भारतीय पासपोर्ट डेटासेट को 80,000 डॉलर (66 लाख रुपये से अधिक) में बेचने के इच्छुक थे।*

*हालांकि, असामाजिक तत?व ने यह बताने से इनकार कर दिया कि उन्हें डेटा कैसे प्राप्त हुआ। पिछले महीने, साइबर सुरक्षा शोधकर्ताओं ने पाया कि झारखंड में आयुष मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट में सेंध लग गई थी, जिससे 3.2 लाख से अधिक मरीजों के रिकॉर्ड डार्क वेब पर उजागर हो गए थे। साइबर सुरक्षा कंपनी क्लाउडएसईके के अनुसार, वेबसाइट का डेटाबेस, जो 7.3 एमबी का है, मरीज़ों के रिकॉर्ड रखता है जिसमें पीआईआई और चिकित्सा निदान शामिल हैं। लीक डेटा में डॉक्टरों के बारे में संवेदनशील जानकारी भी शामिल है, जिसमें उनकी पीआईआई, लॉगिन क्रेडेंशियल, यूजर नेम, पासवर्ड और फोन नंबर शामिल हैं। डेटा उल्लंघन की शुरुआत तनाका नामक एक असामाजिक तत्व द्वारा की गई थी।*

■ डार्क वेब पर महज कुछ पैसों में आसानी से डाटा है उपलब्ध

# शिकार में एक नही बल्कि तीन जंगली सुअर व एक भालू की हुई थी मौत

## वन अमला ने चौथा आरोपी को भी धरदबोचा करंट प्रवाहित तार लगा कर किया गया था शिकार



**रायगढ़** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। लगभग पांच दिन पहले बंगुरसिया सर्किल के नवागांव में शिकारियों ने करंट लगा कर जंगली सुअर का शिकार किया था। जिसमे एक नही बल्कि तीन जंगली सुअर और एक भालू की मौत हो गई थी। शिकार की सूचना तो मिली, पर यह पता नही चला था कि इस शिकार में एक भालू की भी मौत हुई है। वन अमला ने मामले में जांच शुरू की और तीन आरोपियों को जंगली सुअर के शिकार मामले में पकड़ लिया, लेकिन जांच में जब पता चला की इस शिकार में एक भालू की भी मौत हुई है तो विभाग के अधिकारी भी सकते में आ गए। इसके बाद मामले जांच करते हुए एक और आरोपी को वन अमला ने गिरफ्तार कर लिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक रायगढ़ वन परिक्षेत्र के बंगुरसिया सर्किल के नवागांव जंगल में करीब पांच दिन पहले शिकारियों ने करंट लगा कर जंगली सुअर का शिकार किया था। इसके बाद जब जंगली सुअर पकाने की तैयारी की जा रही थी। तब तक मामले की सूचना वन अमला को लग गई। इसके बाद मामले में तीन आरोपी नवागांव का रहने वाले मनोज राठिया, विद्याधर राठिया, देव नारायण राठिया को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में यह पता चला की और भी शिकारी इस घटना में शामिल हैं। ऐसे में पूछताछ में एक आरोपी फूल सिंह राठिया का नाम सामने आया और यह भी पता चला की इस करंट में तीन जंगली सुअर के साथ एक भालू की भी करंट से मौत हुई थी। ऐसे में विभाग के अधिकारी भी सकते में आ गए। इसके बाद तत्काल वन अमला ने चैथे आरोपी को धरदबोचा और भालू को जिस कुंए में फेंका गया था। वहां पहुंच कर उसे बाहर निकाला गया। पोस्टमार्टम के बाद उसका अंतिम संस्कार कर मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### चार वन्यप्राणियों की मौत से सकते में आया विभाग

मामले का खुलासा होने के बाद विभाग भी सकते में आ गया। क्योंकि एक साथ चार वन्यप्राणियों की मौत हुई थी। जिसमे तीन जंगली सुअर और एक भालू शामिल है। वहीं जानकारों का मानना है की इतने बड़े स्तर पर शिकार हो जाना कहीं न कहीं वन कर्मचारियों की लापरवाही को दर्शाता है।

### पकड़ा गया चैथा आरोपी वन प्रबंधन समिति अध्यक्ष

यही नहीं इस घटना में जो आरोपी शामिल है उसमे फूल सिंह राठिया जो की चैथा आरोपी है वह वन प्रबंधन समिति का अध्यक्ष भी है।बताया जा रहा है कि भालू के शव को एक ऐसे कुंए में फेक दिया गया था, जिससे किसी को पता न चले। हालांकि जांच में मामले का खुलासा हो गया और चैथे शिकारी को भी वन अमला ने धरदबोचा।

## बिलासपुर-उसलापुर फ्लाईओवर अस्थायी रूप से बंद

**बिलासपुर** ,30 अक्टूबर (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर रेल मंडल के अन्तर्गत बिलासपुर एवं उसलापुर रेलवे स्टेशनों के बीच (सिरगिट्टी-तारबाहर फाटक) रेलवे फाटक क्रमांक 366 में बिलासपुर-उसलापुर फ्लाईओवर प्रोजेक्ट के अंतर्गत नई लाइन को बिलासपुर यार्ड से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के अंतर्गत दिनांक 01 नवम्बर को रात्री 11.00 बजे से 02 नवम्बर, 2023 को सुबह 04.00 बजे तक रेलवे फाटक अस्थायी रूप से बंद रहेगा। रेलवे फाटक बंद रहने के दौरान सड़क वाहन एवं स्थानीय नागरिकों का आवागमन बिलासपुर यार्ड के पूर्व में स्थित चुहचुहियापारा रोड अंडर ब्रिज एवं हेमूनगर रोड ओवर ब्रिज का उपयोग किया जा सकता है।

## नाम निर्देशन जमा करने का अंतिम दिन
# तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए 57 प्रत्याशियों ने जमा किए नाम निर्देशन पत्र

**अम्बिकापुर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)।विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत सोमवार 30 अक्टूबर को नाम निर्देशन जमा करने का अंतिम दिन रहा। तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 57 प्रत्याशियों ने निर्देशन पत्र जमा किए।

**विधानसभा लुण्ड्रा से 15 प्रत्याशियों ने भरा नामांकन**

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-09 लुण्ड्रा से कुल 15 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा किए। लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र हेतु भारतीय जनता पार्टी से श्री प्रबोध मिंज, हमर राज पार्टी से श्री अनुक प्रताप सिंह टेकाम, इंडियन नेशनल कांग्रेस से डॉ प्रीतम राम, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़(जे) से श्री इसीदोर तिर्की, आम आदमी पार्टी से श्री अलेक्जेण्डर केरकेट्टा एवं श्री राजीव लकड़ा, बहुजन समाज पार्टी से श्री दिलीप सिंह गोंड, इण्डिया ग्रीन्स पार्टी से श्री अफसाना सिंह, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया(मार्क्ससिस्ट) से श्री बलबीर नागेश एवं श्री बाल सिंह आंडिल्य तथा निर्दलीय से श्री चक्रधारी सिंह, श्री लीलाधर, श्रीमती उर्मिला सिंह, श्री प्रमोद मिंज और श्री लोभन राम पैंकरा ने नामांकन पत्र जमा किए।

**विधानसभा अम्बिकापुर से 19 प्रत्याशियों ने भरा नामांकन**

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अंबिकापुर से कुल 19 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा किए। अम्बिकापुर विधानसभा क्षेत्र हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस से श्री टीएस सिंहदेव, भारतीय जनता पार्टी से श्री राजेश अग्रवाल, हमर राज पार्टी से श्री रामनन्दन पैंकरा, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से बालसाय कोर्राम एवं रामकुमार सिंह, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से संतोष विश्वकर्मा, राष्ट्रीय महान गणतंत्र पार्टी से सुजान बिंद, गण सुरक्षा पार्टी एस्तर खलखो, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़(जे) से अब्दुल माजिद तथा निर्दलीय प्रत्याशी में अनिल श्रीवास्तव, मीरा रवि, क्रान्तिकुमार रावत, श्री राकेश कुमार साहू, वसीम अकरम, कृष्ण नन्दन सिंह, सुनील कुमार पलसकर, प्रदीप अग्रवाल, ी मुकेश गोस्वामी, संदीप खलखो नामांकन पत्र जमा किए।

## सार-संक्षेप

### वल्लभ भाई पटेल जयंती आज

**तखतपुर** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम धवईहा में सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती का आयोजन 31 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे किया गया है। यह जानकारी बिसाहू राम कश्यप एवं गौकरण प्रसाद कौशिक ने संयुक्त रूप से दी है।

### शराब के साथ ग्रामीण पकड़ाया

**तखतपुर** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। अवैध रूप से बिक्री हेतू रखे कच्ची महुआ शराब को पुलिस ने जप्त करते हुए आबकारी अधिनियम 34,1, क, ख के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम खपरी रेस्ट हाऊस के पास एक व्यक्ति कच्ची महुआ शराब बिक्री के लिए रखा हुआ है जिस पर पुलिस ने छापा मार कार्यवाही करते हुए सनीत ध्रुव जो मोछ का रहने वाला था जिसके पास से 2 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त करते हुए। आबकारी अधिनियम 34,1, क, ख के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### करवा चौथ व दीपावली पर्व के चलते पूजन सामाग्री व दीपो का सजा बाजार



**बिलासपुर** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। दीपावली पर्व को लगभग 12 दिन ही शेष रह गया है। साथ ही 1 नवम्बर को करवा चौथ का पर्व है ऐसे में पर्व की तैयारियों में लोग जुटे हुए है। करवा चौथ की तैयारियों में महिलाएं खरीददारी कर रही है। वहीं दीपावली पर्व पर विशेष पूजा घरो व प्रतिष्ठानों होती है। साथ ही पर्व में दीपो का विशेष महत्व होता है इसलिए पूजन सामाग्री व दीपो की खरीददारी का बाजार सज चुका है। जहां लोग खरीददारी करने पहुंच रहे है। हालांकि अभी बाजार में रौनक कम है लेकिन जैसे-जैसे पर्व नजदीक आएगा बाजार में रौनक बढ़ेगी ।

### भारत निर्वाचन आयोग ने किया विधानसभा क्षेत्रों के लिए सामान्य व पुलिस प्रेक्षक नियुक्त

**बलरामपुर**, 30 अक्टूबर(देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु जिला बलरामपुर-रामानुजगंज के विधानसभा रामानुजगंज तथा सामरी के लिए पेक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। नियुक्त प्रेक्षकों ने अपनी उपस्थिति जिले में दे दी है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र रामानुजगंज हेतु भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री ताई काये को सामान्य प्रेक्षक के रूप में नियुक्त किया है। श्री काये 2010 बैच के आईएस अधिकारी हैं।

# नाती ने टांगिया से की नानी की नृशंस हत्या

## पेंड्रा थाना के ग्राम कुड़कई में हुई रिश्तो को शर्मसार करने वाली घटना



**गौरेला पेंड्रा मरवाही**, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिस नानी ने अपना कलेजा का टुकड़ा समझ कर पितृहीन नाती को पाल पोस कर बड़ा किया पढ़ाया लिखाया उसी नाती ने बड़ा होने के बाद अपनी नानी की टंगिया मारकर हत्या कर दी ? । हत्यारा नहाती अब पुलिस गिरफ्त में सलाखों के पीछे है। पूरा मामला पेंड्रा थाना क्षेत्र के पेंड्रा से सटे ग्राम कड़कई का है। जहां रहने वाले लगभग 25 वर्षी युवक विकास कश्यप ने अपनी नानी अंबिका बाई कश्यप की टांगिया मार कर हत्या कर दी। पुलिस ने पूरे मामले में आरोपी विकास कश्यप पर हत्या का मामला दर्ज कर मामले की पड़ताल कर रही है। मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे ने बताया कि पेंड्रा थाने के कुड़कई गांव सोमवार 30 अक्टूबर को सुबह एक पारिवारिक विवाद की परिणिति हत्या के रूप में हुई। विवाद में रिश्ते की मर्यादाएं खत्म हुई और 65 साल की एक बुजुर्ग नानी मां अंबिका बाई को उसके ही नाती ने टांगिया से मार कर हत्या कर दी, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की विवेचना शुरू कर दी है फिलहाल हत्या का कोई मुख्य वजह निकल कर सामने नहीं आई है, परंतु आसपास के पड़ोसियों के अनुसार आरोपी विकास कश्यप आए दिन अपनी नानी से हमेशा पैसे को लेकर में विवाद किया करता था अपनी नानी से आए दिन झगड़ा किया करता था आज सुबह-सुबह भी इन्हीं कुछ बात को लेकर विवाद हुआ और विवाद का अंत घर में रखें टांगिया से अपनी नानी पर स्नघांतिक हमला कर लहूलुहान कर दिया मौके पर ही अंबिका बाई की मौत हो गई घटना की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली घटनास्थल पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इस पूरे मामले में हत्या का अपराध दर्ज कर पूरे मामले की विवेचना कर रही है।

### नानी के घर में बचपन से रहता था विकास

ग्रामीणों के अनुसार विकास कश्यप बचपन से ही अपनी नानी के गोद में पला बढ़ा है। विकास के पिता बचपन में ही खत्म हो गए थे तथा उसकी मां ने दूसरा विवाह कर लिया था इसके बाद नानी ने ही विकास को रोजी मजदूरी करके पढ़ाया लिखाया बड़ा किया परिस्थितियों जो भी बनी परंतु इस घटना के सामने के आने के बाद गांव के लोग अत्यंत खेदित महसूस कर रहा है।

# जेसीसीजे के गुलाब राज ने भरा नामांकन

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 30 अक्टूबर ( देशबन्धु )मरवाही विधानसभा क्षेत्र से छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जे के प्रत्याशी गुलाब राज ने हजारों कार्यकर्ताओं के साथ रैली निकालकर नामांकन भरा। जीसीसी कार्यकर्ताओं ने अपने प्रत्याशी गुलाब राज की नामांकन रैली में स्वर्गीय अजीत जोगी की प्रतिमा उनकी ट्राई साइकिल में रखकर अजीत जोगी अमर रहे के नारों के साथ माहौल गर्मा दिया। नामांकन भरने के बाद जोगी बंगले में एक बड़ी आमसभा भी हुई जिसमें नेताओं ने अपने उद्बोधन से कार्यकर्ताओं में उत्साह भर दिया।



नामांकन के आखरी दिन मरवाही विधानसभा क्षेत्र से छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जोगी पार्टी के प्रत्याशी गुलाब राज ने नामांकन भरा। हजारों जोगी समर्थकों ने तहसील चौक गौरेला स्थित जोगी बंगले से विशाल नामांकन रैली निकाली। जोगी समर्थकों ने स्वर्गीय अजीत जोगी की फोटो उनकी ट्राई साइकिल में रखकर आगे आगे लेकर चल रहे थे तथा अजीत जोगी अमर रहे के नारे लगाते हुए अपने प्रत्याशी गुलाब राज को लेकर ज्योति पुर स्थित स्वर्गीय अजीत जोगी की समाधि पहुंचे और वहां पार्टी कार्यकर्ताओं के नारों के बीच प्रत्याशी गुलाब राज ने स्वर्गीय अजीत जोगी का आशीर्वाद पुष्पांजलि अर्पित करके लिया ? । रैली में जोगी समर्थकों ने अपने प्रत्याशी को लेकर जबरदस्त उत्साह प्रदर्शित किया तथा जिताने का संकल्प लिया। इसके बाद नामांकन रैली पावर हाउस चौक पहुंची जहां से प्रत्याशी गुलाब राज एवं कुछ नेताओं के साथ उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन प्रस्तुत किया। जीसीजे प्रत्याशी गुलाब राज के नामांकन रैली में जोगी समर्थकों में मुख्य रूप से सीजे सी जे के गौरेला पेंड्रा मरवाही के अध्यक्ष राम शंकर राय, सुनील गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पुष्पेश्वरी अर्जुन सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अध्यक्ष रामनिवास तिवारी, वरिष्ठ जेसीसी नेता जगदंबा प्रसाद अग्रवाल, जीसीसी के वरिष्ठ नेता गुड्डा नगाइच, गणेश जायसवाल, अशोक साहू,ओमप्रकाश जायसवाल निर्माण जायसवाल,ओंकार प्रसाद सोनी, सुनील विनय चौबे, पार्टी के वरिष्ठ नेता दयाराम पाव, वरिष्ठ नेता मनोज साहू, दिलीप साहू, गुजरूप सिंह सलाम, गुलाब सिंह आर्मो ,मुद्रिका सिंह , नारायण आर्मो, बलदेव सरपंच जयलाल जोगीसार , वीरेंद्र सिंह बस्ती बगरा, लखन तवर , धीर सिंह वाकरे, चेन सिंह सरोता, मुन्ना नागेश, कुशाल उरेति , अमृत सिंह श्याम डोगरिया ,सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रेलवे बॉक्सिंग प्रतियोगिता का समापन

**बिलासपुर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)।77वीं पुरुष एवं 16वीं महिला अखिल भारतीय रेलवे बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 27 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ के बॉक्सिंग स्टेडियम बिलासपुर में आयोजित की गई थी जिसमें कुल मिलाकर 222 खिलाड़ियों एवं ऑफिशल ने भाग लिया । इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने बिलासपुर रेलवे में आकर अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा 52 ऑफिशल की नियुक्ति की गई थी जिन्होंने खेल को सुचारू रूप से चलाया ।प्रतियोगिता में विभिन्न रेलवे के द्रोणाचार्य अर्जुनवाड़ी एवं कई ओलंपियन इस प्रतियोगिता में उपस्थित हुए । आज दिनांक 30 अक्टूबर को अखिल भारतीय बॉक्सिंग रेल प्रतियोगिता का समापन समारोह सायं 4.30 बजे आयोजित किया गया गया ।

# क्या ओपी के खिलाफ भाजपा के ही लोग कर रहे दुष्प्रचार!

## विधानसभा चुनाव की महत्वपूर्ण जानकारियां भी देने से किया जा रहा किनारा

**रायगढ़** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायगढ़ विधानसभा सीट से चुनाव लड रहे पूर्व आईएएस अधिकारी ओपी चैधरी को लेकर जहां धीरे-धीरे माहौल बनते जा रहा है वहीं भाजपा के भीतर ही इस बात को लेकर डर बैठ गया हैं कि कहीं ओपी चैधरी जीत जाते हैं तो उनकी पहचान खतरे में पड़ जाएगी। यह हम नही कह रहे हैं बल्कि भाजपा के कुछ बड़े पदाधिकारियों की हरकत बता रही है कि चुनाव प्रचार में ओपी को कहीं फायदा न पहुंच जाये वो महत्वपूर्ण जानकारियां पत्रकारों से लेकर जानकारों तक देने में परहेज किया जा रहा है। कल ओपी चैधरी सहित जिले के धरमजयगढ़ खरसिया, लैलूंगा, प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किया जाना है और यह भी जानकारी मिली है कि नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान की उपस्थिति रहेगी इसलिये वे कल रायगढ़ आ रहे हैं पर यह जानकारी किसी भी पत्रकार को भाजपा की तरफ से नही दी गई है।

### शुरूआत से की जा रही बड़ी लापरवाही

जिला भाजपा के भीतर चल रहे घमासान का एक और बड़ा उदाहरण यह भी है कि चुनाव प्रचार में निकलने के दौरान भाजपा प्रत्याशी ओपी चैधरी के पीछे भाजपा के वो बड़े नेता नदारद रहते हैं जिन्होंने टिकट के लिये लंबी जद्दोजहद की थी। उनके अरमानों पर पानी फिर जाने के बाद वे अब धीरे-धीरे इस बात की प्लानिंग कर रहे हैं कि ओपी चैधरी के खिलाफ अंदर ही अंदर लामबंदी करके उनको नुकसान कर सकें चूंकि अगर ओपी चैधरी रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीत जाते हैं तो उनकी राजनीति खतरे में है। जानकार सूत्र यह भी बताते हैं कि टिकट मांगने वालों में से अधिकांश वे लोग भी है जिन्होंने पार्टी के एक बड़े पदाधिकारी के कहसे से कुछ को विधानसभा टिकट का दावेदार बताते हुए अपना माहौल बना लिया था और अचानक ओपी चैधरी को टिकट दिये जाने के बाद उनकी राजनीति चमकते-चमकते रह गई। भाजपा की अनुदनी लड़ाई यह भी बताती है कि शहर के भीतर का भाजपा कार्यालय लोकसभा चुनाव की तैयारी के नाम पर लगभग अलग कर दिया गया है और वहीं ओपी चैधरी के द्वारा किराये पर लिये गए खुद के किराये में उन लोगों ने नजर जमा ली है जो ओपी चैधरी के खास होनें के साथ-साथ उन्हें जीताने के लिये आते हैं और ऐसे लोगों पर लगातार नजर रखते हुए भाजपा के भीतरीघाती अपनी रणनीति बनाने में लगे हुए हैं।

### ओपी भी लगातार बरत रहे हैं सावधानी

ऐसा नही है कि भाजपा के भीतर के लड़ाई की जानकारी ओपी चैधरी को नही है उन्होंने ने भी अपने स्तर पर रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र से जीत के लिये रणनीति बना ली है जिसमें वे लगभग सफल भी हो रहे हैं और युवाओं के बीच उनकी पैंठ से कांग्रेस के साथ-साथ भाजपा नेताओं के भी पेट में दर्द होनें लगा है। अपनी खुद की इमेज व नई रणनीति के तहत चुनावी मैदान में उतरे ओपी चैधरी के पीछे एक ऐसी टीम काम कर रही है जिसको लेकर भाजपा के वो चेहरे उतर गए हैं जो अपने आपको पार्टी का कर्ताधर्ता मानते थे इतना ही नही उनको इस बात का गुमान था कि उन्हें पार्टी के भीतर विधानसभा चुनाव में बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती थी और उसका फायदा वे खुद के लिये उठाने के लिये भी तैयार थे और अचानक सब कुछ बदल जाने से उनके निराश व लटके चेहरे बताते हैं कि वे ओपी चैधरी के बढ़ते कद से भारी परेशान है।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

### 17.5 लाख लोगों को आवास देने ...

माफ कर दिया तो बीजेपी नेताओं के पेट में दर्द होने लगता है। केंद्र भले पैसा न दे, हम आवास दे कर रहेंगे-मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि हमने 17।5 लाख लोगों को आवास देने का वादा किया है, जिसे पूरा करके रहेंगे। आवास के लिए केंद्र सरकार पैसा दे या न दे। हमने साढ़े सात लाख गरीबों को आवास के लिए पहली किस्त जारी कर दी है। मोदी ने चावल खरीदना बंद कर दिया था-मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि वैश्विक महामारी में प्रधानमंत्री मोदी ने सरकारी कर्मचारियों की तनख्वाह में कटौती कर दी, दो साल तक सांसद निधि बंद कर दी। लेकिन छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार ने न विधायक निधि बंद की और न ही किसी की तनख्वाह में कटौती की। उस दौर में भी हमने किसानों से 19 सौ रूपये में धान खरीदा और मोदी जी ने हमसे चावल लेना बंद कर दिया। हमारी सरकार ने घाटा सह कर बाजार में 13 सौ से 14 सौ धान बेचा लेकिन किसानों को घाटा नहीं होने दिया। कोरोना संकट के समय में हमने तीन महीने का राशन एडवांस में जरूरतमंदों को पहुंचाया। 26 लाख लोगों को मनरेगा से काम दिया। आम, इमली, तेंदूपत्ता खरीदने की व्यवस्था की। कांग्रेस पूरे करेगी वादे-मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि कांग्रेस ने जो वादे किए हैं उसे पूरा करेगी। भूमिहीन मजदूरों को 10 रुपये सालाना, किसानों की कर्ज माफी, तेंदूपत्ता संग्राहकों को 4 हजार रुपये सालाना, लघु वनोपज की एमएसपी पर 10 रुपये की वृद्धि, केजी से पीजी तक नि:शुल्क शिक्षा, 17।5 लाख परिवारों को आवास, 10 लाख रुपये तक इलाज का वादा कांग्रेस ने किया है।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ...

कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे । उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत एवं दुर्ग जिले की सभी 6 विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी दुर्ग ग्रामीण से ताम्रध्वज साहू, दुर्ग शहर से अरूण वोरा, भिलाई नगर से देवेन्द्र यादव, वैशाली नगर से मुकेश चंद्राकर, अहिवारा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी निर्मल कोसरे भी थे। मुख्यमंत्री काफी प्रफुल्लित व आत्मविश्वास से लबरेज थे। वे सीधे निर्वाचन कार्यालय पहुंचे। उनके साथ उनकी सभी 6 प्रस्तावक, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय साहू, अधिवक्तागण थे। सोंटा मारने वाले साथ में : आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को प्रतिवर्ष गौरा गौरी पूजा के दौरान उनके हाथों में सोंटा मारने वाले ग्राम जांजगिरी निवासी वीरेन्द्र ठाकुर भी थे। श्री ठाकुर नामांकन में श्री बघेल के पहले प्रस्तावक थे। पहले मुख्यमंत्री श्री बघेल के हाथों में यह सोंटा वीरेन्द्र ठाकुर के पिता भरोसा ठाकुर मारा करते थे। उनके निधन के बाद विगत अनेक वर्षो से यह दस्तूर वीरेन्द्र ठाकुर निभा रहे है। आज वे भी भूपेश बघेल के साथ उनकी गाड़ी में थे। पत्नी ने तिलक लगाकर मुंह मीठा कराकर किया शगुन : आज नामांकन दाखिल करने से पहले सीएम बघेल ने प्रतिदिन की तरह अपने पूजा घर में पूजा की। इसके उपरांत तैयार होकर नामांकन के लिये कलेक्ट्रेट रवाना होने से पहले उनकी पत्नी मुक्तेश्वरी बघेल ने उन्हें तिलक लगाकर आरती उतारकर मुंह मीठा किया तथा गुलाब का एक फूल भेंट किया। सभी 6 कांग्रेस प्रत्याशियों ने भरा नामांकन : आज नामांकन भरने की अंतिम तारीख थी। अरूण वोरा दुर्ग शहर, ताम्रध्वज साहू दुर्ग ग्रामीण, देवेन्द्र यादव भिलाई नगर, मुकेश चंद्राकर वैशाली नगर, एवं निर्मल कोसरे अहिवारा ने अपने अपने नामांकन पत्र के आखिरी सेट जमा किया। ये सभी तीन तीन सेट पूर्व में ही जमा कर दिये थे। राजनीतिक गुरू को किया याद : दुर्ग शहर में प्रवेश करने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सबसे पहले अपने राजनीतिक गुरू वासुदेव चंद्राकर की 15 वीं पुण्यतिथि पर मालवीय नगर स्थित प्रतिमा स्थल पहुंचे। उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत भी थे। यहां सभी ने दाऊ चंद्राकर की प्रतिमा पर पुष्पांजली अर्पित की। इसी समय यहां कांग्रेस के अन्य प्रत्याशीगण ताम्रध्वज साहू, देवेन्द्र यादव, मुकेश चंद्राकर, निर्मल कोसरे भी पहुंच गये। विधायक अरूण वोरा इससे पूर्व अपने पिता मोतीलाल वोरा के प्रतिमास्थल पर गये। श्री वोरा को प्रणाम करने के बाद वे मुख्यमंत्री के काफिले के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। कांग्रेस प्रत्याशी के सैकड़ों समर्थक अलग अलग साधनों से तिरंगा हाथ में लेकर पहुंचे थे। नारेबाजी भी कर रहे थे। ढोल ढमाके, बाजे गाजे फटाके इत्यादि नहीं फोड़े गये। पूरा कार्यक्रम सादगीपूर्ण रहा। मुख्यमंत्री लगभग आधा घंटे निर्वाचन अधिकारी के कक्ष में रूके और प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद बाहर आ गये।

### कांग्रेस का किला है दुर्ग ...

श्री बघेल ने कहा कि वे पिछले के पिछले बार भाजपा वाले गलती से यहां आ गये थे। अब इस अभेध गढ़ को भेद पाना किसी के लिये आसान नहीं है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का जनता से वादा करने के लिये भाजपा के पास एक भी वादा नहीं है। जनता भी समझ गई है कि भाजपा कोई भी वादा निभाती नहीं है। उन्होंने भाजपा की वादा खिलाफी के कुछ उदाहरण भी पेश किये। साथ ही अपने कार्यकाल की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। इसके साथ ही उन्होंने पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर अपनी व अपने सरकार के विजन को भी पेश किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार और उन्होंने जनता से जो वादा किया था उसे निभाया है। उसी के भरोसे पर वे कह रहे है कि प्रदेश में अगली सरकार भी कांग्रेस ही बनायेगी। पत्रकारों से संछिप्त चर्चा करने के बाद ही वे कांग्रेस प्रत्याशियों के साथ कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की सभा में शामिल होने के लिये जालबांधा के लिये रवाना हो गये। इस मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेस के वरिष्ठ व कनिष्ठ नेता, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अमित जोगी ने पाटन से ...

चाहता हूं जो पाटन की धरती से ही संभव है। आज दोपहर लगभग 2.30 बजे अमित जोगी अपने कतिपय कार्यकर्ताओं जहीर खान, डी.प्रकाश, सहित लगभग दर्जनभर से ज्यादा लोगों को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में एकाएक दाखिल हुए तो सनसनी फैल गई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के इस परिसर से निकलने के बाद लगभग सन्नाटें जैसी स्थिति थी तभी इस सन्नाटे को भेदते हुए अमित जोगी ने प्रवेश किया। वे सीधे रिटर्निंग चेम्बर की ओर गये। इस बीच पत्रकारों ने कयास लगाना शुरू कर दिया किसका नामांकन भराने पहुंचे है तभी खबर मिली कि अमित जोगी स्वयं नामांकन भरने पहुंचे है। वे पाटन विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेगें। कुछ ही देर बाद अमित जोगी मीडिया सेंटर पहुंचे और पत्रकारों ने सवालों की झड़ी लगा दी। उन्होंने कहा पाटन में विगत कई चुनाव से चाचा भतीजे के बीच फिक्सिंग मैच की तरह चुनाव लड़ा जा रहा है। असली चुनाव तो अब होगा और दाऊ परिवार के दो प्रत्याशियों से पाटन की गरीब अनुसूचित जाति जनजाति अति पिछड़ा वर्ग के लोग अपने अधिकारों के लिये चुनाव लड़ेगे मैं तो इसमें केवल एक प्रतीक हूं। उन्होंने बताया कि वे पिछले काफी समय से पाटन क्षेत्र का दौरा कर वहां के मिजाज को टोह ले रहे थे। पिछले एक माह में तीन आम सभाएं भी की है। उल्लेखनीय है कि शुरूआत में जोगी कांग्रेस से पाटन क्षेत्र से शीतकरण महलवार को प्रत्याशी घोषित किया था। उन्होंने नामांकन भी भर दिया था। आज अचानक इस चुनावी समर में अमित जोगी ने एंट्री मारकर सबको चौंका दिया है।

### पीएम मोदी की दुर्ग में ...

इसके साथ ही सभा स्थल स्टेडियम में टेंट लगाने व मंच निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के आगमन की सूचना से न सिर्फ भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम मतदाताओं में भी काफी उत्साह है। स्टेडियम में 50 हजार लोगों से ज्यादा की भीड़ आने की उम्मीद की जा रही है। उसी के अनुसार डोम बनाये जा रहे है। इस संबंध में भाजपा नेता राजेन्द्र पाध्ये ने बताया कि सभा में संभाग के सभी विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों को भी उपस्थित रहने कहा गया है। उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में 7 नवंबर को मतदान होना है। श्री मोदी के उद्बोधन का असर राजनांदगांव, कवर्धा खैरागढ़ जिले के विधानसभा क्षेत्रों में भी पड़ेगा। सुरक्षी की दृष्टि से भी व्यापक प्रबंध किये जा रहे है। जिला कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा, पुलिस अधीक्षक रामगोपाल गर्ग ने अपनी टीम व भाजपा नेताओं के साथ श्री मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण किया व आवश्यक निर्देश दिये।

**न्यायालय अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण रायपुर ( छ.ग. )**

प्रकरण क्रमांक 860/2022
प्रोसेस क्रमांक ..........
पेशी दिनांक 24.11.2023
पितउ जयसवाल व अन्य — आवेदक
विरूद्ध
घनश्याम साहू — अनावेदकगण
बनाम,

मेसर्स सिद्धी विनायक कन्स्ट्रक्शन द्वारा प्रभारी अधिकारी/सक्षम अधिकारी मसेर्स सिद्धी विनायक कन्स्ट्रक्शन 26 सूर्या विहार होण्डा शोरूम के पीछे राष्ट्रीय राजमार्ग 200 पेण्ड्रीरोड मोड बिलासपुर, जिला बिलासपुर ( छ.ग. )

घनश्याम साहू ने आपके विरूद्ध दावा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 166 मोटर यान अधिनियम के तहत कुल रूपये 21,50,000/- ऐक्किस लाख पचास हजार 24.11.2023 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात या उपस्थित होने के लिये समंस जारी किया जाता है।

अत: आपको इस समंस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी पक्षकार को कोई आपत्ति है तो आप इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा नियत पेशी दिनांक 24.11.2023 को उपस्थित हो जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। अधिकरण में आपकी उपसंजाति के लिये जो दिन नियत किया जाता है कि इस वाद के अंतिम निपटारे के लिये नियत दिन है इसलिये आपको इस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिए जिनके लिये आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते है।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित की गयी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

नोट-यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

आज दिनांक 25 माह 09 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

मुहर

**अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण रायपुर ( छ.ग. )**

# देश

उवाच

अपने राजनीतिक करियर में मैंने कभी किसी विशेष धर्म से होने के कारण भेदभाव नहीं किया और न ही किसी की मदद की क्योंकि अगर हम ऐसी रणनीति अपनाते हैं तो यह विनाशकारी और कपटपूर्ण साबित हो सकता है।

-गुलाम नबी आजाद,डीपीएपी के अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 33° | 22° |
| मुंबई | 31° | 27° |
| कोलकाता | 28° | 23° |
| चेन्नई | 28° | 27° |

# समाज को बदलने का शिक्षा सबसे प्रभावशाली तंत्र : धनखड़

**गुवाहाटी, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि शिक्षा समाज को बदलने के लिए सबसे प्रभावशाली, स्थायी व परिवर्तनकारी तंत्र है। उन्होंने कहा कि यह असमानताओं को दूर कर सकता है और असमानताओं का मुकाबला कर सकता है। यदि हमारे पास गुणवत्तापूर्ण शिक्षा है, तो अन्य चीजें भी अपने स्थान पर आ जाएंगी। वे सोमवार को यहां रॉयल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और राज्यपाल असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया उपस्थित रहे।

■ **रॉयल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह को किया संबोधित**

उपराष्ट्रपति ने कहा कि मुझे इसमें कोई शंका नहीं है कि शिक्षा ही समाज को बदल सकती है। समाज में बदलाव तब आएगा जब हम नए-नए खोज करेंगे। रिसर्च करेंगे। विकास करेंगे। जब हम आउट ऑफ बॉक्स जाकर सोचेंगे। तभी समाज में परिवर्तन आएगा। उन्होंने 21 सितंबर के दिन को भी याद किया जब संसद ने महिला आरक्षण बिल को पास किया। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आधी आबादी को न्याय मिला। इससे पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सोमवार को सुबह यहां एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए गुवाहाटी पहुंचे। असम के राज्यपास और मुख्यमंत्री ने यहां पहुंचने पर उनका हवाई अड्डे पर स्वागत किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। इस दौरान उपराष्ट्रपति ने विद्यार्थियों को डिग्री और डिप्लोमा दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में पौधा भी लगाया। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, शिक्षा मंत्री रनोज पेगु और कॉटन विश्वविद्यालय के कुलपति रमेश चंद्र डेका भी उपस्थित थे।



**यदि हमारे पास गुणवत्तापूर्ण शिक्षा है तो अन्य चीजें भी अपने स्थान पर आ जाएंगी : जगदीप धनखड़**

## दुनिया में भारत की आवाज बुलंदी पर : उपराष्ट्रपति

जगदीप धनखड़ ने कहा कि जब देश की प्रगति अप्रत्याशित हो जाती है। सपनों से परे होती है। जमीनी हकीकत है। तो चुनौतियां भी हैं। दुनिया में भारत की आवाज बुलंदी पर है। यह बहुत से लोगों के हाजमें के लिए ठीक नहीं है। ऐसा इलाज कीजिए उन लोगों का, जो भारत की प्रगति को पचा नहीं पा रहे हैं। उनको बेचैनी हो जाती है। वो किसी भी हद तक जा सकते हैं। भारत की पवित्र संस्थाओं को कलंकित करने के लिए। मैं हर एक से अपील करना चाहता हूं कि यह हमारी राष्ट्रीय कर्तव्य है कि भारतीयता पर विश्वास करें। भारत के नागरिक होने पर गर्व करें। भारत विरोधियों के खिलाफ उठें। आप में ताकत है, आपमें बुद्धि है, आपमें सोच हैं। आप विवेचन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग तो कुछ भी कह जाते हैं। हमारा पड़ोसी मुल्क हमसे अच्छा है। उस देश के लोग यह बात सुनकर बेहोश हो जाते हैं। कहां आ गए हैं हम। जब राष्ट्र पूरी तरह से अग्रसर है। सही रास्ते पर है। दुनिया सराहना कर रही है। हमने जो भी पाया है, हमारी अचीवमेंट्स प्रेक्टिकल टर्म्स में हैं। हमें पीछे नहीं हटना चाहिए। मुझे विश्वास है, आप उसे कर गुजरेंगे।

## मराठा-आरक्षण कार्यकर्ताओं ने मोदी-शिंदे की तस्वीरों पर पोती कालिख

**कोल्हापुर,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग के समर्थन में सकल मराठा समाज (एसएमएस) के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को राज्य परिवहन की बसों में विज्ञापन बोर्ड पर लगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की तस्वीरों पर कालिख पोत दी। कोल्हापुर जिले के इचलकरंजी शहर के कोल्हापुर नाका में मराठा आरक्षण पर मनोज जारांगे-पाटिल की चल रही अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त करने के लिए एसएमएस कार्यकर्ता आंदोलन कर रहे हैं। आंदोलनकारियों को रोकने की कोशिश कर रही पुलिस के साथ झड़प के दौरान प्रदर्शनकारियों ने दोनों नेताओं की तस्वीरों पर कालिख पोत दी।

इस बीच दिन में जिले के सभी छह कांग्रेस विधायकों ने मराठा आरक्षण मुद्दे पर चल रहे आंदोलन को अपना समर्थन देने की घोषणा की और जिले में निर्धारित अपने सभी राजनीतिक कार्यक्रमों को निलंबित कर दिया। इसकी घोषणा जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतेज पाटिल ने विधायक पीएन पाटिल, राजू आवले और जयश्री जाधव की मौजूदगी में एक संवाददाता सम्मेलन में की।

बता दें कि मराठा आरक्षण आंदोलन के दौरान पिछले 48 घंटों में एमएसआरटीसी की कम से कम 13 बसें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिसमें सोमवार की चार बसें भी शामिल हैं। एक अधिकारी ने बताया कि इसके चलते राज्य संचालित परिवहन निगम ने अपने 250 डिपो में से 30 में परिचालन बंद करने का फैसला लिया है। गत रविवार को नौ बसें क्षतिग्रस्त हो गईं, जिन तीस डिपो पर परिचालन बंद कर दिया गया है, वे महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) के छत्रपति संभाजीनगर डिवीजन में हैं।

# हालात को हल्के से न लें चुनौतियां अभी बरकरार : दिलबाग सिंह

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। पांच सालों के अरसे के बाद जम्मू कश्मीर पुलिस के महानिदेशक दिलबाग सिंह रिटायर होने जा रहे हैं। पिछले एक माह से वे अपने कार्यकाल के दौरान आतंकवाद को जीरो पर पहुंचाने का दावा कर रहे हैं। पर अब उन्होंने रिटायरमेंट के एक दिन पहले यह कह कर सभी को चौंका दिया है कि हालात को हल्के से न लें क्योंकि चुनौतियां जस की तस हैं। आप्रेशन कैपेसिटी बिल्डिंग (आप कैप) के तहत 43 पुलिस स्टेशनों के लिए 160 अत्याधुनिक वाहनों को लांच करने के बाद डीजीपी सिंह ने जेवान में संवाददाओं से बात करते हुए कहा कि पुलिस किसी भी चीज को हल्के में नहीं ले सकती। उन्होंने कहा कि हमें सतर्क रहना होगा क्योंकि खतरा बना हुआ है। यह पूछे जाने पर कि वह किस संदेश के साथ पुलिस बल छोड़ रहे हैं, निवर्तमान डीजीपी ने कहा कि मैं बल नहीं छोड़ रहा हूं। एक पुलिसकर्मी हमेशा एक पुलिसकर्मी होता है।

■ **सेवानिवृत्त से पहले आतंकवाद को जीरो तक पहुंचाने का किया दावा**



मैं 30 वर्षों से बल के साथ हूं और मैं बल के साथ ही बना रहूंगा। जानकारी के लिए डीजीपी सिंह 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं और विशेष डीजी सीआईडी आरआर स्वैन उनकी जगह जम्मू कश्मीर के डीजीपी होंगे।

वह रविवार को श्रीनगर के ईदगाह इलाके में एक पुलिस अधिकारी पर हुए हमले का जिक्र करते हुए कहते थे कि हमारा एक अधिकारी कल क्रिकेट के मैदान में अन्य अधिकारियों के साथ खेल रहा था और उस पर हमला किया गया। डीजीपी दिलबाग सिंह ने कहा कि आपने हमारे द्वारा लांच किए गए वाहनों के काफिले को देखा। कुछ दिन पहले जीरो टेरर प्लान के तहत वाहनों को लांच किया गया था।

## सुरक्षा बल किसी भी स्थिति से निपटने को हमेशा तैयार

डीजीपी ने कहा कि सुरक्षा बल किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हमेशा तैयार हैं। हाल की घुसपैठ की कोशिशों पर डीजीपी ने कहा कि सीमा ग्रिड मजबूत है लेकिन पड़ौसी देश आतंकवादियों को घुसपैठ कराना जारी रखता है। उन्होंने कहा कि हाल ही में, मच्छेल सेक्टर में पांच आतंकवादी मारे गए, जबकि कुपवाड़ा जिले में आज की मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया, जहां आप्रेशन जारी है।

## सार संक्षेप

### कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया और एक आतंकवादी मारा गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने कुपवाड़ा में केरन सेक्टर के जुमुगुंड इलाके में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया गया। पुलिस ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि सेना और पुलिस ने रविवार से जारी संयुक्त अभियान में केरन सेक्टर के जुमागुंड इलाके में घुसपैठ की कोशिश को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया।

### कर्नाटक में दलित नेता की हत्या, पुलिस ने जांच शुरू की

**रायचूर।** कर्नाटक के रायचूर जिले में सोमवार को बदमाशों के एक गिरोह ने एक दलित नेता की हत्या कर दी। मृतक की पहचान 4 वर्षीय प्रसाद के रूप में हुई है। हत्या रायचूर जिले के मानवी तालुक के पास मुदलापुर में हुई थी। हत्यारों ने पीड़ित को उस वक्त रोका जब वह बाइक पर जा रहा था। उस पर धारदार हथियारों से हमला किया। पीड़ित की हथेली कटी हुई थी और उसके पूरे शरीर पर कट के निशान थे। घटना के बाद रायचूर एसपी निखिल ने घटनास्थल का दौरा किया था। सीओ मानवी पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### तेलंगाना में बीआरएस उम्मीदवार घायल

**सिद्दीपेट/तेलंगाना।** तेलंगाना में मेडक से सांसद और दुब्बाका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के उम्मीदवार कोटा प्रभाकर रेड्डी पर दौलताबाद मंडल के सुरमपल्ली गांव में सोमवार को चुनाव प्रचार के दौरान अज्ञात हमलावर ने चाकू से हमला किया। घायल सांसद को तत्काल चिकित्सा के लिए गजवेल अस्पताल ले जाया गया। पार्टी कार्यकर्ता अज्ञात हमलावर को पकड़ने में कामयाब रहे और उसकी पिटाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया। तेलंगाना के राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सुंदरराजन ने रेड्डी पर हुए हमले पर गहन चिंता व्यक्त की है।

### ज्वालागिरी वन क्षेत्र में हाथी की गोली मारकर हत्या

**चेन्नई।** तमिलनाडु के होसुर में कावेरी उत्तरी वन्यजीव अभयारण्य के अंतर्गत आने वाले ज्वालागिरी वन क्षेत्र में एक वन्यजीव हाथी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हाथी के शव की उम्र करीब 15-16 साल बताई जा रही है। हाथी का शव रविवार शाम को वन विभाग की गश्ती टीम को मिला। पोस्टमार्टम से पता चला कि इसकी हत्या करीब दो-तीन दिन पहले गोली मारकर की गई थी। वन विभाग के सूत्रों ने हालांकि, सोमवार को बताया कि हाथी के दांत बरकरार पाए गए। वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# मध्य प्रदेश के एक करोड़ नौजवान बेरोजगार : कांग्रेस

**इंदौर,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। नामांकन जमा करने के अंतिम दिन इंदौर जिले की 9 विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी रैली के साथ नामांकन जमा करने पहुंचे। रैली में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ भी शामिल हुए। उन्होंने मोती तबेला चौराहे पर एक आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भटकते हुए युवा को ठेका या कमीशन नहीं, बल्कि रोजगार और हाथों को काम चाहिए। शिवराज सिंह एक लाख नौजवानों को रोजगार देने की बात करते है लेकिन हकीकत यह है कि प्रदेश का एक करोड़ नौजवान बेरोजगार है। शिवराज की घोषणा की मशीन पांच महीने से डबल स्पीड से चल रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव के अपने मायने है। 40 साल मैने चुनाव लड़े और जीते है। इस बार का विधानसभा चुनाव मध्य प्रदेश के भविष्य का चुनाव है। मध्य प्रदेश की तस्वीर सभी को पता है। शिवराज प्रदेश को ठग रहे है। उन्होंने कहा था कि 33 लाख करोड़ का निवेश आएगा, लेकिन कार्पोरेट घरानों को मध्य प्रदेश पर विश्वास नहीं है।



**युवाओं को ठेका या कमीशन नहीं रोजगार चाहिए**

उन्होंने कहा कि जब मैं मुख्यमंत्री था तो मध्य प्रदेश की छवि बदलने की कोशिश की। हमने तय किया था कि प्रदेश की पहचान माफिया या भ्रष्टाचार से नहीं होगी, लेकिन हमारी सरकार चली गई। कमलनाथ ने कहा कि अब मध्य प्रदेश का हर व्यक्ति भ्रष्टाचार का शिकार है।

## गोवा समुद्री सम्मेलन के चौथे संस्करण में बोले राजनाथ

# हिन्द महासागर में चुनौतियों के समाधान को सहयोग ढांचा जरूरी

**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जलवायु परिवर्तन, समुद्री डकैती, आतंकवाद, मादक पदार्थ तस्करी, अत्यधिक मछली पकड़ने और खुले समुद्र में वाणिज्य की स्वतंत्रता जैसी आम समुद्री चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए हिन्द महासागर क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग ढांचे की स्थापना का आह्वान किया है।

रक्षा मंत्री ने सोमवार को गोवा समुद्री सम्मेलन के चौथे संस्करण में इस बात पर जोर दिया कि क्षेत्र को असुरक्षित बनाने वाले स्वार्थी हितों से बचते हुए सामान्य समुद्री प्राथमिकताओं को पूरा करने की आवश्यकता है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानूनों का सम्मान करने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, खुली और नियम-आधारित समुद्री व्यवस्था हम सभी के लिए प्राथमिकता है। ऐसी समुद्री व्यवस्था में शायद सही है का कोई स्थान नहीं है। अंतरराष्ट्रीय कानूनों और समझौतों का पालन हमारा आदर्श होना चाहिए। हमारे संकीर्ण तात्कालिक हित हमें अच्छी तरह से स्थापित अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन या अवहेलना करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं, लेकिन ऐसा करने से हमारे सभ्य समुद्री संबंध टूट जाएंगे।

हम सभी के सहयोग के वैध समुद्री नियमों का सहयोगपूर्वक पालन करने की प्रतिबद्धता के बिना हमारी साझा सुरक्षा और समृद्धि को संरक्षित नहीं किया जा सकता है। सहयोग को बढ़ावा देने और यह सुनिश्चित करने के लिए निष्पक्ष नियम महत्वपूर्ण हैं कि कोई भी एक देश दूसरों पर आधिपत्य जमाने के तरीके से हावी न हो जाए। जलवायु परिवर्तन के बारे में रक्षा मंत्री ने कहा कि परस्पर सहयोग पर आधारित ढांचे में कार्बन उत्सर्जन को कम करने और टिकाऊ तरीकों में बदलाव के लिए देशों को मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि सभी देश हरित अर्थव्यवस्था में निवेश करके उत्सर्जन में कटौती करने की जिम्मेदारी स्वीकार करें और जरूरतमंद देशों के साथ प्रौद्योगिकी और पूंजी साझा करे तो दुनिया इस समस्या से उबर सकती है। सहयोग पर आधारित ढाँचों को स्थापित करने के बारे में रक्षा मंत्री ने देशों के बीच सहयोग और संसाधनों तथा विशेषज्ञता को साझा करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि अच्छे परिणाम के लिए राष्ट्रों के बीच सहयोग और विश्वास जरूरी होता है लेकिन शत्रुतापूर्ण दुनिया में फायदा उठाने या अकेले कार्य करने के डर से इष्टतम निर्णय नहीं हो सकते हैं।



**स्वतंत्र, खुली व नियम-आधारित समुद्री व्यवस्था हम सभी के लिए प्राथमिकता : राजनाथ सिंह**

## अत्यधिक मछली पकड़ने से समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को बताया खतरा

रक्षामंत्री ने अवैध और अनियमित तरीके से मछली पकड़ने को चुनौती करार देते हुए कहा कि यह संसाधनों का अत्यधिक दोहन है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक मछली पकड़ने से समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र और टिकाऊ मत्स्य पालन को खतरा होता है। यह हमारी आर्थिक सुरक्षा और क्षेत्रीय एवं वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए भी खतरा है। निगरानी डेटा के संकलन और उसे साझा करने के लिए एक बहुराष्ट्रीय सहयोगात्मक प्रयास समय की मांग है। इससे अनियमित या धमकी भरे व्यवहार वाले लोगों की पहचान करने में मदद मिलेगी, जिसका दृढ़ता से मुकाबला करना होगा।

# आंध्र प्रदेश रेल हादसों की जिम्मेवारी कौन लेगा : लालू

**पटना,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। रविवार की देर शाम आंध्र प्रदेश के विजयनगरम में हावड़ा-चेन्नई रूट पर दो हुए रेल हादसे में मरने वाले लोगों को आंकड़ा बढ़ गया है। इस हादसे में अब तक 14 लोगों की मौत हो गई है जबकि 50 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। सभी घायलों को इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। घटनास्थल पर युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य चलाया जा रहा है। उधर, लालू प्रसाद ने केंद्र सरकार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने रेल हादसे को लेकर चिंता जताई है और लगातार हो रहे रेल हादसों को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश की है। लालू ने एक्स पर लिखा कि आंध्र प्रदेश के विजयनगरम में दो ट्रेनों की हुई भीषण टक्कर हृदय विदारक है। दुर्घटना में मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। देश में लगातार हो रहे रेल हादसों की जिम्मेवारी कौन लेगा। हेडलाइन मैनेजमेंट से कितने दिन जान-माल के नुकसान को छुपाएंगे। रिपोर्ट के अनुसार रेलवे भारी घाटे में है। निजीकरण से इन्होंने सब तबाह कर दिया। दरअसल, रविवार की देर शाम विजयनगरम कंटाकपल्ली में पलासा पैसेंजर ट्रेन ने रायगड़ा पैसेंजर ट्रेन को पीछे से टक्कर मार दी थी।



■ **बढ़ते रेल हादसों को लेकर केंद्र सरकार को घेरा**

## लालू ने रेलवे को बेचा : सम्राट चौधरी

**पटना।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने एक बार फिर लालू यादव और नीतीश कुमार पर जमकर भड़ास निकली है। सम्राट चौधरी ने लालू प्रसाद यादव पर रेलवे को बेच डालने का आरोप लगाया तो वहीं जदयू के स्थापना दिवस पर कहा कि यह पार्टी नहीं गैंग है। जेडीयू के आरोपों का जवाब देते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार ने जिस तरह सरकारी तंत्रों का इस्तेमाल किया। पूरे देश में ऐसा कहीं नहीं हुआ है। नीतीश कुमार सता का दुरुपयोग नहीं करें तो जमानत जब्त हो जाएगी। यदि नीतीश कुमार को हिम्मत है तो राष्ट्रपति शासन लागू कर कर चुनाव करा कर देख लें औकात पता चल जाएगा, जो भाषण दे रहे हैं वही सबसे ज्यादा अधिकारियों को इस्तेमाल करते हैं।


## ईडी के समक्ष पेश हुए चट्टोपाध्याय

**कोलकाता,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में निगमों और नगर पालिकाओं में लोगों की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं और घोटाले के आरोप में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी ज्योतिषमान चट्टोपाध्याय सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के समक्ष पेश हुए। साल्ट लेक में सीजीओ कॉम्प्लेक्स की पांचवी मंजिल में स्थित आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने पुष्टि की कि समूह सी, डी श्रेणियों के कथित नियुक्ति घोटाले के धन के लेन-देन की जांच कर रही संघीय जांच एजेंसी के समन के बाद चट्टोपाध्याय को ईडी कार्यालय में प्रवेश करते देखा गया था। आईएएस अधिकारी चट्टोपाध्याय 2017-2019 के बीच नगरपालिका और शहरी विकास विभाग के निदेशक-सचिव थे। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने 17 अक्टूबर को साल्ट लेक स्थित उनके आवासीय फ्लैट की करीब 17 घंटे तक तलाशी ली थी।

# हार के डर से चुनावी क्षेत्र बदलने की फिराक में भाजपाई : जदयू

■ **मजबूत होती विपक्षी एकता से हिले भाजपा के दिग्गज**

**पटना,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और कहा कि अगले लोकसभा चुनाव में हार के डर से भाजपा के कई नेता चुनावी क्षेत्र बदलने की फिराक में हैं। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन ने सोमवार को यहां भाजपा पर चुटकी लेते हुए कहा कि लगातार मजबूत होती विपक्षी एकता और केंद्र सरकार के खिलाफ बढ़ते जनाक्रोश से भाजपा के दिग्गज अंदर से हिल गए हैं। लोगों का कहना है कि भाजपा के कई नेता चुनाव से पहले ही हार मान चुके हैं इसीलिए वह अभी से ही अपना चुनावी क्षेत्र बदलने की फिराक में लग गए हैं। जनता के गुस्से को भांपते हुए उन्हें डर है कि पुरानी सीट पर लड़ने से कहीं उनकी जमानत तक जब्त न हो जाए। रंजन ने कहा कि भाजपा के नेताओं को जनाक्रोश के अलावा अपनी खुद की पार्टी के नेताओं से भी खतरा महसूस हो रहा है। दरअसल खुद को मठाधीश मानने वाले कुछ नेताओं के कारण भाजपा दल से दलदल में तब्दील हो चुकी है। पूरी पार्टी अनेक खेमों में बंटी हुई है।



संगठन के भीतर हर बड़े नेता ने अपना एक अलग संगठन बनाया हुआ है, जो दूसरे नेता का पत्ता काटने में लगा रहता है। भाजपा नेताओं को डर है कि उनकी पार्टी के प्रतिद्वंद्वी भी उनकी हार का एक बड़ा कारण बन सकते हैं। जदयू महासचिव ने कहा कि पार्टी भले ही इन नेताओं के आंतरिक मतभेदों को छुपाने में पसीना बहा रही है लेकिन जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आते जाएंगे इनका मनभेद बढ़ता जाएगा।

**निर्देश** *कावेरी नदी पानी को लेकर सीडब्ल्यूआरसी का कर्नाटक को निर्देश*

# तमिलनाडु को 26 सौ क्यूसेक पानी छोड़ना करें सुनिश्चित

**नई दिल्ली, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। कावेरी नदी के पानी को लेकर तमिलनाडु और कर्नाटक के बीच खींचातानी का खेल जारी है। कावेरी जल विनियमन समिति (सीडब्ल्यूआरसी) की बैठक में पानी को लेकर एक फैसला किया गया है। सीडब्ल्यूआरसी ने सोमवार को जारी अपने बयान में कहा किकर्नाटक को एक नवंबर से 15 नवंबर तक।**

2600 क्यूसेक पानी छोड़ना सुनिश्चित करना होगा। सीडब्ल्यूआरसी ने अपनी 89वीं बैठक के दौरान कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच चल रहे कावेरी नदी जल विवाद में जल आबंटन और कमी के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए। तमाम चर्चाओं के बाद कावेरी जल विनियमन समिति एक निर्णय पर पहुंची। जिसमें कर्नाटक से कहा गया कि बिलिगुंडलू में प्रवाह 2600 क्यूसेक बना रहे। कावेरी एक अंतरराज्यीय बेसिन है, जिसका उद्गम स्थल कर्नाटक है। यह नदी बंगाल की खाड़ी में गिरने से पहले तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी से होकर गुजरती है। इस नदी के पानी के बंटवारे को लेकर कर्नाटक और तमिलनाडु में पुराना विवाद है। कावेरी जल विवाद के निपटारे के लिए ही दो जून 1990 कावेरी जल विवाद अधिकरण की स्थापना की गई थी। कावेरी जल बंटवारे को लेकर कर्नाटक और तमिलनाडु सरकारों के बीच लंबे समय से खींचतान चल रही है। नदी को किसी भी राज्य में लोगों के लिए जीविका के प्रमुख स्रोत के रूप में देखा जाता है।



■ **एक नवंबर से 15 नवंबर तक छोड़ना होगा पानी**

■ **विवाद के निपटारे के लिए सीडब्ल्यूडीटी का किया गया है गठन**

■ **पुराना है दोनों राज्यों के बीच पानी का विवाद**

कावेरी एक अंतरराज्यीय बेसिन है, जिसका उद्गम स्थल कर्नाटक है। यह नदी बंगाल की खाड़ी में गिरने से पहले तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी से होकर गुजरती है। इस नदी के पानी के बंटवारे को लेकर कर्नाटक और तमिलनाडु में पुराना विवाद है। विवाद के निपटारे के लिए ही दो कावेरी जल विवाद अधिकरण की स्थापना की गई थी।

केंद्र ने तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और पुडुचेरी के बीच उनकी व्यक्तिगत जल साझाकरण क्षमताओं के संबंध में विवादों का निपटारा करने के लिए 1990 को कावेरी जल विवाद न्यायाधिकरण का गठन किया है।

देशबन्धु

बिलासपुर, मंगलवार 31 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## केरल विस्फोटों पर सियासत दुर्भाग्यपूर्ण

केरल के एर्नाकुलम जिले के कलामासेरी में रविवार की सुबह ईसाइयों की एक प्रार्थना सभा में 5 मिनटों के भीतर एक के बाद एक हुए तीन बम विस्फोटों से दो महिलाओं की मौत हो गई है और 50 से ज्यादा घायल हुए हैं। इनमें से कुछ की हालत बहुत गम्भीर बतलाई गई है। इन्हें आईसीयू में रखा गया है। तीन दिवसीय प्रार्थना कार्यक्रम के समापन अवसर पर चर्च के कन्वेंशन सेंटर में करीब दो हजार श्रद्धालु उपस्थित थे जब ये विस्फोट हुए। जिस जगह पर धमाके हुए वह येहोवा विटनेस ईसाई समूह का है। जिसने बम विस्फोटों की जिम्मेदारी लेते हुए त्रिशूर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है, वह खुद को इसी समुदाय से सम्बद्ध बतलाता है। हालांकि समुदाय ने उससे अपना पल्ला झाड़ लिया है। उस व्यक्ति के अनुसार यह धार्मिक समुदाय लोगों में विद्वेष फैलाता है तथा केरल के लिये हानिकारक है। इससे व्यथित होकर उसने विस्फोट किये।

शनिवार को मल्लपुरम में फिलिस्तीन के समर्थन में निकाली गई एक रैली के दूसरे दिन ये विस्फोट हुए, जिसे हमास के एक नेता खालिद मशेल ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सम्बोधित किया था। इसलिये बम विस्फोटों को लेकर अब सियासी रंग देने की कोशिशें प्रारम्भ हो गई हैं। कांग्रेसी नेता शशि थरूर ने लोगों से शांति की अपील की है वहीं इस विस्फोट को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पार्टी को ही घेर लिया है। उन्होंने कहा कि 'कांग्रेस बहुत खतरनाक राजनीति कर रही है।' उन्होंने तंज कसते हुए यह भी कहा कि 'यही मोहब्बत की दूकान का असर है।' त्रिवेदी का कहना था कियह देश की सुरक्षा, संवेदनशीलता व सामाजिक सौहार्द्र तीनों के लिए खतरनाक है। भाजपा की सरकार आने से पहले भारत का कोई भी ऐसा कोना नहीं था जहां धमाके नहीं हो रहे थे। आज सारी चीजें नियंत्रित हुई हैं लेकिन ये (कांग्रेस व विपक्षी दल) इस कीमत पर भी राजनीति करने को तैयार हैं। उनके अनुसार, 'मोहब्बत की दुकान की असली तस्वीर यही है।' साथ ही केरल के भाजपा नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री अल्फोंस केजे का कहना है कि 'स्थिति बेहद गंभीर है। मैं लंबे समय से चेतावनी दे रहा हूं कि केरल में दोनों लेफ्ट और राइट आतंकवाद का समर्थन कर रहे हैं। केरल में यह बहुत लंबे समय से हो रहा है। आज केरल आतंकवाद की चपेट में है। इसे रोकना होगा।'

हालांकि त्रिवेदी यह नहीं बतला सके हैं कि इसका कांग्रेस से क्या सम्बन्ध है। खुद केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा है कि घटना के संबंध में विवरण एकत्र किये जा रहे हैं। विस्फोटों के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी विजयन से बात की और राज्य की स्थिति की जानकारी ली। असली बात यह है कि एनआईए और एनएसजी मौके पर पहुंचकर घटना की जांच कर ही रही है तथा उसके बाद भी किसी बात के पुख्ता प्रमाण अभी नहीं है। ऐसे में इसके लिये किसी को दोषी ठहराना अपने आप में गैर जिम्मेदाराना है। इस घटना को लेकर देश के कुछ राज्यों में अलर्ट जारी किया गया है। जाहिर है कि यह बहुत संवेदनशील मुद्दा है। इसे लेकर किसी भी तरह के हल्के या गैर जिम्मेदाराना बयान घातक हो सकते हैं। सभी दलों को चाहिये कि वे न केवल जिम्मेदारी के साथ इस पर बोलें वरन राज्य में शांति और अमन कायम करने की दिशा में भी मिलकर काम करें।

सवाल यह है कि भाजपा नेता क्यों कर इस घटना को लेकर इस तरह का बयान दे रहे हैं? इसका जवाब मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों को देखने पर मिल सकता है। यह विस्फोट ऐसे वक्त पर हुआ है जब देश के 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं और उन सभी में भाजपा की हालत पतली है। कम से कम तीन राज्यों- राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में उसका मुकाबला कांग्रेस से है तो वहीं तेलंगाना में उसे पीछे हटाकर सत्तारुढ़ भारत राष्ट्रीय समिति से मुख्य मुकाबले में कांग्रस ही आ गई है। रहा मिजोरम, तो वहां भी भाजपा की स्थिति सबसे फिसड्डी है। कांग्रेस अपने चुनावी अभियानों में जमीनी मुद्दों को लेकर सामने आई है। उसका फोकस न्याय योजनाओं तथा सशक्तिकरण पर है तो वहीं भाजपा के पास विकास सम्बन्धी कोई मुद्दे नहीं हैं जिसे लेकर वह जनता के सामने जाये। अब भी वह कांग्रेस तथा प्रतिपक्षी दलों पर भ्रष्टाचार के नाम पर केन्द्रीय जांच एजेंसियों के छापे डलवाकर चुनाव जीतना चाहती है। इसके अलावा वह सामाजिक ध्रुवीकरण के ही सहारे टिकी हुई है। चुनावी राज्यों में उसका एजेंडा साम्प्रदायिकता फैलाकर बहुसंख्यक वोटों को अपनी झोली में डालना है। हालांकि जिस प्रकार से इन सभी राज्यों में कांग्रेस की आंधी चल रही है, उससे भाजपा के मुद्दों को जनता की ओर से कोई तवज्जो नहीं मिल रही है।


केरल हमेशा से ही भाजपा की आंखों की किरकिरी बना हुआ है क्योंकि वहां वाम लोकतांत्रिक मोर्चा की सरकार है। 2019 के लोकसभा चुनाव में किसी भी भाजपायी उम्मीदवार को सफलता नहीं मिली थी। इस बार लोकसभा चुनावों के लिये जो संयुक्त विपक्ष बना है उसमें भी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी व कांग्रेस सहयोगी हैं जिसके कारण भाजपा की इस सर्वाधिक शिक्षित राज्य में पांव जमाने की कोई कोशिश सफल नहीं हो रही है। इसलिये इस बम विस्फोट को सियासी तौर पर भुनाने का कोई मौका भाजपा छोड़ना नहीं चाहती- चाहे ऐसा करना देश के लिये कितना भी खतरनाक क्यों न हो।

# पश्चिम एशिया संकट : दमित फिलिस्तीनी और मुसीबत में

गत 7 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा इजराइल के कुछ ठिकानों पर हमले और करीब 200 यहूदियों को बंधक बना लिए जाने के बाद से इजराइल फिलिस्तीन पर हमले कर रहा है। दोनों ही हमलों की निष्ठुरता को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। ऐसे हमलों में सबसे ज्यादा नुकसान हिंसा का शिकार होने वालों का होता है - चाहे वे सैनिक हों या नागरिक। अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस समेत कई प्रमुख पश्चिमी देशों ने इजराइल के साथ एकजुटता प्रदर्शित की है। यहां तक कि हमास के हमले के कुछ ही घंटों बाद, भारत ने उसका समर्थन कर दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मणिपुर के बारे में मुंह खोलने में कई महीने लग गए और जब वे बोले भी तब भी घुमाफिरा कर। मगर इजराइल के साथ हमदर्दी जताने में उन्होंने ज़रा भी देरी नहीं की। इस मामले में कई स्तंभकार केवल हमास को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं और युद्ध की स्थितियां निर्मित करने के लिए उसे ज़िम्मेदार ठहरा रहे हैं। लेकिन साथ ही यह स्वागतयोग्य है कि इंग्लैंड और अमेरिका में इजराइल के खिलाफ कई बड़े प्रदर्शन हुए हैं (हालांकि मीडिया ने उनकी बहुत कम चर्चा की) और कई यहूदियों ने पश्चिम एशिया में इजराइल की नीतियों की आलोचना की है।

जहां तक भारत का सवाल है, पूर्व में इजराइल के मामले में उसकी नीतियां इस मुद्दे पर महात्मा गांधी के विचारों पर आधारित रहीं हैं. गांधीजी ने 1938 में लिखा था, 'फिलिस्तीन उसी तरह से अरब लोगों का है, जिस तरह इंग्लैंड, अंग्रेजों का और फ्रांस, फ्रांसीसियों का है।' उन्होंने यह भी लिखा कि ईसाईयों के हाथों यहूदियों ने प्रताड़ना भोगी है। मगर इसका यह मतलब नहीं है उन्हें मुआवज़ा देने के लिए फिलिस्तीनियों से उनकी ज़मीन छीन ली जाए। यहूदी यूरोप में व्याप्त यहूदी-विरोधवाद के शिकार रहे हैं। यहूदियों के प्रति ईसाईयों के बैरभाव के कई कारणों में से एक यह है कि ऐसा माना जाता है कि ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाये जाने के लिए यहूदी ज़िम्मेदार थे। आगे चलकर व्यापारिक होड़ के कारण यह बैर और बढ़ा। यहूदी-विरोधवाद का सबसे क्रूर और सबसे हिंसक पैरोकार था एडोल्फ हिटलर जिसने लाखों यहूदियों को मौत के घाट उतार दिया। अकेले गैस चैम्बरों में 60 लाख यहूदी मारे गए। हिटलर द्वारा यहूदियों को हर तरह से प्रताड़ित किया गया।

यूरोप में यहूदियों को कई तरह के भेदभाव का सामना करना पड़ता था। इसी के नतीजे में ज़ोयनिज्म या यहूदीवाद का जन्म हुआ। थियोडोर हर्ट्सज़ल ने 'द ज्यूइश स्टेट' शीर्षक से एक पुस्तक लिखी और इस मुद्दे पर स्विट्ज़रलैंड के बाल शहर में कुछ यहूदियों की बैठक हुई। ओल्ड टेस्टामेंट के हवाले से उन्होंने घोषणा की कि फिलिस्तीन की भूमि यहूदियों की है। उनका नारा था, 'भूमिविहीन मानवों (यहूदियों) के लिए मानव-विहीन भूमि (फिलिस्तीन)।' जाहिर है कि यह नारा उस भूमि पर 1,000 साल से रह रहे फिलिस्तीनियों के साथ बेरहमी करने का आह्वान था। और ये फिलिस्तीनी केवल मुसलमान नहीं थे। उनमें से 86 फ़ीसदी मुसलमान, 10 फीसदी ईसाई और 4 फीसदी यहूदी थे। बहरहाल एक 'ज्यूइश नेशनल फण्ड' स्थापित किया गया और दुनिया भर से यहूदी फिलिस्तीन आकर वहां ज़मीन खरीदने लगे।



राम पुनियानी

> यह अन्याय यदि और गंभीर होता जा रहा है तो इसका कारण है पश्चिमी देशों का इजराइल को अंध-समर्थन। पश्चिम समस्या के मूल में नहीं जाना चाहता। वह नहीं स्वीकार करना चाहता कि समस्या के मूल में है यहूदी विस्तारवाद और फिलिस्तीनियों का दमन। आवश्यकता इस बात की है कि पश्चिम एशिया के संकट के सुलझाव के लिए शांति और न्याय पर आधारित आन्दोलन चलाया जाए।

शुरुआत में अधिकांश यहूदी भी यहूदीवाद के खिलाफ थे। जो यहूदी फिलिस्तीन में बसे, उनसे कहा गया कि वे अपनी ज़मीन न तो किसी अरब को किराये पर दें और न किसी अरब को बेचें। उनका इरादा साफ़ था, धीरे-धीरे फिलिस्तीन पर कब्ज़ा जमाते जाओ। यहूदियों की संख्या बढ़ती गई। फिर एक अंतरराष्ट्रीय समझौते के अंतर्गत फिलिस्तीन का शासन इंग्लैंड के हाथ में आ गया और वहां की आतंरिक समस्याएं बढ़ने लगीं। सन् 1917 में इंग्लैंड ने बेलफोर घोषणापत्र जारी कर 'फिलिस्तीन में यहूदी लोगों के लिए गृहराष्ट्र की स्थापना' का समर्थन किया। इस तरह फिलिस्तीन की समस्या की जड़ में ब्रिटिश उपनिवेशवाद है। महान यहूदी लेखक आर्थर केस्लेर ने बेलफोर घोषणापत्र के बारे में लिखा, 'इससे विचित्र दस्तावेज दुनिया ने पहले कभी नहीं देखा था।' अमेरिकी-इजराइली इतिहासवेत्ता मार्टिन क्रेमर के अनुसार, 'यह दस्तावेज संकीर्ण और तरह-तरह के प्रतिबंधों और रोकों पर आधारित राजनैतिक यहूदीवाद की ओर पहला कदम था।' अरब लोगों ने 1936 के बाद से इस घुसपैठ का प्रतिरोध करना शुरू किया परन्तु उसे ब्रिटेन ने कुचल दिया।'

हिटलर द्वारा यहूदियों की प्रताड़ना के चलते द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति के बाद, यहूदी और बड़ी संख्या में यहां बसने लगे। यह दिलचस्प है कि यूरोप के देशों और अमेरिका ने यहूदियों को उनके देश में बसने के लिए कभी प्रोत्साहित नहीं किया। कुछ वक्त बाद, फिलिस्तीन को दो हिस्सों में बांट दिया गया- फिलिस्तीन और इजराइल और यह तय हुआ कि येरुशलम और बेथलेहम को अंतरराष्ट्रीय नियंत्रण में रखा जाएगा। ज़मीन का बंटवारा अरब लोगों के हितों के खिलाफ था। लगभग 30 प्रतिशत यहूदियों जो सात प्रतिशत ज़मीन पर रह रहे थे को 55 प्रतिशत ज़मीन दे दी ग। फिलिस्तीनियों को केवल 45 प्रतिशत ज़मीन दी गई और उन्होंने इस निर्णय को अल-नकबा (तबाही) की संज्ञा दी।

इजराइल को अमेरिका और ब्रिटेन का पूरा समर्थन मिला। युद्धों के ज़रिये वह धीरे-धीरे अपने कब्ज़े की ज़मीन का विस्तार करता गया और आज स्थिति यह है कि वह मूल फिलिस्तीन की 80 प्रतिशत से भी ज्यादा ज़मीन पर काबिज़ है। फिलिस्तीनी अपनी ही ज़मीन पर शरणार्थी बन गए हैं और आज 15 लाख फिलिस्तीनी सुविधा-विहीन कैम्पों में रहने पर मजबूर हैं। शुरूआती विस्थापनों में से एक में 14 लाख फिलिस्तीनियों को अपने घरबार छोड़ने पड़े थे। इन्हीं विस्थापितों में से प्रतिरोध की एक नायिका लैला ख़ालिद उभरी थीं। वे 'पॉपुलर फ्रंट फॉर द लिबरेशन ऑफ़ पेलेस्टाइन' के सदस्य थीं। प्रतिरोध के एक अन्य बड़े नायक थे यासेर अराफात, जिन्होंने बीच का रास्ता चुना और फिलिस्तीन को वैश्विक मुद्दा बनाया। समाधान के कई प्रयास असफल हो गए जिनमें ओस्लो समझौता शामिल है। जमीन को बांट कर वहां दो देशों- फिलिस्तीन और इजराइल- की स्थापना का प्रस्ताव इजराइल को मंजूर नहीं है। बल्कि इजराइल तो एक तरह से फिलिस्तीन को मान्यता ही नहीं देता। इजराइल की एक प्रधानमंत्री गोल्डा मेयर ने कहा था-'फिलिस्तीन जैसी कोई चीज़ नहीं है।' इजराइल की मूल नीति यही है।

इजराइल लगातार फिलिस्तीन की भूमि पर कब्ज़ा बढ़ाता जा रहा है और इस बारे में संयुक्त राष्ट्रसंघ के कई प्रस्तावों को इजराइल नज़रअंदाज़ करता आ रहा है। अमेरिका इजराइल की यहूदीवादी नीतियों का खुलकर समर्थन करता आ रहा है। और इसके बदले इजराइल पश्चिम एशिया में कच्चे तेल के संसाधनों पर कब्ज़ा ज़माने में अमेरिका की मदद करता रहा है।

दुनिया में शायद ही कोई समुदाय इतना प्रताड़ित हो जितना कि फिलिस्तीनी हैं। वे उनकी ही भूमि पर कुचले जा रहे हैं, उन्हें उनकी ही ज़मीन से बेदखल किया जा रहा है। फिलिस्तीनी ब्रिटिश उपनिवेशवाद और अमेरिका साम्राज्यवाद के शिकार हैं। पिछले कुछ दशकों में संयुक्त राष्ट्रसंघ को बहुत कमज़ोर बना दिया गया है। ऐसे में इन प्रताड़ित लोगों को कौन न्याय देगा? यह दुखद है कि हिटलर ने यहूदियों के साथ जो किया था, वही यहूदी फिलिस्तीनियों के साथ कर रहे हैं।

यह अन्याय यदि और गंभीर होता जा रहा है तो इसका कारण है पश्चिमी देशों का इजराइल को अंध-समर्थन। पश्चिम समस्या के मूल में नहीं जाना चाहता। वह नहीं स्वीकार करना चाहता कि समस्या के मूल में है यहूदी विस्तारवाद और फिलिस्तीनियों का दमन। आवश्यकता इस बात की है कि पश्चिम एशिया के संकट के सुलझाव के लिए शांति और न्याय पर आधारित आन्दोलन चलाया जाए। वर्तमान स्थिति में एक मात्र अच्छी बात यह है कि इजराइल की मनमानी के खिलाफ प्रदर्शनों में बड़ी संख्या में यहूदी भी हिस्सा ले रहे हैं।

(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया)

# स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में कड़ी मेहनत का फल

■ हरिहर स्वरूप

क्या वह आदमी नहीं हैं'? कहा जाता है कि सोनिया गांधी ने पिछले हफ्ते की शुरुआत में पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक में नाराजगी जताई थी। कमरे में मौत जैसा सन्नाटा था। क्या उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप नहीं हैं?

खबरों के मुताबिक, सोनिया गांधी शांति धारीवाल का जिक्र कर रही थीं, जिनका नाम आगामी राजस्थान विधानसभा चुनाव के टिकट के लिए विचार के लिए आया था। राहुल गांधी ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि उन्होंने भी अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कोटा में धारीवाल के खिलाफ कई शिकायतें सुनी थीं।

जो बात अनकही रह गई वह यह थी कि धारीवाल का नाम कैसे चर्चा में आया। महेश और धर्मेंद्र राठौड़ के साथ, धारीवाल को कांग्रेस के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आदमी के रूप में देखा जाता है। सितंबर 2002 के संकट में, जब कभी गांधी परिवार के कट्टर वफादार माने जाने वाले गहलोत ने उनकी जगह सचिन पायलट को लाने की पार्टी आलाकमान की योजना को विफल कर दिया, तो तीनों सीएम के साथ खड़े हो गये थे। यह तथ्य कि सीईसी धारीवाल के मामले में बहस कर रही थी, राजस्थान में गहलोत के बढ़ते दबदबे को दर्शाता है। इस बात पर जोर देकर कि उन्हें हटा दिया जाये, आलाकमान उनके कुछ टूटे हुए अधिकार को बहाल करने की कोशिश कर रहा था।

> 2018 में कांग्रेस ने बढ़त हासिल की थी और भाजपा को 73सीटें ही मिल पाई थीं। पार्टियों के बीच वोट शेयर का अंतर सिर्फ 1 प्रतिशत से थोड़ा ऊपर था। कुछ ही महीनों के भीतर, भाजपा ने लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को मजबूर कर दिया, और राज्य की 25 में से 24 सीटें जीत लीं और एनडीए में उसकी सहयोगी आरएलपी को 1 सीट मिली।

हालांकि धारीवाल, राठौड़ और जोशी अंतिम सूची में शामिल नहीं हो सकते हैं, लेकिन तथ्य यह है कि विधायकों की बेंचिंग के खिलाफ गहलोत की हठधर्मिता का मतलब है कि कांग्रेस अब तक 200 में से केवल 33 नामों के साथ सामने आई है, जो इस खींचतान को दर्शाता है। सभी हिसाब से बड़ा हिस्सा—और यह महत्वपूर्ण हिस्सा है—अभी भी मुख्यमंत्री द्वारा तय किया जायेगा। गांधी परिवार 2022 में भी या अभी भी कुछ नहीं कर सका।

पिछले सप्ताह की शुरुआत में जब कोई राजस्थान भर में यात्रा कर रहा था, तो यह बार-बार सामने आया। अनेक लोगों ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि कैसे गहलोत यह कहकर 'बच गये' कि इससे परिवार की 'लाचारी' उजागर हो गई, जैसा कि और कुछ नहीं हो सकता था।

कई लोगों के लिए, यह गहलोत की बढ़ती 'ताकत' का संकेत है- जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए खड़े होने की पेशकश को ठुकराना और 2020 में उनकी सरकार को गिराने की भाजपा की योजना को विफल करना भी शामिल है। 'देखो दिल्ली को आंख दिखा दी,' उन लोगों ने कहा।

कई अन्य लोगों ने कहा कि गहलोत ने दिखा दिया है कि वह 'राजनीति के जादूगर' हैं, जो अपने विरोधियों पर बाजी पलटना जानते हैं। जादूगर एक शब्द है जो अक्सर गहलोत के लिए प्रयोग किया जाता है। ध्यान रहे कि उनके पिता सच में जादूगरी करते थे।

एक 'मजबूत नेता' की यह छवि गहलोत को अच्छी स्थिति में रखती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक दबंग, दमदार नेता (निडर, शक्तिशाली नेता) का खाका तैयार कर दिया है। इसलिए, आज राजस्थान में कांग्रेस राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और यहां तक कि सचिन पायलट के बारे में नहीं है, बावजूद इसके कि युवाओं के बीच उनकी पकड़ है और कई जिलों में उनका प्रभाव है। राजस्थान में कांग्रेस का मतलब अब गहलोत ही रह गया है। कई लोगों का मानना है कि वह सत्ता विरोधी लहर का सामना कर सकते हैं। यहां तक कि भाजपा के समर्थक भी कहते हैं, 'इन्होंने पार्टी को टक्कर की स्थिति में तो ला ही दिया है'।

सीकर जिले के नहरों की ढाणी गांव के एक जाट किसान कहते हैं: 'आम तौर पर, जब तक चुनाव घोषित होते हैं, हमें पता चल जाता है कि हवा किस तरफ चल रही है। इस बार लड़ाई होने वाली है।'

सीकर शहर में एक भाजपा समर्थक का कहना है, 'कांग्रेस के 70-80 सीटें जीतने की संभावना है।' जयपुर में एक राजनीतिक पर्यवेक्षक कहते हैं, 'इस बात की केवल 10 फीसदी ही संभावना है कि कांग्रेस आसानी से सत्ता से बाहर हो सकती है।'

एक 32 वर्षीय होटल कर्मचारी कहता है कि वह भाजपा को वोट देगा, परन्तु वह भी गहलोत के 'स्वास्थ्य और शिक्षा में अच्छे काम' को स्वीकार करता है। 'लेकिन दूसरी तरफ राष्ट्रवाद है।' मैं राष्ट्रवाद चुनूंगा।

एक रेहड़ी-पटरी वाला जो ठेले पर बेक किया हुआ सामान बेचता है, बड़े खुदरा विक्रेताओं के उदय के लिए मोदी को दोषी ठहराता है। 'हमारे पेट पर लात पड़ी है।' इस बार मैं मोदी को वोट नहीं दूंगा।

पिछले साल की तुलना में यह धारणा बदल गई है कि गहलोत ने कांग्रेस को टिकाया है, जब पार्टी की हार को तय माना जा रहा था। तब कांग्रेसियों ने भी आंतरिक सर्वेक्षणों में पार्टी को 20-25 सीटें मिलने की बात कही थी।

2018 में कांग्रेस ने बढ़त हासिल की थी और भाजपा को 73सीटें ही मिल पाई थीं। पार्टियों के बीच वोट शेयर का अंतर सिर्फ 1 प्रतिशत से थोड़ा ऊपर था। कुछ ही महीनों के भीतर, भाजपा ने लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को मजबूर कर दिया, और राज्य की 25 में से 24 सीटें जीत लीं और एनडीए में उसकी सहयोगी आरएलपी को 1 सीट मिली।

## जयंति

# महानायकों का स्मरण दिवस

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती और इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एक ही दिवस पड़ती वह है -31अक्टूबर। यह दिन देश के दो महानायकों के स्मरण का दिन है। आज़ाद भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल का राष्ट्रीय आंदोलन से लेकर आज़ादी के बाद भी योगदान अविस्मरणीय है। पटेल जी के योगदान और दृढ़ व्यक्तित्व को देखते हुए इन्हें 'भारत का लौह पुरुष' तथा 'भारत के बिस्मार्क' के रूप में भी जाना जाता है। सन् 2018 में, गुजरात में विश्व की सबसे ऊंची मूर्ति 'स्टेच्यू ऑफ़ यूनिटी' पटेल जी को समर्पित की गई है जो कि देश की एकता में उनके योगदान को इंगित करती है। वहीं इंदिरा गांधी ने बचपन में पिता जवाहरलाल और मां कमला नेहरू के धरना आंदोलन से प्रभावित होकर वानर सेना बनाई जो अंग्रेज अफसरों और सैनिकों को परेशान करती थी और आज़ाद भारत के नारे लगाती थी। आज़ादी के बाद उन्होंने पिता के साथ राजनीति का ज्ञान हासिल किया। विदेश नीति को समझा। उनका यह ज्ञान जब वे भारत की प्रधानमंत्री बनीं तब काम आया। उनका सबसे बड़ा अवदान उनकी विदेश नीति थी। उससे तब दुनिया देखकर चौंकी जब देश की पूर्वी सीमा से पाकिस्तान की नाओं को खदेड़ कर एक नए राष्ट्र बांग्लादेश बनाया। एक कुशल योद्धा की तरह वे अपने इरादे में विजयी रहीं और हमारी पूर्वी सीमा सुरक्षित हुई। इंदिरा जी की समझाइश के बाद ही कश्मीर एक पूर्ण राज्य बना। पहले शेख अब्दुल्ला प्रधानमंत्री कहलाते थे उन्होंने वहां मुख्यमंत्री बनाने का सिलसिला शुरू किया। तिरंगा फहराया।

गृहमंत्री पटेल ने जहां आज़ाद भारत में फैली 362से ज्यादा रियासतों को भारत का हिस्सा बनाया वहीं इंदिरा गांधी ने सिक्किम जैसे स्वतंत्र राष्ट्र को बिना लड़े समझौता करके भारत के एक राज्य में परिणत किया जिससे हमारी उत्तर की सीमा भी सुरक्षित हुई। तभी से उन्हें लौह महिला (आयरन लेडी) जैसे नाम से देश और विदेश के पत्रकार लेखकों ने नवाज़ा था। जबकि सरदार पटेल को सरदार नाम, बारडोली सत्याग्रह के बाद मिला, जब बारडोली कस्बे में सशक्त सत्याग्रह करने के लिए उन्हें पहले बारडोली का सरदार कहा गया। बाद में सरदार उनके नाम के साथ ही जुड़ गया। खेड़ा और बारडोली में सत्याग्रह की बदौलत अंग्रेजों से मिली जीत से उन्हें पहले महिलाओं ने लौह पुरुष कहा बाद में महात्मा गांधी ने भी उस नाम से उन्हें सम्बोधित किया।

आजकल सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर एकता दिवस मनाया जाता है। भारत की राजनीति में यह दिन दो मायनों में बेहद अहम है। पहला 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती पड़ती है तो दूसरा इसी दिन पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या कर दी गई थी जिसे बलिदान दिवस के रूप में भारत सरकार मनाती रही अब सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही उनकी पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाती है। विदित हो श्रीमती इंदिरा गांधी ने पंजाब को खालिस्तान ना बनने देने के लिए स्वर्ण मंदिर में फ़ौज भेजकर खालिस्तान बनाने वालों को परास्त किया था। बाद में स्वर्ण मंदिर में सेना भेजकर अपवित्र करने की सजा उनके ही सिख अंगरक्षकों ने उन्हें गोलियों से छलनी कर दिया था। बाद में राजीव गांधी ने इस गलती की क्षमा मांगी और तब से पंजाब शांत है। उनके बलिदान से पंजाब हमारा है और सदा रहेगा।

**-सुसंस्कृति परिहार**

## आपके पत्र

# राजस्थान में जातिगत जटिलताओं के बीच विधानसभा चुनाव में कामयाबी पाने की कोशिश

राजस्थान की राजनीति में जाति की अहम भूमिका है। जाट,माली,ब्राह्मण व अन्य समुदाय को साधने के लिए भाजपा और कांग्रेस ने कोई कसर नही छोड़ी है। राजस्थान इस बार विधानसभा में भाजपा ने राजपूत समाज को टिकट ज्यादा दिया है। कांग्रेस ने भाजपा से कम राजपूत समुदाय को टिकट आवंटित किया है। राजस्थान में इस बार किसी भी समुदाय को नाराज करने का कोई पार्टी जोखिम उठाने के लिए तैयार नहीं है। राजस्थान में गुर्जरों का हिस्सा सात प्रतिशत है। राजस्थान में दो सौ में से वे आधा दर्जन विधानसभा सीटों पर वे फैसला पलटने की ताकत रखते हैं। राजपूत समाज का प्रतिनिधित्व करने वाली पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को दूसरी सूची में टिकट मिला। राजस्थान में विकास की नींव रखने वाली राजे को टिकट में लेटलतीफी के चलते सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बना था। राजस्थान में कस्बाई और ग्रामीण मतदाताओं पर ध्यान ज्यादा है। दो सौ विधानसभा सीटों पर भाजपा के विस्तारकों की सीधी मुलाकात और मतदाताओं की समस्याओं को जानने दरवाजे पर दस्तक दी गई थी। भाजपा की परिवर्तन यात्रा से आम आदमी से जुड़ने का मौका मिला था। सत्ता विरोधी लहर की आशंका में कांग्रेस अनेक योजनाओं की घोषणा कर मतदाताओं को रिझाने की कोशिश की गई है। पिछले दिनों राजस्थान में जाट सम्मेलन में जाट सीएम की मांग उठी। राजस्थान में जाट समुदाय के मुख्यमंत्री बनने का मुद्दा प्रमुखता से छाया रहा था। राजपूत समाज से कोई मुख्यमंत्री बनाया जाता है तो जाट समाज को कोई आपत्ति नहीं है। ओबोसी आरक्षण 21 से 27 फीसदी बढ़ाने की मांग की गई और आगामी दिनों 20 नबम्बर को दिल्ली में जाट महाअधिवेशन बुलाने का फैसला किया था। राजस्थान में दोनों पार्टियों ने बड़े समुदाय को टिकट देकर साधने की कोशिश की है। कांग्रेस न जा राजपुत ब्राह्मण दलित और एसटी को टिकट दिया है। अब इस बार की सूची घोषित करनी बाकी है। कांग्रेस ने 20 फीसदी टिकट जाट समाज को तो भाजपा ने 17 फीसदी जाट समुदाय के उम्मीदवारों को मैदान के उतारा है। वैश्य और ब्राह्मण पर भाजपा का बड़ा दाव खेला है। आगामी दिनों में विधानसभा चुनाव होना है। दो लिस्ट में भाजपा 10 प्रतिशत राजपूत तो कांग्रेस ने पांच प्रतिशत टिकट दिए हैं। पार्टी के फोकस के आधार पर शासन के सर्वश्रेष्ठ हित में समुदाय विशेष का आवंटन ही प्रत्याशी को जीत की और अग्रसर करती है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

CMYK
देशबन्धु
संस्कारधानी
5 बिलासपुर
मंगलवार 31 अक्टूबर 2023

उल्टा पुल्टा

टिंकू ( बुद्धू से )- बुद्धू, किसी चीज का लंबा-सा नाम बताओ।
बुद्धू- रबड़।
टिंकू - यह तो बहुत छोटा है।
बुद्धू - लेकिन इसे खींचकर जितना चाहे लंबा कर सकते हैं।

# बिलासपुर में रात को भी उड़ रही सड़कों पर धूल



## रेलवे परिक्षेत्र की सड़कों की स्थिति और बदतर

**बिलासपुर,**30 अक्टूबर (देशबन्धु)। वर्षाॠतु के बाद अब सर्दी का मौसम आ चुका है। सड़कों पर पर्याप्त साफ सफाई के अभाव में धूल उड़ने लगी है। आलम यह है कि अब रात को भी लोग धूल से परेशान है। रेलवे परिक्षेत्र की सड़कों की स्थिति और बदतर हैं। कांक्रीट बिछा दिया गया है। दिवाली से पहले सड़कों का स्वास्थ्य बिगड़ने से आमजन की हालत पस्त नजर आ रही है।दीवाली में 10 दिन से भी कम समय बचा है। हर शहरवासी त्योहार की तैयारी में जुटा है। बिलासपुर में कई जगहों की सड़कों की हालत खराब है। आसपास रहने वाले रहवासी त्रस्त हैं। सड़क किनारे दुकान लगाने वाले और रहने वाले सफाई करते हैं और 15 मिनट में फिर धूल-मिट्टी हो जाती है। नगर निगम और रेलवे सड़क निर्माण में करोड़ों रुपये खर्च करने का दावा करते हैं मगर स्थिति सबके सामने है। कई जगहों में ठेकेदारों ने काम अधूरा छोड़ रखा है तो कहीं पर सड़क उधड़ चुकी है। जो सड़क बनी हुई थी वो जगह-जगह से टूट चुकी है। दिनभर धूल-मिट्टी उड़ती है।

### यह मार्ग ज्यादा खराब

तोरवा अरपा छट घाट मार्ग, कोनी देवनगर, अशोक नगर सरकंडा, नयापारा सिरगिटटी वार्ड क्रमांक 11 तलाब से लेकर बिजली आफिस तक, कुदुदंड तुलजा भवानी मंदिर के सामने से मिलन चौक तक, मिलन चौक से चांदनी चौक तक, टिकरापारा सहित रेलवे बुधवारी बाजार, चुचुहियापारा एवं तारबाहर से रेलवे स्टेशन जाने प्रमुख मार्ग शामिल है।

### आंदोलन का असर नहीं

सड़कों को लेकर ऐसा नहीं है कि किसी ने अवाज बुलंद नहीं किया। जनता ने कई बार आंदोलन की चेतावनी दी मगर अधिकारियों और नेताओं के कान में जू तक नहीं रेंगा। अब त्यौहार और चुनाव दोनों सामने हैं। जनता पूरे मूड में है। आमजन प्रशासन, नगर निगम और रेलवे से दीपावली से पहले सड़कों को ठीक करने के लिए अल्टीमेटम दे चुका है ।

# 512 लीटर महुआ शराब जब्त



**बिलासपुर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा अवैध शराब पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश प्रसारित किए गए हैं। इसी क्रम में आबकारी आयुक्त महादेव कावरे के निर्देश तथा उपायुक्त आबकारी जिला बिलासपुर दिनकर वासनिक के मार्गदर्शन मेंआबकारी विभाग द्वारा बिल्हा वृत्त केग्राम नागारादिह, सारधा मेंअवैध मदिरा विक्रेताओं पर कार्यवाही की गई। कायम प्रकरण 04 जप्तसामाग्र 512 लीटर महुआ मदिरा एवं 880किलोग्राम लाहान गिरफ्तारआरोपी 04

अजमानतीय प्रकरण विजय उपाध्याय पिता देवप्रसाद उपाध्याय निवासी ग्राम सारधा थाना चकरभाठा से220लीटर महुआ शराब,संतोष बंजारे पिता सगुन बंजारे निवासी नागरादिह से07लीटर महुआ शराब जब्त किए जाकर आब अधि की धारा34(1)क,34(2),59क के तहत अपराध पंजीबद्ध करआरोपी को जेल निरुद्ध किया। अज्ञात प्रकरणों में ग्राम नागरडीह थाना चकरभाठामें 285लीटर महुआ शराब एव 690किलोग्राम महुआ लाहान जब्त किए जाकर आब. अधि. की धारा 34(1)(क) 34(2) 59(क) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किये जाकर विवेचनामें लिया।जमानतीय प्रकरण-02 रोहित बंजारे पिता हरप्रसाद बंजारे निवासी नगारादिह थाना चकरभाठा से150किलोग्राम महुआ लाहान जब्त करआब अधि. की धारा 34(1)च का प्रकरण दर्ज किया।

## संपादकीय

# चुनावी उपहारों पर रहे नज़र

*छत्तीसगढ़ विधानसभा के चुनाव जैसे-जैसे नज़दीक आ रहे हैं, इस बात की आशंका भी बढ़ने लगी है कि हर साल के जैसे और देश भर की तरह वोटरों को लुभाने के लिये उम्मीदवारों की ओर से उपहार बांटे जा सकते हैं। नगदी और शराब के अलावा ये उपहार कपड़े, कम्बल, कुकर, बर्तन आदि के रूप में होते हैं। राज्य में 7 और 17 नवम्बर को मतदान होना है तो यह ऐसा समय है जब प्रत्याशियों द्वारा इनकी खरीदी और भंडारण हो सकता है। जिन राज्यों में मतदान होना है उनके भीतर ऐसी सामग्रियों के बड़ी तादाद में खरीद-बिक्री पर सरकारी मशीनरी की नज़रें होती हैं। इसलिये अक्सर इन्हें बाहरी प्रदेशों से लाया जाता है। इसलिये अब आवश्यक हो गया है कि छग से लगने वाली अन्य राज्यों की सीमाओं पर विशेष सतर्कता बरती जाये।*

*महासमुन्द जिले के सिंघोड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक ऐसे ट्रक को पकड़ा जिसमें करीब 1 करोड़ रुपये मूल्य की साड़ियां पाई गईं। अंतरराज्यीय सीमा के पास रेहटीखोल के पास बने चुनावी जांच पोस्ट पर तैनात पुलिस को यह ट्रक मिला। यह ओडिशा राज्य के बरगढ़ की ओर से आ रहा था। तेज गति से छग की तरफ आते ट्रक को रोकने पर जांच की गई तो पाया गया कि उसमें सिर्फ चालक था। वह झारखंड का रहने वाला है। उसने जब कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया तो पुलिस शक कर रही है कि ये साड़ियां किसी चुनावी उम्मीदवार द्वारा मंगाई गई होंगी। उल्लेखनीय है कि इस पोस्ट पर पहले भी अलग-अलग मौकों पर बड़ी नगद राशियां बरामद हुई हैं। वैसे तो इस बात की अभी तक पुष्टि नहीं हुई है कि इसका इस्तेमाल मतदाताओं के बीच वितरण के लिये ही होने वाला था, लेकिन जिस मात्रा में यह सामग्री बरामद हुई है उससे शक तो है और यह भी अनुमान है कि इसी प्रकार से उपहार की वस्तुएं बाहरी राज्यों से आ सकती हैं।*

*छग से एक-दो नहीं वरन सात राज्यों (मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना एवं महाराष्ट्र) की सीमाएं लगती हैं। इन राज्यों से सटे प्रदेश के जो जिले एवं विधानसभा क्षेत्र हैं उन पर विशेष नजरें रखा जाना आवश्यक है। ज्यादातर राज्य तो ऐसे हैं जहां से नक्सली भी छग में प्रवेश करते हैं और कार्रवाइयों को अंजाम देकर लौट जाते हैं। पुलिस की ज्यादा नज़र माओवादियों के आवागमन को लेकर रहती है पर जिस तरह से साड़ियां पकड़ाई हैं उससे साबित होता है कि केवल नक्सली एंगल से वाहनों एवं लोगों की जांच-पड़ताल करना पर्याप्त नहीं होगा। यह भी देखना होगा कि बाहरी राज्यों से ऐसी सामग्रियां तो नहीं आ रही हैं जो सीमावर्ती विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं में बांटने के लिये मंगाई जा रही हैं। इसे रोकना होगा।*

## सार-संक्षेप

### जिले में बनाए जाएंगे 60 संगवारी मतदान केंद्र

**बिलासपुर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 को महिलाओं, विकलांगों व युवाओं सहित सभी नागरिकों के लिए और अधिक समावेशी और सहभागी बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। निर्वाचन में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए जिले में 60 संगवारी मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों कोटा, बिल्हा, मस्तूरी, तखतपुर, बेलतरा एवं बिलासपुर सहित 06 विधानसभाओं में दस-दस संगवारी मतदान केन्द्र बनाए जाएंगे। इन मतदान केन्द्रों में मतदान दल और सुरक्षा बल सहित अन्य स्टॉफ महिलाएं होंगी। इसी प्रकार जिले में हर विधानसभा क्षेत्र में 5 आदर्श मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। दिव्यांग प्रबंधित मतदान केंद्र हर विधानसभा क्षेत्र में एक, युवा प्रबंधित मतदान केंद्र हर विधानसभा क्षेत्र में एक कुल 6 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने बताया कि संगवारी मतदान केन्द्रों पर महिलाओं द्वारा ही पीठासीन अधिकारी और मतदान से संबंधित अन्य कार्यों को संपादित किया जाएगा। इन मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी महिला सुरक्षा बल को सौंपी जाएंगी। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में संगवारी मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। प्रथम चरण में लगभग 3000 महिला कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। संगवारी मतदान केंद्रों में से ही 5 मतदान केंद्रों को सुसज्जित कर आदर्श मतदान केंद्र बनाया जाएगा।

### दीपावली पर फटाका दुकान संचालकों को करना होगा सुरक्षा मानकों का पालन

**बिलासपुर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। दीपावली पर्व के दौरान अस्थायी रूप से फटाका दुकान लगाने वाले दुकानदारों को सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए अग्निशमन यंत्र रखना आवश्यक होगा। इसके साथ ही उन्हें विशेष रूप से सावधानी बरतने के निर्देश जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना ने दिए है। फटाका दुकान किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कि कपड़ा, बास, बल्ली, रस्सी आदि के स्थान पर अज्वलनशील सामग्री जैसे लोहे के धातु से बने शेड द्वारा निर्मित होना चाहिए। ऐसी सामग्री जो जलने पर जहरीली धुआं देती हो, वह प्रतिबंधित रहेगी।

दुकान संचालकों द्वारा नायलोन, सिंथेटिक रस्सी का उपयोग न किया जाए। बांधने के लिए धातु के तार का उपयोग करना होगा। प्रत्येक फटाका दुकान चारों तरफ से एक दूसरे से कम से कम तीन मीटर की दूरी पर बनाई जाए। प्रकाश की व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल का लैंप, गैस लैम्प एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। फटाका दुकान के क्षेत्र में 100 मीटर के अन्दर आतिशबाजी का प्रदर्शन प्रतिबंधित होगा। फटाका दुकान परिसर में प्रकाश की समुचित व्यवस्था होना चाहिए एवं आपातकालीन स्थिति में एमरजेंसी लाईट की व्यवस्था होनी चाहिए।

विद्युत तारों के ज्वाईंट खुला नहीं होने चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर स्विच में फयुज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए, जिससे शार्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वत: बन्द हो जाए। दुकान के आस-पास ट्रांसफार्मर या हाई टेंशन लाईन नहीं होना चाहिए। प्रत्येक फटाका दुकान में 5 किलो क्षमता का डीसीपी अग्निशामक यंत्र कम से कम 2 नग, 1 नग भरी हुई 200 लीटर पानी ड्रम एवं रेत भरी बाल्टी होनी चाहिए। फटाका दुकान परिसर में वाहन पार्किंग की व्यवस्था कम से कम 100 की दूरी पर होना चाहिए।

फटाका दुकान में आपातकालीन सेवाओं के दूरभाष नम्बर यथा पुलिस कंट्रोल रूम, फायर स्टेशन एवं एम्बुलेंस का नंबर अंकित होना चाहिए। अग्निशमन वाहन के मूव्हमेंट के लिए पण्डाल के चारों तरफ 4.5 मीटर का खुला एवं समतल क्षेत्र होना चाहिए तथा यह क्षेत्र सभी प्रकार की ज्वलनशील पदार्थों से मुक्त होना चाहिए। दुकान संचालक की तरफ से एक जिम्मेदार व्यक्ति हमेशा फटाका दुकान पर होना चाहिए ताकि किसी भी प्रकार के अप्रिय घटना होने पर लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके।

# मुक्केबाजी में बिलासपुर को दो गोल्ड मेडल



**बिलासपुर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ की मेजबानी में आयोजित 77वीं पुरूष व 15वीं महिला अखिल भारतीय रेल बाक्सिंग प्रतियोगिता चल रही है। रविवार को इस स्पर्धा के दौरान महिला वर्ग में बिलासपुर के खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया।

अलग- अलग वजन में पूनम व लासु यादव ने विरोधी टीम के खिलाड़ियों को करारी शिकस्त देकर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। चार दिनी इस प्रतियोगिता का रविवार को तीसरा दिन था। इस दौरान 50 किलो वजन वर्ग में ईआर की अनामिका, 52 किलो वजन में एनआर की ज्योतित, 54 किलो वजन में एनआर की शिक्षा और 57 किलो वजन में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर की पूनम ने जीत हासिल की।पूनम इस कड़े मुकाबले में अर्जुन अवार्ड प्राप्त सोनिया राठौर को हराकर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। इसी तरह 60 किलो वजन में इसीओआर की निहारिका, 66 किलो वजन वर्ग में ईआर की अंजली ने जीत हासिल की। इसी तरह 75 किलो वजन में ईआर की अनुपमा व 81 किलो वजन में सीआर की ए पठान ने जीत हासिल की।81 किलो वजन वर्ग से अधिक में एडब्लयूआर की नुपुर ने ईसीओआर की खिलाड़ी मोनिका को शिकस्त दी। वहीं 70 किलो वजन वर्ग में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ बिलासपुर की खिलाड़ी लासु यादव ने उत्तर रेलवे की नीतू को हराकर दूसरा गोल्ड मेडल दिया।

### तीसरे दिन खेले गए 14 मैच

स्पर्धा के दौरान रविवार को 14 मैच खेले गए। सभी मैच संघर्षपूर्ण थे। ग्राउंड दर्शकों की भीड़ से भरा हुआ था। यही वजह है कि दर्शकों के साथ खेल संघ के पदाधिकारियों को अच्छे खेले देखने को मिले। दर्शक अपनी- अपनी टीम के खिलाड़ियों को जमकर उत्साहवर्धन भी करते नजर आए। इतना ही नहीं हर पाइंट पर ग्राउंड पर तालियों की गड़गड़ाहट की गूंज सुनाई देती रही।

### आज समापन व पुरस्कार वितरण

चार दिन की इस स्पर्धा का सोमवार की शाम चार बजे समापन किया जाएगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक आलोक कुमार होंगे। इस दौरान उनके हाथों विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया जाएगा। सुबह की पाली में बचे हुए मैच होंगे। हालांकि महिला वर्ग में केवल एक मैच 48 वजन वर्ग में होगा।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' का शुभारम्भ



**बिलासपुर** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा रेलवे में होने वाले कार्यो में क्रियाकलापों में पारदर्शिता को बरकरार रखने एवं इस रेल उपभोक्ताओं को जागरूक करने के उद्देष्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सतर्कता जागरूकता सप्ताह 30 अक्टूबर से 05 नवंबर, 2023 तक मनाया जा रहा है । इस अवसर पर आज सतर्कता जागरूकता सप्ताह के प्रथम दिन में सुबह 11.00 बजे मुख्यालय में श्री आलोक कुमार, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की उपस्थिति में एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें उन्होंने समस्त विभागाध्यक्ष, अधिकारियों एवं कर्मचारियो को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई गयी ।

सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा शपथ इस प्रकार है विश्वास है कि हमारे देश के आर्थिक, राजनीतिनिक तथा सामाजिक प्रगति मे भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा हैं । मेरा विश्वास हैं कि भ्रष्टाचार का उन्मूलन करने के लिए सभी संबंधित पक्षों, जैसे सरकार, नागरिकों तथा निजी क्षेत्र को एक साथ मिल कर कार्य करने के आवश्यकता हैं । मेरा मानना हैं कि प्रत्येक नागरिक को सतर्क होना चाहिए।

# शराब बेचते युवक पकड़ाया



**बिलासपुर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह (भापुसे)जिला बिलासपुर द्वारा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर थाना क्षेत्रांतर्गत नशीले पदार्थो का अवैध बिक्री करने वालों के विरूध्द अधिक से अधिक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है।

जिसके मद्देनजर पेट्रोलिंग किया जा रहा था की दौरान मुखबीर से सूचना मिला कि रामप्रसाद धनुहार नामक व्यक्ति ग्राम सोटी परसा पाली में रोड किनारे कच्ची महुआ शराब बिक्री करने के लिए रखा है। मुखबीर के बताये गये स्थान में जाकर घेरा बंदी कर रेड कार्यवाही किया गया जो आरोपी रामप्रसाद धनुहार के कब्जे से 15 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 1500रू जप्त किया गया जो विधिवत आरोपी के कब्जे से जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

### ध्वनि प्रदूषण के प्रभावी नियंत्रण के लिए समितियां गठित

**बिलासपुर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)।जिले में ध्वनि प्रदूषण के प्रभावी नियंत्रण के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा जिला एवं अनुभाग स्तर पर समितियां गठित की गई है। ध्वनि प्रदूषण के संबंध में ध्वनि प्रदूषण (विनियमन तथा नियंत्रण) नियम, 2000 एवं छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, 1985 के तहत कोलाहल नियंत्रण हेतु यह समितियां गठित की गई है। जिला स्तर पर गठित समिति में अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, आयुक्त, नगर निगम बिलासपुर, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एवं क्षेत्रीय अधिकारी, पर्यावरण संरक्षण मण्डल, बिलासपुर होंगे। अनुभाग स्तर पर गठित समिति में अनुविभागीय दण्डाधिकारी, बिलासपुर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, अपर आयुक्त नगर निगम, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के प्रतिनिधि एवं क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण संरक्षण मण्डल के प्रतिनिधि होंगे।

# प्रेक्षक पहुंचे, सम्पर्क के लिए फोन नम्बर जारी

## कलेक्टर-एसपी ने चुनाव तैयारियों से अवगत कराया



**बिलासपुर** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। चुनाव आयोग नई दिल्ली द्वारा जिले के लिए नियुक्त सभी 7 प्रेक्षक बिलासपुर पहुंच चुके हैं। वे शहर के विभिन्न विश्राम गृहों में ठहरे हुए हैं। इनमें 3 सामान्य प्रेक्षक, तीन व्यय प्रेक्षक एवं एक पुलिस प्रेक्षक शामिल हैं। सामान्य प्रेक्षक न्यू सर्किट हाऊस में, व्यय प्रेक्षक रेलवे की रेस्ट हाऊस न्यू सतपुड़ा भवन में एवं पुलिस प्रेक्षक एसईसीएल रेस्ट हाऊस में ठहरे हुए हैं। कलेक्टर अवनीश शरण एवं पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने सामान्य एवं पुलिस प्रेक्षकों से न्यू सर्किट हाऊस में मुलाकात कर जिले में विधानसभा चुनाव परिदृश्य एवं तैयारियों से अवगत कराया। गौरतलब है कि सामान्य एवं पुलिस प्रेक्षक विधानसभा चुनाव के सिलसिले में प्रथम दौरे पर एवं व्यय प्रेक्षकों का दूसरे चरण का दौरा चल रहा है।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सामान्य प्रेक्षकों में कोटा एवं तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए नायली इते, मोबाईल नम्बर (75870-16620) बिल्हा एवं बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए कुमार प्रशांत, मोबाईल नम्बर (75870-16621) बेलतरा एवं मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के लिए उदयन मिश्रा, (मो.75870-16623) नियुक्त किये गये हैं। इसी प्रकार व्यय प्रेक्षकों में कोटा एवं तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए हर्षद सदाशिव आराधी (मोबा-75870-16625) बिल्हा एवं बिलासपुर के लिए आर भूपति(75870-16626) तथा बेलतरा एवं मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के लिए अजय कुमार अरोरा(75870-16627) तथा पुलिस प्रेक्षक सतीश कुमार गजभीए( मोबा-75870-16624) नियुक्त किये गये है। पुलिस प्रेक्षक गजभीए चुनाव के दौरान संपूर्ण जिले में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था पर नजर रखेंगे। कोई भी नागरिक प्रेक्षकों से उक्त मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर चुनाव संबंधी किसी भी प्रकार की सूचना साझा कर सकते हैं। बेलतरा एवं मस्तुरी के प्रेक्षक उदयन मिश्रा से सवेरे 10 से 11 बजे तक न्यू सर्किट हाऊस के बैठक कक्ष में चुनाव संबंधी जानकारी को लेकर मुलाकात कर सकते हैं।

# मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से छात्रों ने बताया मतदान का महत्व

बिलासपुर, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम मॉडल कॉलेज बिलासपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई।

उनके द्वारा गांधी चौक एवं लाल बहादुर शास्त्री स्वामी आत्मानंद स्कूल क्षेत्र में रैली निकालकर पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम मतदान के महत्व को बताया गया।

रैली में छोड़कर अपने सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो जैसे नारों का वाचन कर जागरूकता संदेश भी दिया गया। जिले में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वृहद मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान से बड़ी संख्या में विद्यालय एवं महाविद्यालयों के बच्चे जुड़ रहे है।

## सार-संक्षेप

### निर्दलीय रवि रजक कर रहे क्षेत्रों में जनसंपर्क



**कोरबा-कटघोरा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में कटघोरा से निर्दलीय प्रत्याशी रवि रजक ने क्षेत्र में जनसंपर्क तेज कर दिया है। वे नामांकन दाखिल करने के बाद गांव-गांव जाकर मतदाताओं सहित क्षेत्रवासियों से लगातार मिल रहे हैं। रवि रजक इस दौरान कटघोरा विधानसभा क्षेत्र का विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता भी जाहिर कर रहे हैं। रवि रजक का कहना है कि कटघोरा को जिला बनाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखते हुए चुनाव जीतने के बाद प्रयास किया जाएगा कि कटघोरा को जल्द से जल्द जिला बनाया जाए। कटघोरा में कई तरह की समस्याएं पिछले लंबे समय से कायम हैं। आज भी लोग सड़क, बिजली, पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। एसईसीएल प्रभावित क्षेत्र में भूविस्थापितों की समस्या का समाधान आज तक नहीं हो सका है। रवि रजक ने क्षेत्रवासियों से संपर्क में कहा कि यदि उसे सेवा का मौका दिया जाए तो वह इन सारे विषयों पर प्राथमिकता से काम कर निराकरण कराएंगे। जनसंपर्क के दौरान रवि रजक के साथ बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

### घर से मतदान कराने के लिए दिया गया प्रशिक्षण



**कोरबा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में विधानसभा आम निर्वाचन के तहत 80 प्लस आयु, दिव्यांग मतदाता, कोविड-19, अनिवार्य सेवा श्रेणी के प्रारूप - 12 घ में आवेदन करने वाले अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं को मतदान कराने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में एडिशनल कलेक्टर दिनेश नाग द्वारा उक्त श्रेणी को मतदान प्रक्रिया की आवश्यकता तथा घर बैठे मतदान प्रक्रिया करने की जानकारी दी गई। उनके द्वारा उपस्थित सभी पीठासीन अधिकारी, माइक्रो आब्जर्वर, मतदान अधिकारी, बी. एल. ओ. (बूथ लेवल आफिसर) तथा मतदान केंद्र के संबंधित सेक्टर ऑफिसर को वोट कास्ट करने का ट्रायल भी प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान वोट कास्टिंग फॉर्म को भरना, लिफाफे में डालना, सबमिट करना तथा अन्य गतिविधियों की प्रक्रिया विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे एवं डीईओ जेपी भारद्वाज सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### शहर की सड़कों पर बार-बार चढ़ते डामर, भाजपा प्रत्याशी ने उठाए सवाल



**कोरबा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहर में हो रहे डामरीकरण पर भाजपा प्रत्याशी लखन लाल देवांगन ने कहा है कि आखिर कांग्रेस राज वाले नगर निगम में ऐसी कौन सी डामर से सड़कों का निर्माण हो रहा है कि हर साल दो बार डामरीकरण करने की जरुरत पड़ रही है। हर साल डामरीकरण हो रहा है तब भी सड़क क्यों टिक नहीं पा रही है।

भाजपा प्रत्याशी लखन लाल देवांगन ने कहा है कि कोरबा की सड़कों को लगता है कांग्रेस की नजर लग गई है। सड़क डामरीकराण का काम राजस्व मंत्री के करीबी और सभापति के पुत्र अभिनव सोनी द्वारा लिया गया था। डीएमएफ के10 करोड़ की लागत से सड़क का निर्माण हुआ और 3 साल की गारंटी के बावजूद बनने के पहले ही साल में सड़क उखड़ गई। हर साल बारिश में सड़कों परें गड्ढे बन जाते हैं। टूटी-फूटी सड़कों से धूल के साथ बारीक गिट्टियां उड़ने के कारण आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। अब जबकि चुनाव सिर पर है और मंत्री को लोगों की जबरदस्त नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है तब सड़क डामरीकरण करने की जरुरत पड़ गई है। लखनलाल देवांगन ने सवाल किया है कि तीन साल में छह बार सड़क उखड़ी तो निगम प्रशासन ने संबंधित ठेकेदार पर कार्रवाई क्यों नहीं की?

### स्पाईन एवं स्वास्थ्य जागरुकता रैली निकाली गई



**कोरबा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेराजेम थैरेपी सेंटर कोरबा द्वारा आज प्रात: 11:30 बजे स्पाईन एवं स्वास्थ्य जागरुकता रैली निकाली गई। सेराजेम संचालक अरविंद सूर्यवंशी ने बताया कि डब्ल्यूएचओ विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा 16 अक्टूबर को पूरी दुनिया में वर्ल्ड स्पाइन डे मनाया जाता है। रीढ़ की हड्डी मानव शरीर की जड़ है, आज पूरी दुनिया में रीढ़ की हड्डी की परेशानी बढ़ती जा रही है। सेराजेम थैरेपी सेंटर के द्वारा पिछले 11 वर्षों से हड्डी को स्वस्थ करने के लिए कार्य किया जा रहा है। पूरे दिन में करीब 200 लोग सेराजेम का नि:शुल्क उपचार लेते हैं। स्पाईन जागरुकता रैली के माध्यम से लोगों को रीढ़ की हड्डी के बारे में जानकारी दी गई। उक्त जागरुकता रैली शारदा विहार सेराजेम सेंटर से शुरू होकर पॉवर हाऊस रोड होते हुए ट्रांसपोर्ट नगर चौक और यहां से बाईपास रोड शारदा विहार सेराजेम सेंटर में समाप्त हुई।

# नामांकन के अंतिम दिन निर्वाचन कार्यालय में उमड़ा अभ्यर्थियों का रेला

## आज 50 उम्मीदवारों ने जमा किए अपने-अपने नाम निर्देशन पत्र



**कोरबा-कटघोरा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्य में आसन्न विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए द्वितीय चरण हेतु नामांकन पत्र जमा करने की 30 अक्टूबर अंतिम तिथि होने के कारण जिला मुख्यालय में प्रत्याशियों का रेला लगा रहा। संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों के समक्ष उपस्थित होकर कोरबा, कटघोरा, रामपुर और पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न दलों एवं निर्दलीय प्रत्याशियों के द्वारा प्रस्तावक व समर्थक के साथ पहुंचकर नामांकन पत्र जमा किए गए। कुल 50 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किए जिसमें कोरबा विधानसभा से 18, रामपुर से 10, कटघोरा एवं 15 एवं पाली-तानाखार विधानसभा से 7 लोग शामिल हैं।

आज जिन्होंने नामांकन जमा किए उनमें कोरबा विधानसभा से सुनील सिंह सीपीआई, मदन लाल चन्द्र बली राजा पार्टी, घनश्याम चन्द्रा निर्दलीय, लखनलाल देवांगन निर्दलीय, सेवक राम अंचल निर्दलीय, सुनील कुमार तायल भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, रणबीर आदिले जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी, शेरे हक निर्दलीय, राजकुमार दुबे लोक जनशक्ति पार्टी, पूरन लाल साहू निर्दलीय और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे), सिमॉन फ्रांसिस निर्दलीय, प्रवीण मसीह निर्दलीय, अंकित अग्रवाल निर्दलीय, मिर्जा मुश्ताक अहमद निर्दलीय, अश्वनी कश्यप रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) शामिल हैं।

### रामपुर, कटघोरा व पाली तानाखार विधानसभा

इसी तरह रामपुर विधानसभा से बिरेश्वर साय पैकरा निर्दलीय, बालमुकुंद राठिया जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे), रामदयाल उरांव निर्दलीय, कन्हैया आनंद कंवर हमर राज पार्टी, वेदलाल धनवार निर्दलीय, अलेक्जेंडर टोप्पो जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने आज नामांकन जमा किया। कटघोरा विधानसभा से अजय सिंह निर्दलीय, रवि कुमार रजक निर्दलीय, सुदामा राम यादव निर्दलीय, भुवनेश्वर सिंह श्रोते गोंगपा, छत्रपाल सिंह कंवर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़, प्रकाश दास महंत निर्दलीय, कल्याण सिंह छत्तीसगढ़िया दल पार्टी, जवाहर सिंह कंवर सीपीएमआई, दिलीप सिंह अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया, सपुरन दास कुलदीप जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे), मिलन दास दीवान गण सुरक्षा पार्टी, रविन्द्र महंत निर्दलीय ने नामांकन भरा। इसी तरह पाली-तानाखार विधानसभा से देवराज सिंह मरकाम छत्तीसगढ़िया पार्टी, रामदयाल उईके भाजपा, बाबू सिंह कंवर निर्दलीय, छबि राज निर्दलीय, शिवरात सिंह पैकरा जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी, श्याम बाई धनवार निर्दलीय ने नामांकन दाखिल किया है।

# ट्रेलर की ठोकर से ग्रामीण हुआ घायल चक्काजाम के बाद मिली आर्थिक मदद



कोरबा, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। सर्वमंगला चौक से कनबेरी जाने वाले मार्ग पर सोमवार की सुबह करीब 6 बजे तेज रफ्तार ट्रेलर की ठोकर से सब्जी विक्रेता ग्रामीण घायल हो गया। आक्रोशित ग्रामवासियों ने सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया तो आनन-फानन में आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई।

जानकारी के अनुसार कुसमुंडा थाना क्षेत्र के सर्वमंगला पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम चंद्रनगर जटराज निवासी भागीरथी पटेल खेती-बाड़ी करता है। वह प्रतिदिन की तरह अपनी बाइक में सब्जी लेकर सर्वमंगला चौक जा रहा था। वह गांव के समीप जोड़ा पुल के पास पहुंचा था कि इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 एयू 1380 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक क्रमांक सीजी 12 एटी 6845 को ठोकर मार दिया। घटना में बाइक सवार भागीरथी पटेल को गंभीर चोटे आई। लोग मौके पर एकत्रित होते इससे पहले चालक वाहन छोड़ भाग निकला। दुर्घटनाकारित वाहन किसी पुरूषोत्तम शर्मा की बताई जा रही है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर एकत्रित हो गई। उन्होंने घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया वहीं आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग में तेज रफ्तार से वाहनों का परिचालन किया जाता है, जिससे आए दिन घटना हो रही है। भारी वाहनों की तेज रफ्तार पर नियंत्रण किया जाए। दुर्घटना और जाम की सूचना पर चौकी प्रभारी एएसआई विभव तिवारी मातहतों के साथ घटनास्थल पहुंचे और समझाईश दी।

मौके पर ट्रक मालिक की ओर से पीड़ित परिवार को 25 हजार रुपए तथा एसईसीएल प्रबंधन की ओर से 10 हजार रुपए की तात्कालिक आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इसके बाद समझाईश पर जाम हटा लिया गया। दुर्घटनाकारित और क्षतिग्रस्त वाहन को जप्त किया गया है।

### डॉ. प्रिंस जैन की दादी का निधन

कोरबा, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। रोटरी क्लब के सदस्य एवं एमडी मेडिसिन रोटेरियन डॉ. प्रिंस जैन की दादी श्रीमती लक्ष्मी जैन धर्म पत्नी स्व. तारा चंद जैन निवासी आर.पी.नगर कोरबा का देव लोक गमन सोमवार दोपहर लगभग 1 बजे हो गया। निधन की खबर से शुभचिंतकों में शोक व्याप्त हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निवास से शाम 4 बजे प्रारम्भ हुई व अंतिम संस्कार शाम 4 बजे पोड़ीबहर स्थित मुक्तिधाम में किया गया। शोकाकुल डा. प्रदीप जैन, डा. प्रिंस जैन एवं परिजनों सहित उपस्थित जनों ने मृतात्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

### एसईसीएल के विभागीय आवास का छज्जा गिरा

**कोरबा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। एसईसीएल के विभागीय आवासों की हालत काफी जर्जर हो चुकी है। आए दिन छत का प्लास्टर गिरने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इसी तरह की एक घटना में बालक घायल हो गया है। खतरे के बीच कर्मचारी और उनके परिजन रहने को मजबूर हो रहे हैं। एसईसीएल की दीपका-गेवरा कालोनी के आवास क्रमांक बी 1-85 की छत का छज्जा गिर गया।

# सामान्य प्रेक्षक सहित व्यय एवं पुलिस प्रेक्षक कोरबा पहुंचे

### आम नागरिकगण निर्वाचन संबंधी जानकारी मोबाइल में दे सकते हैं

**कोरबा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कोरबा जिले के चारों विधानसभा के लिये प्रेक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। सभी प्रेक्षक कोरबा पहुंच गये हैं। जिले में विधानसभा चुनाव से संबंधित जानकारी आम नागरिकगण अपने विधानसभा से संबंधित प्रेक्षकों के मोबाइल नंबर पर प्रदान कर सकते हैं। कुल 4 आब्जर्वर की नियुक्ति की गई है।

कोरबा और रामपुर विधानसभा के लिए आई.ए.एस. प्रियतु मंडल और पाली-तानाखार तथा कटघोरा विधानसभा के लिए आई.ए.एस सी.के.जमातिया की नियुक्ति सामान्य आब्जर्वर के रूप में की गई है। कोरबा, रामपुर पाली-तानाखार तथा कटघोरा विधानसभा के लिए ओ.एन.हरिप्रसाद राव आई.आर.एस. को व्यय प्रेक्षक बनाया गया है, जबकि पुलिस आब्जर्वर के रूप में सी.वेंकटा सुब्बा रेड्डी आई.पी.एस. को नियुक्त किया गया है। ये सभी कोरबा जिले में निर्वाचन तक उपस्थित रहकर निर्वाचन पर नजर रखेंगे। प्रेक्षक प्रियतु मंडल (आईएएस), मो.नं. 7587016645 से आम नागरिक प्रात: 9.30 बजे से 10.30 बजे तक कावेरी भवन गेस्ट हाउस, कटघोरा और पाली-तानाखार हेतु प्रेक्षक सी.के.जमातिया .(आईएएस), मो.नं. 7587016646 से आम नागरिकगण प्रात: 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक एनटीपीसी कावेरी भवन गेस्ट हाउस में मिलकर निर्वाचन संबंधी शिकायत कर सकते हैं। इसी तरह व्यय आब्जर्वर ओ.एन.हरिप्रसाद राव (आईआरएस) मो.नं. 7587016535 और पुलिस आब्जर्वर सी.वेंकटा सुब्बा रेड्डी (आईपीएस) मो.नं. 7587016647 से सुबह 9.30 बजे से 10.30 बजे तक एनटीपीसी कावेरी भवन गेस्ट हाउस में निर्वाचन संबंधी शिकायत की जा सकती है।

# हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में गर्भवती को राहत नहीं

### समय पर इलाज के अभाव में हुई महिला की मौत



**कोरबा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोरबा के वनांचल क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था ने सात महीने की एक गर्भवती महिला की जिंदगी छीन ली। एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल तक चक्कर लगाने के कारण उस महिला को सही समय पर उपचार की सुविधा नहीं मिल सकी। दूसरे अस्पताल में इलाज जब तक शुरू हो पाता, उससे पहले ही महिला ने दम तोड़ दिया। बताया गया कि रविवार 29 अक्टूबर की सुबह पुष्पांजलि कंवर को अचानक ठंड के साथ शरीर में दर्द शुरू हो गया। वह सात महीने की गर्भवती थी। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने बिना देर किए उसे चारपहिया में लेकर गढ़ स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पहुंचाया। यहां मौजूद महिला स्वास्थ्यकर्मी ने मरीज के द्वारा पूर्व में कराए गए सोनोग्राफी व जांच के रिपोर्ट्स देखे और इलाज से इंकार कर दिया। पति अपनी पत्नी के प्राथमिक उपचार के लिए महिला स्वास्थ्यकर्मी से गिड़गिड़ाता रहा, लेकिन वह सेंटर में मरम्मत कार्य चलने का हवाला देते हुए हाथ तक नहीं लगाई और किसी अन्य जगह ले जाने की सलाह दे दी। इस घटना से मृतका के परिजन शोक ग्रस्त व रोषित हैं। वे जल्द ही इस मामले की शिकायत कर सकते हैं।

### वरिष्ठ पत्रकार मनोज शर्मा को पितृशोक

कोरबा, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोरबा प्रेस क्लब के वरिष्ठ सदस्य एवं दैनिक भास्कर के ब्यूरो चीफ मनोज शर्मा के पिता शांतिलाल रविशंकर शर्मा (उपाध्याय) 87 वर्ष का आज सोमवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वे मनोज शर्मा, राजेश शर्मा (रायपुर), वर्षा पंड्या (भिलाई), भावना दवे (नागपुर) के पिता एवं दीप्ति व सोनल शर्मा के ससुर थे।

साथ ही ट्रांसपोर्ट नगर स्थित स्वाद रेस्टोरेंट के संचालक निशांत शर्मा के दादा थे। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान फाफाडीह रमण मंदिर वार्ड जलाराम बाक्स रायपुर से निकलकर देवेन्द्र नगर मुक्तिधाम गई, जहां अंतिम संस्कार किया गया।

कोरबा प्रेस क्लब परिवार ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

# दस हजार के सिक्के लेकर प्रत्याशी पहुंचा नामांकन भरने



**कोरबा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के आखिरी दिन उस समय अजीबो गरीब की स्थिति निर्मित हो गई जब तुलसीनगर बस्ती निवासी गणेश दास महंत सिक्कों से भरी बोरी लेकर नामांकन दाखिल करने पहुंच गया। अपने प्रस्तावक व समर्थक के साथ कोरबा विधानसभा से नामांकन दाखिल करने रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष में पहुंचे गणेश दास ने एक बोरी साथ में रखा था जिसमें एक, दो, पांच व दस रुपए के सिक्के भरे थे। नामांकन शुल्क जमा करने के लिए ये सिक्के वह लाया था। रिटर्निंग अधिकारी ने एक हजार तक ही सिक्के जमा करने की बात कही और शेष सिक्के जमा करने से इंकार कर दिया। इसके कारण गणेश दास महंत और उसके समर्थक व प्रस्तावक मायूस होकर लौट आये। गणेश दास ने बताया कि चुनाव के लिए नामांकन शुल्क हेतु उसके साथी चालक और वह खुद बीते चार साल से सिक्के एकत्रित करते आ रहे थे, क्या सिक्के पर आरबीआई का प्रतिबंध है या फिर चलन से बाहर हो चुका है।

# गुजराती समाज ने मनाया शरद पूर्णिमा उत्सव



**कोरबा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्री गुजराती समाज व कच्छ कड़वा पाटीदार समाज के संयुक्त तत्वाधान में पाटीदार भवन टीपी नगर में शनिवार को शरद पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। भगवान कृष्ण की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर समाज के युवक-युवतियों सहित महिलाओं ने गरबा का भी आनंद लिया। मनोरंजक कार्यक्रम के तहत हौजी में लोगों ने अपनी किस्मत आजमाई। पाटीदार समाज के अध्यक्ष हरि भाई पटेल व गुजराती समाज के अध्यक्ष नलीन भाई शाह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों को शरद पूर्णिमा की बधाई देते हुए कहा कि आगामी दिनों में भी इस तरह के आयोजन किए जाएंगे। अंत में खीर प्रसाद तथा विभिन्न व्यंजनों का सभी सदस्यों ने लुत्फ उठाया।

### पुन: मूल्यांकन के परिणाम जारी करने अभाविप ने लिखा पत्र



**कोरबा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुन: मूल्यांकन का परीक्षा परिणाम जारी करने के संबंध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, कोरबा ने शासकीय ई. वी.पी. जी. कॉलेज के प्राचार्य के माध्यम से अटल विहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति को पत्र लिखा है। अभाविप के जिला संयोजक सनी यादव ने कहा है कि पिछली परीक्षा के परिणाम से असंतुष्ट हुए विद्यार्थियों द्वारा पुन: मूल्यांकन हेतु फॉर्म भरा गया था जो कि काफी समय उपरांत भी परिणाम विद्यार्थियों के समक्ष नहीं आ पाया है जिस कारण सैकड़ों विद्यार्थी भयभीत व चिंतित हैं। इसलिए पिछले परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट हुए विद्यार्थियों द्वारा पुन: मूल्यांकन फॉर्म का परिणाम जल्द से जल्द जारी किया जाए जिससे विद्यार्थी परीक्षा परिणाम जान सकें और आगे की पढ़ाई को सुचारू कर सकें। ज्ञापन सौंपने के दौरान अभाविप के अन्य सदस्यगण भी उपस्थित रहे।

# केराकछार के ग्रामीणों ने किया चुनाव बहिष्कार का ऐलान

### रामपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण व पहाड़ी कोरवा जूझ रहे सड़क की समस्या से

**कोरबा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। रामपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण लगातार चुनाव बहिष्कार का ऐलान कर रहे हैं। पूर्व में ग्रामीणों द्वारा किए गए चुनाव बहिष्कार के ऐलान के बाद प्रशासन हरकत में आया था। समझाइश के बाद किसी तक ग्रामीणों को चुनाव के लिए मनाया गया था। अब रामपुर विधानसभा क्षेत्र के ही ग्राम केराकछार के ग्रामीण सामूहिक चुनाव बहिष्कार को लेकर लामबंद हो गए हैं। उनमें उनके लिए आज तक एक पहुंच मार्ग तक नहीं बनाए जा सकने को लेकर नाराजगी व्याप्त है। इस मसले पर उन्होंने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में कहा कि ग्राम केराकछार तहसील करतला के मोहल्ला जगधर खोला के ग्रामीणों एवं पहाड़ी कोरवा द्वारा विगत कई वर्षो से पहुँचमार्ग हेतु शासन-प्रशासन से लगातार आवेदन -निवेदन किया जा रहा है, लेकिन ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं में एक पहुँच मार्ग से वंचित रखा गया है। ग्रामीणों के पहुँच मार्ग को ध्यान नहीं दिया गया जिस कारण से उनके बच्चों को विद्यालय आने-जाने में हमेशा खतरों का सामना करना पड़ता है। बीमार पड़ने पर उनके मोहल्ला तक एम्बुलेंस तक नहीं आ सकती, इस कारण स्वास्थ्य सुविधाओं से भी वंचित हो जाते हैं। ग्रामीणों ने कहा है कि वे बहुत दुखी मन से आगामी विधानसभा चुनाव का सामूहिक बहिष्कार करने की अपनी मंशा से प्रशासन को अवगत करा रहे हैं।

### चर्चा-ए-चौक : संदर्भ कोरबा विधानसभा




**कोरबा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के लिए मतदान की तारीख आने में बस 17 दिन शेष हैं। इसके पहले चौक-चौराहे पर चुनावी चकल्लस और चर्चाओं का दौर हल्की-फुल्की ठण्डक के बीच चाय के साथ शुरू हो गई है। कोरबा विधानसभा अपेक्षाकृत ज्यादा ही सुर्खियों में है। 15 साल के विधायक और इसमें पांच साल के मंत्री का चेहरा बदलेगा या नहीं, लखनलाल देवांगन टक्कर दे पाएंगे कि नहीं, मतदाताओं के हाथ क्या कुछ आएगा या दबा रह जाएगा... इस बात की चर्चा अब खुलेआम होने लगी है। इन सबके बीच हर किसी की जुबान से चाहे व भाजपाई हो या कांग्रेसी, अंडर करंट का शब्द अनायास ही निकल रहा है। यह अंडर करंट राजनीतिक तकिया कलाम की तरह वायरल हो गया है। जिसे देखो वही कहता है साहब, अंडर करंट तो है लेकिन वो ये नहीं बता रहा कि करंट किसके पक्ष में अंडरग्राउंड है। प्रत्याशियों के समर्थक अपने-अपने खेमे को मजबूत तो बता ही रहे हैं लेकिन अन्त में डरते-डरते किन्तु-परन्तु भी जोड़ रहे हैं कि भैय्या इस बार हालत बहुत टाईट है...।

# सार-संक्षेप

## प्रेक्षकों ने किया स्ट्रांग रूम का अवलोकन



**बलरामपुर,** 30 नवम्बर 2023/ विधानसभा निर्वाचन 2023 विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 07-रामानुजगंज के सामान्य प्रेक्षक श्री ताई काये एवं 08-सामरी के सामान्य प्रेक्षक श्री डॉ. जय कृष्ण अभीर तथा पुलिस प्रेक्षक श्री उमापति जामवाल ने लाइवलीहुड कॉलेज भेलवाडीह में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का, पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रेना जमील, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अमित श्रीवास्तव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री चंदेश सिंह ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री करुण कुमार डहरिया, तहसीलदार बलरामपुर तथा निर्वाचन संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण में प्रेक्षकों द्वारा लाइवलीहुड कॉलेज परिसर में बनाए गए सामग्री वितरण स्ट्रांग रूम एवं मतदान के पश्चात ई.व्ही.एम. एवं व्ही.व्ही. पैट मशीन जमा कक्ष तथा मतगणना कक्ष का अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने विधानसभावार ईव्हीएम मशीनों के रखने बनाये गए कक्ष का भी बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने परिसर में बनाये गए स्ट्रांग रूम में सभी आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा मतगणना दिवस के दिन कॉलेज परिसर में सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वाहन पार्किंग की व्यवस्था की जानकारी लेते हुए वाहनों के लिए सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने मतगणना दिवस के दिन मतगणना कर्मियों के लिए मीडिया सेंटर हेतु चिन्हांकित जगह का निरीक्षण भी किया।

## सामान्य प्रेक्षक ने कंट्रोल रूम, एमसीएमसी, सी-विजिल एवं सुविधा कक्ष का किया निरीक्षण



**बलरामपुर,** 30 अक्टूबर(देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में विधानसभा क्षेत्र रामानुजगंज के लिये नियुक्त किए गए व्यय प्रेक्षक श्री ताई काये एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का, पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में स्थापित जिला निर्वाचन कार्यालय अंतर्गत कंट्रोल रुम, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति(एमसीएमसी), सी-विजिल एवं सुविधा कक्ष का अवलोकन किया। सामान्य प्रेक्षक श्री काये ने जिला निर्वाचन कार्यालय कक्ष में पहुंचकर कार्यालयीन व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। तत्पश्चात उन्होंने मीडिया अनुवीक्षण प्रमाणन समिति कक्ष में सोशल, इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट मीडिया पर राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन, पेड न्यूज के मामलों में निगरानी के बारे में जानकारी ली। साथ ही उन्होंने सुविधा और सीविजिल ऐप के बारे में भी पूछा तथा अब तक दिए गए परमिशन के संबंध में भी जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री भागवत जायसवाल एवं जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी उपस्थित थे।

## निर्वाचन आयोग ने किया सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के मतदान केंद्रों के भवनों, स्थल और नाम परिवर्तन



**सारंगढ़-बिलाईगढ़,** 30 अक्टूबर(देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले के विधानसभा क्षेत्रों के भवन, स्थल और नाम परिवर्तन के प्रस्तावों को निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदन दिया गया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए जिले से सम्बन्धित विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों के 8 भवन परिवर्तन के लिए राज्य निर्वाचन आयोग को प्रस्तावित किया गया था। निर्वाचन आयोग के अनुमोदन उपरांत भवन परिवर्तन में सारंगढ़-17 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक-149 दानसरा-1 क.प्रा. शाला भवन दानसरा को हाईस्कूल दानसरा, मतदान केंद्र क्रमांक -149 दानसरा-2 क.मा. शाला भवन को हाईस्कूल दानसरा, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक-168 सारंगढ़ ग्रामीण प्राथमिक शाला कुशलनगर को आंगनबाड़ी केन्द्र कुशलनगर, मतदान केंद्र क्रमांक-170 प्राथमिक शाला भवन रानीसागर को प्रा. शाला खैरहा एवं मतदान केंद्र क्रमांक-202 प्रा. शा. तेन्दुढार को प्रा. शा. सुरली किया गया है। इसी क्रम में बिलाईगढ़-43 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक-347 शा. प्रा. शाला भवन दुरुग को शा. उच्चतर मा. विद्यालय दुरुग, मतदान केंद्र क्रमांक-226 शा. प्रा. शाला भवन लिमतरी को अतिरिक्त कक्ष प्रा. शाला भवन लिमतरी एवं मतदान केंद्र क्रमांक-11 प्रा. शा. भवन कोटियाडीह को आदर्श शा. प्रा. शाला कोटियाडीह किया गया है।

## आमजन हसदेव हाउस में सामान्य प्रेक्षक से कर सकते हैं मुलाकात

**मनेन्द्रगढ़,** 30 अक्टूबर(देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 01 भरतपुर- सोनहत (अ.ज.जा.) तथा 02 मनेन्द्रगढ़ हेतु नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री ललीत मोहन रयाल (आई.ए.एस.) (मोबाईल नंबर 7587016671) एवं व्यय प्रेक्षक श्री सौरभ नारायण नायक (आई.आर.एस.) मोबाईल नंबर 7587016673) मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में उपस्थित हैं। आम नागरिक व्यक्तिगत तौर पर उनसे मिलकर निर्वाचन से संबंधित अपनी बात सप्ताह में मंगलवार एवं शुक्रवार को प्रातः 10ः00 बजे से 11ः00 बजे तक हसदेव रेस्ट हॉउस, नई लेदरी मनेन्द्रगढ़ में उनके समक्ष रख सकते हैं।

# सामान्य व पुलिस पर्यवेक्षक ने ली चुनावी तैयारियों का जायजा

### पर्यवेक्षक नारायण चंद्र सरकार एवं मोहम्मद अख्तर रिजवी निर्वाचन तैयारी को लेकर पहुंचे कोरिया

### स्ट्रांग रूम एवं नियंत्रण कक्ष जाकर अधिकारियों-कर्मचारियों से पूछे सवाल

**कोरिया,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोरिया जिला सहित पूरे प्रदेश में 9 अक्टूबर से आचार संहिता प्रभावशील है। लगातार जिला निर्वाचन अधिकारी व उनके अमले बैठक, दौरा, दिशा-निर्देश, मतदाता जागरूकता अभियान व प्रशिक्षण में व्यस्त है। बता दें कोरिया में द्वितीय चरण में 17 नवम्बर को मतदान होना है और आज नामांकन पत्र दाखिला करने की अंतिम तिथि भी है।

सामान्य पर्यवेक्षक श्री नारायण चंद्र सरकार (आई.ए.एस.) तथा पुलिस पर्यवेक्षक श्री मोहम्मद अख्तर रिजवी (आई.पी.एस) विधानसभा निर्वाचन की तैयारी को लेकर कोरिया जिले पहुंचे हुए हैं। आज सुबह दोनों पर्यवेक्षक श्री नारायण चन्द्र सरकार और श्री मोहम्मद अख्तर रिजवी, रामानुज शासकीय उच्च. माध्य. विद्यालय, बैकुण्ठपुर में बनाए गए स्ट्रांग रूम का जायजा लिया। वहां उपस्थित अधिकारियों से मतदान, मतगणना आदि तैयारियों के बारे में सवाल भी पूछे। दोनों पर्यवेक्षक कलेक्ट्रेट स्थित नियंत्रण कक्ष एवं एमसीएमसी कक्ष जाकर पंजी संधारण के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। नियंत्रण कक्ष में उन्होंने शिकायत, सुझाव के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि किसी भी जानकारी या समस्या दूरभाष पर आते ही अपने मातहत अधिकारियों को अवगत कराएं और निर्धारित समय पर उसका निराकरण भी करें। एमसीएमसी कक्ष में जाकर संबंधित कर्मियों एवं अधिकारियों से पैड, फेक न्यूज तथा विज्ञापन आदि के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। पर्यवेक्षकों ने आर.ओ. कक्ष जाकर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से नामांकन संबंधी जानकारी भी प्राप्त की। पर्यवेक्षक नारायण चंद्र सरकार ने अधिकारियों-कर्मचारियों से कहा कि वैसे तो हर कार्य महत्वपूर्ण होता है लेकिन निर्वाचन कार्य बहुत ही जिम्मेदारी व गंभीर पूर्वक कार्य होते हैं, इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों से कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशों का अध्ययन करते हुए कार्य करें। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित अधिकारियों से जरूर जानकारी लें। पुलिस पर्यवेक्षक श्री मोहम्मद अख्तर रिजवी ने सुरक्षा तथा वाहन संबंधी जानकारियों का जायजा लिया। उन्होंने जिले में शांति के साथ मतदान व मतगणना करने पर जोर देते हुए कहा कि आम लोगों को मतदान स्थल पर आने-जाने में कोई परेशानी न हो, इस पर व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने पर्यवेक्षकों को मतदान की तैयारी, मतगणना स्थल, स्ट्रांग रूम, नियंत्रण कक्ष, मतदान केन्द्रों तथा पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल ने पर्यवेक्षकों को एफ.एस.टी. एवं एस.एस.टी., नाके, जांच, कार्यवाही के बारे में जानकारी दी।



# व्यय प्रेक्षक करेंगे अभ्यर्थियों के व्यय लेखे की जांच

### अभ्यर्थी अपने व्यय पंजी की जांच निर्धारित तिथि में अवश्य करायें

**बलरामपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 223 के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री के. सुनील कुमार नायर के द्वारा बताया गया कि चुनाव लड़ रहे सभी अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय पंजी की तीन बार जाँच की जाएगी।

सभी अभ्यर्थियों को प्रतिदिन के निर्वाचन व्यय के लिखे को संधारित करने हेतु पंजी प्रदाय की गई है। जिसमें उन्हें अपने व्यय का हिसाब पंजी में संधारित कर रखना होगा तथा अभ्यर्थियों को उस पंजी की व्यय प्रेक्षक के द्वारा कम से कम तीन बार जांच करानी होगी।

इसके लिए दोनो विधानसभा क्षेत्रों हेतु तिथि निर्धारित कर दी गई है। विधानसभा क्षेत्र `7 रामानुजगंज के लिए`4 नवम्बर,`9 नवम्बर और 15 नवम्बर की तिथि निर्धारित की गई है, उसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र`8 सामरी के लिये`3 नवम्बर,`7 नवम्बर एवं 14 नवम्बर की तिथि निर्धारित की गयी है। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए उक्त तिथियों को उनके पंजी में भी अंकित की गयी हैं।

रिटर्निंग अधिकारियों के द्वारा सभी अभ्यर्थियों से अपील की गयी है कि सभी अभ्यर्थी अपना व्यय पंजी अनिवार्य रूप से निर्धारित तिथियों में जांच व्यय प्रेक्षक से करवाएं। उक्त जांच निर्धारित तिथियों को अपराह्न 2 बजे से शाम 5 बजे तक व्यय प्रेक्षक द्वारा की जायेगी।

विधानसभा निर्वाचन 2023

# भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त समस्त प्रेक्षक पहुंचे अम्बिकापुर, कलेक्टर व एसपी ने किया स्वागत

### प्रेक्षकों से मिलने का समय एवं स्थान निर्धारित

**अम्बिकापुर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले की समस्त विधानसभा क्षेत्रों हेतु प्रेक्षकों की नियुक्ति की गई है। जिले में निर्वाचन कार्य हेतु नियुक्त सभी प्रेक्षक सोमवार को अम्बिकापुर पहुंच चुके हैं। समस्त प्रेक्षकों से मुलाकात कर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक सरगुजा ने उनका स्वागत किया।

इसी कड़ी में प्रेक्षकों से सम्पर्क करने हेतु मोबाइल नम्बर तथा मिलने का समय एवं स्थान निर्धारित किया गया है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा के सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री बी सी सतीशा से मिलने का समय सुबह 10:00 से 11:00 बजे निर्धारित हैं, इनका संपर्क नम्बर 7587016680 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर के सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री रूपवंत सिंह से मिलने का समय सुबह 10:00 से 11:00 बजे है, इनका संपर्क नंबर 7587016681 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर के सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री पी कोटेश्वर राव से मिलने का समय दोपहर 3:30 से 5:30 बजे तक है, इनका संपर्क नंबर 7587016682 है। निर्वाचन हेतु नियुक्त पुलिस प्रेक्षक आईपीएस श्री अमित बरदार से मिलने का समय सुबह 11:00 से 12:00 बजे तक निर्धारित है, इनका संपर्क नम्बर 7587016683 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर के व्यय प्रेक्षक आईआरएस श्री विजय बहादुर वर्मा से मिलने का समय सुबह 10:00 से 11:00 बजे तक है, इनका सम्पर्क नम्बर 7587016492 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर के व्यय प्रेक्षक आईआरएस श्री मंजूनाथ ए.एन. से मिलने का समय सुबह 10:00 से 12:00 बजे तक है।



# विधानसभा निर्वाचन के नियुक्त प्रेक्षकों ने निर्वाचन कार्यों का लिया जायजा

### नामांकन कक्ष, निर्वाचन एवं एसपी कार्यालय, इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**अम्बिकापुर,** 30 अक्टूबर(देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्य हेतु सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए सामान्य, पुलिस एवं व्यय प्रेक्षकों की नियुक्ति की गई है। जिले में निर्वाचन कार्य हेतु नियुक्त विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा के सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री बी सी सतीशा, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर के सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री रूपवंत सिंह, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर के सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री पी कोटेश्वर राव हैं। पुलिस प्रेक्षक आईपीएस श्री अमित बरदार, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर के व्यय प्रेक्षक आईआरएस श्री विजय बहादुर वर्मा, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर के व्यय प्रेक्षक आईआरएस श्री मंजूनाथ ए.एन. हैं। सोमवार को समस्त प्रेक्षकों से सर्किट हाउस में मिलकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार तथा पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा ने उनका स्वागत किया।

इस दौरान प्रेक्षकों ने जिला कलेक्टरेट परिसर में विधानसभा निर्वाचन हेतु निर्धारित नामांकन कक्षों का अवलोकन किया तथा रिटर्निंग अधिकारियों से नामांकन कार्य का जायजा लिया। इसके बाद प्रेक्षकों द्वारा कलेक्टर एवं एसपी के साथ में जिला कार्यालय परिसर में कंपोजिट बिल्डिंग एनेक्स का निरीक्षण किया। इंटीग्रेटेड कंट्रोल एवं कमांड यूनिट में स्थापित एमसीएमसी कक्ष, कंट्रोल रूम, सी विजिल कक्ष, व्यय शाखा सहित अन्य कक्षों का अवलोकन कर निर्वाचन सम्बन्धी तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान पुलिस अधीक्षक कार्यालय, निर्वाचन कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों का भी निरीक्षण किया।



# उपमुख्यमंत्री सिंहदेव की उपस्थिति में कांग्रेस प्रत्याशियों ने किया नामांकन दाखिल, रैली में दिखाई ताकत

**सूरजपुर** 30 अक्टूबर (देशबन्धु) जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशियों ने उप मुख्यमंत्री टी.एस.सिंह देव के उपस्थिति में नामांकन जमा किया और रंगमंच से कलेक्ट्रेट तक नामांकन रैली निकालकर जबरदस्त शक्ति प्रदर्शन किया।इससे पहले भाजपा ने भी नामांकन रैली निकालकर अपनी ताकत का एहसास कराया था।कांग्रेस की नामांकन रैली में भारी भीड़ को देखकर उपमुख्यमंत्री सिंहदेव प्रसन्न नजर आए और कहा की कार्यकर्ताओं का उत्साह बता रहा है कि हम जिले की तीनों विधानसभा सीटे जीतेंगे।उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की उपलब्धियां ही चुनाव का प्रमुख मुद्दा होगा इसे लेकर हम गांव-गांव घर-घर तक जाएंगे।

जिले की प्रेमनगर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी खेलसाय सिंह, भटगांव से पारसनाथ राजवाड़े व प्रतापपुर से श्रीमती राजकुमारी मरावी ने नामांकन के अंतिम दिन नामांकन रैली निकालकर उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंह देव की उपस्थिति में अपना नामांकन फार्म जमा किया रैली में तीनों विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।पारंपरिक शैला सुगा नृत्य भी रैली का आकर्षण का केंद्र रहा।रंगमंच प्रांगण से रैली कलेक्ट्रेट तक पहुंची जहां प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया।इस दौरान यातायात व्यवस्था बनाने में पुलिस प्रशासन को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।इस दौरान श्री सिंहदेव ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की 5 सालों में कराए गए विकास कार्य चुनाव का प्रमुख मुद्दा होगा जिसे लेकर हम लोगों के बीच जाएंगे। किसानों का कर्ज माफी,केजी से पीजी तक की मुफ्त शिक्षा की घोषणा भी कांग्रेस ने कर दी है। उन्होंने एक सवाल पर कहा की बागियों को भी मना लिया जाएगा। नामांकन रैली में श्री सिंह देव के विलंब पहुंचने पर सभा की अनुमति समाप्त हो चुकी थी जिससे वे सभा को संबोधित नहीं कर पाएऔर सीधे नामांकन रैली में शामिल हुए। नामांकन के अंतिम दिन 46 अभ्यर्थियों ने दाखिल किया नामांकन पत्र,सर्वाधिक 26 अभ्यर्थी भटगांव से रहे शामिल सोमवार को नामांकन के अंतिम दिन नामांकन जमा करने वाले अभ्यर्थियों का कतार लगी रही।प्रेमनगर से जहां 9,भटगांव से सर्वाधिक 26 व प्रतापपुर से 11 अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म जमा किया है।तीनों विधानसभा क्षेत्र से आज नामांकन फार्म लेने वालों में नौ लोग शामिल रहे।प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र में नामांकन दाखिल करने वाले अभ्यर्थियों में राजेश कुमार जगत, निर्दलीय भूलन सिंह,विमलेश दत्त तिवारी,संतोष विश्वकर्मा,कोतमा अंगद श्रीवास, खेलसाय सिंह,तिलेश्वरी शांडिल्य,वीरेंद्र कुमार भटगांव विधानसभा से मोतीलाल पैकरा, पारसनाथ राजवाड़े,लक्ष्मी राजवाड़े मोतीलाल पैकरा, आलम सिंह, समय लाल पाटिल,पारस राजवाड़े अशोक कुमार राजवाडे,कपिल देव पैकरा,कपिल देव पैकरा पारसनाथ राजवाड़े अमरनाथ सिंह नरेंद्र साहू संदीप कुमार कुशवाहा मोहित राम राजवाडे सुरेंद्र गुप्ता अजय कुमार कुशवाहा अजय कुमार कुशवाहा उषा गुप्ता पारसनाथ राजवाड़े प्रदीप कुमार प्रदीप कुमार कलावती सारथी सोनू लाल भगत राजेश कुमार जायसवाल धर्मेंद्र कुमार कौशल राजवाड़े शामिल है।



# मतदान दल के रूप में निर्वाचन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए सभी तैयार रहें - डॉ.चतुर्वेदी सीईओ

**कोरिया,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन में संलग्न मतदान दल कार्य के लिए आवश्यक है कि सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी तरह से मतदान प्रक्रिया पूर्ण कराने की जानकारी हो। इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरिया श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार सभी अधिकारी कर्मचारियों का क्रमशः प्रशिक्षण कराया जा रहा है। इस अनुक्रम में मतदान दल गठन के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की आवश्यकता के अनुसार सभी को लगातार प्रशिक्षित किया जा रहा है। आज जिला पंचायत के मंथन कक्ष और ऑडिटोरियम में मास्टर ट्रेनर ने उपस्थित अतिरिक्त शासकीय कर्मचारियों को मतदान केंद्रों में जिम्मेदारी के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण सत्र को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि मतदान केंद्र में आपके द्वारा की जाने वाली सभी प्रक्रिया पूरी तरह से निर्धारित हैं, आपको केवल उनका सही तरीके से निष्पादन करना है। आपको सभी यूनिट को संलग्न करना, मॉक पोल करवाना, उसके रिकॉर्ड हटाना और फिर पूरी मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष रूप से सम्पादित करवाना होगा। किसी भी कठिन स्थिति में बिना किसी घबराहट के आपको निर्धारित नियमों के अनुसार ही कार्यवाही करनी है।

कोई भी अतिरिक्त निर्णय लेकर कुछ भी न करें। प्रशिक्षण के बाद सभी प्रशिक्षुओं से उन्होंने क्रम से प्रशिक्षण के विभिन्न बिंदुओं पर प्रश्न पूछे और उनके निराकरण की जानकारी प्रदान की। मतदान कार्य पूरा कराने के बाद केंद्र से निकलने के पश्चात सीधे स्ट्रांग रूम आने के बारे में जानकारी देने के साथ उन्होंने कहा कि केंद्र से निकलकर ईव्हीएम मशीन और दस्तावेज जमा कराने तक आप पूरी सजगता से कार्य करें।

## सामान्य प्रेक्षक ने किया नामांकन कक्ष का निरीक्षण

**मनेन्द्रगढ,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किए गए सामान्य प्रेक्षक श्री ललीत मोहन रयाल (आईएएस) ने आज नामांकन तिथि के अंतिम दिवस पर जिला कार्यालय के भीतर संचालित दोनों नामांकन कक्ष का निरीक्षण किया। श्री ललीत मोहन रयाल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 01 भरतपुर-सोनहत (अ.ज.जा.) तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 02 मनेन्द्रगढ़ दोनों नामांकन कक्ष में पहुंचे थे। जहां उन्होंने नामांकन की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो रही है या नहीं इसके संबंध में उपस्थित संबंधितों से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने सामान्य निर्वाचन शाखा, एमसीएमसी कक्ष सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नरेन्द्र कुमार दुग्गा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनिल सिदार, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रवीण भगत, अभिजीत कौशिक डीआईओ इत्यादि उपस्थित थे।

# 3 डीजे संचालकों के डीजे साउंड सिस्टम जब्त

### ध्वनि प्रदूषण को लेकर पुलिस प्रशासन सख्त

### मेले में देर रात तक डीजे बजाना पड़ा महंगा

**रायगढ़** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। ध्वनि प्रदूषण को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस बेहद गंभीर है तथा नियमों के उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। माननीय उच्चतम उच्च न्यायालय के आदेशानुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ सदानंद कुमार द्वारा बिना अनुमति एवं देर रात डीजे चलने वालों पर प्रभावी रूप से कार्रवाई का निर्देश सभी थाना, चैकी प्रभारियों को दिया गया है, निर्देशों पर शहर एवं लैलूंगा थाना क्षेत्र में लगातार कार्रवाई देखी गई है।

इसी कड़ी में कल रात गस्त पेट्रोलिंग दौरान 29 अक्टूबर के करीब 02 बजे थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज को ग्राम राजपुर से मुखबीर के जरिए द्वारा दुर्गा मेला सार्वजनिक स्थल पर तेज आवाज में डीजे बनाने की सूचना मिला, सूचना पर तत्काल टीआई लैलूंगा अपने स्टाफ के साथ ग्राम राजपुर बथानपारा दुर्गा मेला स्थल पर पहुंचे, जहां 3 अलग-अलग स्थानों पर तेज आवाज में डीजे साउंड सिस्टम बजते मिला।



थाना प्रभारी द्वारा तीनों डीजे संचालक वीरेंद्र कुमार प्रधान, श्रवण बंसल और फिलमोन कुजूर को मौके पर बुलाकर जानकारी दिया गया कि माननीय उच्च न्यायालय एवं जिला प्रशासन द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के लिए निर्देश जारी किया गया है जिनके अनुसार रात्रि 10 बजे के बाद डीजे बजाना कोलाहल अधिनियम एवं अनुज्ञा का उल्लंघन है तथा उनके कृत्य पर तीनों डीजे संचालकों के कुल - डीजे साउंड सिस्टम के 14 बाक्स , 6 नग एमप्लीफायर, 6 नग कॉर्डलेस माइक, 4 चोंगा और 1 जनरेटर की जब्ती कर थाने लाया गया। डीजे संचालकों को हिदायत दिया गया है कि समय सीमा के भीतर, निर्धारित ध्वनिसीमा में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करें अन्यथा पुलिस कार्रवाई करेगी। एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर तीनों डीजे संचालक श्रवण बंसल पिता सत्यानारायण बंसल उम्र 34 साल निवासी बाजारपारा लैलूंगा फिलमोन कुजूर पिता विजय कुजूर उम्र 25 साल निवासी रूपडेगा थाना लैलूंगा , वीरेंद्र कुमार प्रधान पिता भारत लाल प्रधान उम्र 32 साल निवासी राजगांव थाना लैलूंगा पर थाना लैलूंगा में कोलाहल अधिनियम 1985 की धारा 10, 15 के तहत कार्रवाई किया गया है। कार्यवाही में निरीक्षक थाना प्रभारी लैलूंगा मोहन भारद्वाज, सहायक उप निरीक्षक कमल सिंह राजपूत एवं हमराह स्टाफ शामिल थे।

## सार-संक्षेप

### पूर्व नपं अध्यक्ष के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई को लेकर निकाली रैली



**डभरा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज नगर पंचायत डभरा के नगरवासियों ने रैली निकाल कर राज्यपाल छत्तीसगढ़ के नाम पर तहसीलदार डभरा को ज्ञापन सौंपा है ।

ज्ञापन में कहा गया है कि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार चन्द्रा पिता श्यामलाल चन्द्रा, उम्र 45 वर्ष के खिलाफ राजनीतिक षड्यंत्र कर जबरन जिला बदर की कार्रवाई की गई है जिसको लेकर नगरवासियों में भारी आक्रोश है। जिसे लेकर 30 अक्टूबर को नगर पंचायत डभरा के महिलाओ एवं युवा सैकड़ों की संख्या में पहुंचकर तहसील कार्यालय डभरा में महामहिम राज्यपाल छत्तीसगढ़ के नाम लिखित ज्ञापन तहसीलदार डभरा को सौंप कर तत्काल अनिल कुमार चंद्रा को गृह नगर डभरा वापस लाने की मांग की गई। श्री चंद्रा नगर के प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं जो एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी जाने जाते हैं और नगर डभरा में गरीब वर्ग की सेवा करते हैं उनकी मदद करते हैं

उनके कार्यकाल में नगर डभरा में करोड़ों रुपयो का विकास कार्य कराया गया। राजनीतिक दुर्भावना पूर्ण जिलाबदर करने से उनके परिवार बच्चों के मौलिक अधिकारो का हनन हो रहा है, जबकि पूर्व में जो झूठे मामले दर्ज हुए थे उन सभी मामले में दोष मुक्त हो चुके हैं। नगरवासियों ने आरोप लगाया कि सभी मामलों में न्यायालय द्वारा दोष मुक्त होने के बाद भी ठीक विधानसभा चुनाव के पहले जनप्रतिनिधियो द्वारा चुनाव में हार के डर से राजनीतिक षड्यंत्र कर अधिकारियों को दबाव बना कर जिला बदर की कार्यवाही कराया गया है।

### 58 पाव देशी प्लेन शराब के साथ बिक्री करने वाले आरोपी गिरफ्तार



**जांजगीर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। चांपा पुलिस ने 58 पाव देशी प्लेन शराब के साथ बिक्री करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए जिला पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना चांपा पुलिस को 29 अक्टूबर 23 को मुखबीर से सूचना मिला की ग्राम सिवनी निवासी नारायण प्रसाद धीवर द्वारा अवैध रूप से देशी प्लेन शराब बिकी करने हेतु रखा है कि सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया। जिसके कब्जे 58 पाव देशी प्लेन शराब किमती 46,40 रुपया बिक्री रकम 200 रुपए बरामद किया गया है। आरोपी नारायण प्रसाद धीवर उम्र 50 साल निवासी भाठापारा सिवनी थाना चाम्पा के विरूद्ध थाना चाम्पा में अपराध की धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत् कार्यवाही किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरी, मनीष सिंह परिहार एवं थाना चाम्पा स्टाफ का योगदान रहा।

### किराना दुकान से अवैध फटाखा जप्त, नैला पुलिस की कार्यवाही



जांजगीर, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम कापन चौकी नैला में किराना दुकान से अवैध फटखा नैला पुलिस जप्त किया है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है की 29 अक्टूबर 23 को जरिए मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम कापन निवासी रमेश सिंह गौतम द्वारा अपने किराना दुकान में अवैध रूप से फटाखा का भंडारण कर बिक्री हेतु रखा है कि सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया। जिसके कब्जे से एक प्लास्टिक के बोरी में रखें विभिन्न प्रकार के अवैध फटाखा, जुमला कीमती 5 हजार 100 रुपए को बरामद कर पुलिस कब्जा में लिया गया। तथा आरोपी के विरुद्ध चौकी नैला में अपराध की धारा 9 (ख) विस्फोट अधिनियम के तहत विधिवत कार्यवाही किया है। उपरोक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक सत्यम चौहान चौकी प्रभारी ला,प्रधान आरक्षक अर्जुन जांगड़े आरक्षक राजेश कश्यप,शैलेंद्र राठौर, मिलन राठौर एवं चौकी नैला स्टॉप का सराहनीय योगदान रहा।

### ग्राहक बनकर आटो की चोरी करने वाला गिरफ्तार

**जांजगीर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। आटो रिक्शा चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार चोरी की आटोजब्त किया और उसे जेल भेजा गया।

पुलिस के अनुसार नैला चौकी में बजरंगीपारा नैला निवासी अविनाश चौहान ने 12 अकटूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई कि 6 अक्टूबर की सुबह लगभग 8.45 बजे वह अग्रसेन भवन नैला में था तभी एक व्यक्ति आया और बोला कि बिलासपुर जाना है कितना पैसा लगेगा । तब उसने उसे 15 सौ रूपए लेने की बात कही। वह बिलासपुर ले जाने राजी हो गया। अविनाश ने उसे कहा कि वह खाना खाकर आ रहा हैतब तक आटो में बैठे रहे। 20 मिनट बाद जब वह खाना खाकर आया तो अग्रसेन भवन के सामने से न तो आटो थी न वह ग्राहक । उसने घटना की सूचना नैला चौकी में दी। पुलिस ने उसके विरूद्ध भादवि की धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया और मामले की विवेचना शुरू की। इस दौरान पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम लिमतरा वार्ड नंबर 17 थाना मस्तुरी जिला बिलासपुर निवासी धर्मेन्द्र कुमार पात्रे (37) आटो की चोरी किया है। पुलिस ने उसके घर दबिश दी और चोरी गई आटो क्रमांक सीजी 10 एएम 9039 को जब्त किया। आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी एसआई सत्यम चौहान , प्रधान आरक्षक रूद्रनारायण कश्यप, आरक्षक संतोष प्रधान, निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी एवं सायबर सेल जांजगीर का योगदान रहा।

# रैली निकाल शक्ति प्रदर्शन कर कांग्रेस प्रत्याशियों ने भरा पर्चा









**जांजगीर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश में दूसरे चरण में होने वाले मतदान के तहत जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र के लिए आज नाम निर्देशन के अंतिम दिन कई प्रत्याशियों ने अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया, जिसमें कांग्रेस के तीनों प्रत्याशियों ने भी अपना पर्चा दाखिल किया। इसके पूर्व नैला से सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति के साथ रैली निकाली गई जो प्रमुख मार्गो से होते हुए शक्ति प्रदर्शन किया। जिसके पश्चात जांजगीर चांपा विधानसभा के प्रत्याशी व्यास नारायण कश्यप, अकलतरा से कांग्रेस प्रत्याशी राघवेंद्र कुमार सिंह एवं पामगढ़ सुरक्षित सीट से श्रीमती शेष राज हरबंस ने अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया।

इसके पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी राघवेंद्र कुमार सिंह के पक्ष में अकलतरा में भी सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने उनके निवास से रैली के रूप में बड़ी संख्या में शामिल होकर जिला मुख्यालय के लिए कुच किया। इसी तरह पामगढ़ प्रत्याशी श्रीमती शेष राज हरबंस भी अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ पामगढ़ से जिला मुख्यालय पहुंची थी, जिससे आज जिला मुख्यालय में पार्किंग व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन को कड़ी में मशक्कत करनी पड़ी। हालांकि कलेक्ट्रेट में पहले से ही चाक चौबंद व्यवस्था के कार्यकर्ताओं को प्रवेश करने को नहीं मिला । इसके पूर्व पिछले 27 अक्टूबर को भाजपा के प्रत्याशियों ने भी अपना शक्ति प्रदर्शन किया था जिसमें केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडवीया आए हुए थे इसके अलावा आज नाम निर्देशन के अंतिम दिन होने के चलते कई निर्दलीय वी क्षेत्रीय पार्टियों के प्रत्याशी भी नाम निर्देशन पत्र जमा करने मुख्यालय पहुंचे हुए थे।

### रिचा जोगी ने जमा किया अकलतरा से पर्चा

अकलतरा विधानसभा सीट के लिए छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जे के प्रत्याशी के रूप में एक बार फिर आज नामांकन जमा करने श्रीमती रिचा जोगी जिला मुख्यालय पहुंची थी, जिन्होंने अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया है वही जांजगीर चांपा विधानसभा से छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जे प्रत्याशी के रूप में रविंद्र द्विवेदी तथा पामगढ़ से गोरे लाल बर्मन ने पर्चा भरा है।

### प्रियंका गांधी की सभा की वजह से बड़े नेता नहीं पहुंचे

नाम निर्देशन को लेकर कांग्रेस पार्टी की ओर से आज निकल गई रैली में प्रदेश स्तर अथवा केंद्रीय स्तर के किसी बड़े नेता के नहीं पहुंचने को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही थी।

इस बीच बताया गया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा पाटन सीट से नामांकन जमा करने व बिलासपुर में प्रियंका गांधी की सभा निर्धारित होने की वजह से प्रत्याशियों के नामांकन में बड़े नेता नहीं पहुंच सके।

# तीन गांजा तस्करों को 20-20 वर्ष का कठोर कारावास

### सुरेश जून विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस) का फैसला

जांजगीर, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। गांजा तस्करी के आरोप में दोष सिद्धी होने पर सुरेश जून विशेष न्यायाधीश द्वारा तीन आरोपियों को 20-20 वर्ष का कठोर कारावास एवं 2 -2 लाख रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। मामला आसूचना निर्देशालय रायपुर रिजनल यूनिट छग का है।



राजस्व आसूचना निर्देशालय रायपुर परिवादी को दिनांक 18 फरवरी 2020 को गुप्त सूचना मिली थी जिसके अनुसार एक ट्रेलर जिसका पंजीयन क्रमांक पीबी 12 क्यू 7045 के द्वारा लगभग 8.50 किलोग्राम अवैध गांजा सुनकी आंध्रप्रदेश से चलकर चांपा छग को होता हुआ लखनउ (उप्र) की ओर ले जाया जा रहा है एवं एक महिंद्रा स्कार्पियो एसयूवी - यूपी 70 डीएन 2656 के द्वारा ट्रक का मार्गदर्शन किया जा रहा है। एक व्यक्ति के द्वारा ट्रेलर चलाया जा रहा है जिसका स्वामी आरोपी बलविंदर सिंह है। उक्त ट्रेलर में गांजा गुप्त स्थान में छिपाकर रखा है एवं दो व्यक्ति निर्देशित वाहन में हो सकते हैं जिसकी सूचना परिवादी राजस्व आसूचना निर्देशानुसार रायपुर को प्राप्त हुई थी। जिस पर परिवादी द्वारा निवारक दल का गठन करते हुए एवं कुछ अधिकारी सीजीएसटी कोरबा, छग द्वारा गुप्त सूचना के बताये अनुसार घठोली चौक चांपा पहुंचकर रेड कार्यवाही किये। जिसके पश्चात एक स्कार्पियो गाडी आते दिखाई दिया जिसमें दो व्यक्ति सवार थे जिसमें रविशंकर मिश्रा वाहन चला रहा था एवं बगल वाली सीट में आरोपी अजय पाण्डेय बैठकर ट्रेलर जिसमें गांजा भरा हुआ था, को मार्गदर्शन कर रहा था। स्कार्पियों को डीआरआई के अधिकारी रोककर उन दोनों को गुप्त सूचना से अवगत कराये। कुछ देर पश्चात ट्रेलर आते दिखाई दी, जिसे आरोपी धरमसिंह चला रहा था। उक्त वाहन को रोककर गुप्त सूचना से अवगत कराते हुए ट्रेलर की तलाशी लिये। उक्त ट्रेलर के पिछले हिस्से ट्राला के बेस भाग पर केविटी बनी हुई थी। जिसमें कुल 9 ट्रे निकली जिसमें से 8 ट्रे पूरी तरह गांजे के पैकेटों से भरा हुआ था। इसके अलावा कुछ पैकेट टूलबाक्स की जगह में भी छिपाये गये थे उक्त सभी पैकेटों को डीआरआई के अधिकारी द्वारा जप्त किया गया। सभी गांजे के पैकेटों को तौलने पर कुल 837.970 किलोग्राम गांजा होंना पाया गया। उक्त गांजे का सेम्पल रासायनिक परीक्षण हेतु शासकीय अफीम एवं छारोद कारखाना नीमच (मप्र) भेजा गया था। जिसका परीक्षण पश्चात गांजा की पुष्टि होना पाया गया। सभी आरोपीगण का बैंक ट्रांन्जेक्शन एवं मोबाईल द्वारा काल डिटेल,सीडीआर भी जांच की गयी । संपूर्ण विवेचना पश्चात राजस्व आसूचना निर्देशालय रायपुर द्वारा विशेष न्यायालय (एनडीपीएस) जांजगीर के न्यायालय के समक्ष परिवाद प्रस्तुत किया गया था। जिस पर विशेष न्यायाधीश, सुरेश जून (एनडीपीएस) जांजगीर द्वारा विचारण पश्चात आरोपीगण अजय पाण्डेय पिता शिवशंकर पाण्डेय निवासी प्रतापगढ़ उप्र,धरमसिंह पिता जरनैल सिंह निवासी फरिदकोर्ट पंजाब एवं वाहन मालिक बलविंदर सिंह पिता दलवीर सिंह निवासी विथवान गुरदासपुर पंजाब को दोषी पाया, जिस पर न्यायालय द्वारा तीनों आरोपीगण को 20-20 वर्ष का कठोर कारावास एवं दो-दो लाख रूपये का अर्थदण्ड से दंडित किया गया। अभियोजन की ओर से श्रीमती शशिकला जांगड़े विशेष लोक अभियोजक (एनडीपीएस), जांजगीर ने पैरवी की।

# दो सामान्य निर्वाचन प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक का हुआ आगमन

जांजगीर, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के सुचारू रूप से समयावधि में संपादन के लिए दो सामान्य निर्वाचन प्रेक्षक एवं एक पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किए गए है। आयोग द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 33 अकलतरा व विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 34-जांजगीर चांपा के लिए आईएएस जे. गणेशन एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 38 पामगढ़ (अ.जा) के लिए आईएएस डॉ किरण एच. कुलकर्णी सामान्य निर्वाचन प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं। इसी तरह जिले के लिए आईपीएस एम. अर्शी पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किए गए है।

विधानसभा 33 अकलतरा एवं 34 जांजगीर-चांपा के लिए नियुक्त सामान्य निर्वाचन प्रेक्षक आईएएस जे गणेशन सर्किट हाऊस कक्ष हसदेव और 38 पामगढ़ (अ.जा) के लिए नियुक्त सामान्य निर्वाचन प्रेक्षक डॉ किरण एच. कुलकर्णी सर्किट हाऊस के कक्ष महानदी जांजगीर चांपा में आम नागरिक सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक व्यक्तिगत तौर पर मिलकर निर्वाचन से संबंधित अपनी बात रख सकते हैं।

जे. गणेशन का मोबाईल नंबर 7587016594 व डॉ किरण एच. कुलकर्णी का मोबाईल नंबर



7587016595 है। पुलिस प्रेक्षक आईपीएस एम. अर्शी का मोबाईल नंबर 7587016596 है।

सामान्य प्रेक्षक डॉ किरण एच कुलकर्णी ने कंट्रोल रूम, सी-विजिल कक्ष एवं एमसीएमसी कक्ष का किया निरीक्षण

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ किरण एच कुलकर्णी (आईएएस) ने आज विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए कंट्रोल रूम, सी-विजिल कक्ष एवं एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण किया।

सामान्य प्रेक्षक डॉ कुलकर्णी ने कंट्रोल रूम में निर्वाचन से संबंधित शिकायतों के बारे में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने वहां उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को निर्वाचन से संबंधित प्राप्त शिकायतों को संबंधित तक पहुंचाये ताकि पारदर्शिता और विश्वसनीयता के साथ शिकायतों का निराकरण त्वरित किया जाए। प्रेक्षक ने सी विजिल एप्प के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की कुशलतापूर्वक त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने एमसीएमसी के अंतर्गत बनाई गई तीन अलग-अलग मॉनिटरिंग टीम प्रिंट मीडिया इकाई, सोशल मीडिया इकाई और इलेक्ट्रानिक मीडिया इकाई के कार्यो की बारीकी से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने प्रिंट मीडिया में प्रकाशित पेड न्यूज, फेक न्यूज, भ्रामक न्यूज के अलावा सोशल मीडिया प्लेटफार्म की जानकारी ली। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, गुड्डु लाल जगत, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# एप डाउनलोड कर मतदाता जान सकते हैं अपने उम्मीदवारों के बारे में

**जांजगीर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा आम निर्वाचन के लिए मतदान की तिथि नजदीक आ रही है। दो चरणों में हो रहे मतदान के लिए मतदाताओं में काफी उत्साह है। ऐसे में मतदाता यह जानने के लिए उत्सुक होते हैं कि मतदान के लिए उनका कौन सा केन्द्र है, उनका नाम किस भाग संख्या अथवा क्रमांक पर है। ऐसी प्राथमिक जानकारी सहित कई अन्य जानकारियाँ अब मोबाइल फोन पर ही देखी जा सकती हैं।

सुगम मतदान की दिशा में भारत निर्वाचन आयोग की वोटर हेल्पलाइन एप्प एक उपयोगी एप्लीकेशन है जो आम मतदाताओं को उपयोगी जानकारी त्वरित गति से उपलब्ध कराने में कारगर साबित हो रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस दिशा में सतत प्रयास किया जाता है कि अपने मताधिकार का प्रयोग करने से कोई भी मतदाता वंचित न रहे। आयोग द्वारा वोटर हेल्पलाइन एप की शुरुआत इसी उद्देश्य से की गई है। यह एंड्रॉयड एवं आईओएस दोनों प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। इसमें मतदाता अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक) नम्बर डालकर बहुत ही आसानी से अपनी विधानसभा, पोलिंग बूथ एवं मतदाता सूची में सरल क्रमांक पता कर सकते हैं। वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्र सहित किसी भी अन्य क्षेत्र के प्रत्याशियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसमें प्रत्याशी द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र भी देखा जा सकता है। इसके जरिए मतगणना दिवस को विधानसभावार परिणाम की अधिकृत जानकारी भी देखी जा सकती है। इस एप के माध्यम से निर्वाचन सम्बन्धी किसी भी प्रकार की शिकायत भी की जा सकती है। मतदाताओं की जागरूकता के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) के संचालन संबंधी वीडियो भी देखे जा सकते हैं।

# खेदापाली में छाल पुलिस ने की अवैध शराब व जुआ रेड की कार्रवाई

### ग्राम कुकरीचोली में भी अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन एवं एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल के मार्गदर्शन पर छाल पुलिस द्वारा थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में क्षेत्र में अवैध शराब एवं सुआ-सट्टा पर कार्रवाई किया जा रहा है। इसी क्रम में कल छाल पुलिस द्वारा ग्राम ग्राम खेदापाली के अरूण धीरज पिता लीलकंठ धीरज उम्र 33 वर्ष के घर शराब रेड कार्रवाई कर आरोपी के कब्जे से अवैध बिक्री के लिये रखी हुई 4 लीटर महुआ शराब की जप्ती की गई है। वहीं ग्राम खेदापाली के धुल चैक लात खदान जाने वाले रास्तें में सड़क किनारे 52 पत्ती तास से जुआ खेल रहे जुआरियों को छाल पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया है। पकड़े गये जुआरियान राजेश पटेल पिता



गंगाराम पटेल उम्र 27 वर्ष साकिन लीमतरा थाना सक्ति जिला सक्ती, रामेश्वर केवट पिता ननकु केवट उम्र 35 वर्ष साकिन कुसमुसी थाना भैयाथान जिला सुरजपुर, विक्रम रौतिया पिता घुरवाराम रौतिया उम्र 28 वर्ष साकिन कुधरी थाना डभरा जिला सक्ती के फड एवं पास से नकदी रकम 2,400 की जप्ती की गई है। इसी क्रम में कल ग्राम कुकरीचोली में शराब रेड कार्रवाई कर छाल पुलिस द्वारा आरोपी अच्छेलाल राठिया पिता चमरू राम राठिया उम्र 33 वर्ष निवासी थाना छाल को 4.5 लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा गया है। आरोपियों पर थाना छाल में आबकारी एक्ट एवं जुआ एक्ट की विधिवत कार्रवाई किया गया है जो आगे भी जारी रहेगा।

### खेदापाली में छाल पुलिस ने की अवैध शराब व जुआ रेड की कार्रवाई

रायगढ़ 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन एवं एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल के मार्गदर्शन पर छाल पुलिस द्वारा थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में क्षेत्र में अवैध शराब एवं सुआ-सट्टा पर कार्रवाई किया जा रहा है। इसी क्रम में कल छाल पुलिस द्वारा ग्राम ग्राम खेदापाली के अरूण धीरज पिता लीलकंठ धीरज उम्र 33 वर्ष के घर शराब रेड कार्रवाई कर आरोपी के कब्जे से अवैध बिक्री के लिये रखी हुई 4 लीटर महुआ शराब की जप्ती की गई है।

वहीं ग्राम खेदापाली के धुल चैक लात खदान जाने वाले रास्तें में सड़क किनारे 52 पत्ती तास से जुआ खेल रहे जुआरियों को छाल पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया है।

# चार आरोपियों से 108 पाव देशी प्लेन शराब जप्त



### अवैध शराब की ब्रिकी पर कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाकर की कार्रवाई

**रायगढ़** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देशन पर अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई के क्रम में कल रात्रि थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर रायगढ़-पूंजीपथरा मार्ग पर 18 नाला के पास शराब रेड कार्रवाई कर एक व्यक्ति को पैदल बोरी में शराब रखकर पूंजीपथरा की ओर जाते हुए पकड़ा गया।

थाना प्रभारी कोतवाली को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम लाखा का रहने वाला गोलू यादव रायगढ़ से शराब लेकर पूंजीपथरा क्षेत्र में अवैध रूप से बिक्री करता है। थाना प्रभारी द्वारा संदेही गोलू यादव को शराब के साथ पकड़ने अपने स्टाफ और मुखबिर तैनात कर रखा गया था जिस पर कल मुखबीर की सूचना पर संदेही गोलू यादव को रेड कर पकड़ा गया जिसके पास रखे बोरे के अंदर 72 पाव देशी प्लेन शराब कीमत 5,760 का बरामद हुआ जिसकी विधिवत जप्ती कर आरोपी गोलू यादव पिता अंतराम यादव उम्र 24 साल निवासी बोडसरा थाना जैजैपुर जिला सक्ती हाल मुकाम लाखा थाना कोतवाली जिला रायगढ पर थाना कोतवाली में धारा 34(2),59 (क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर कल न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में शराब रेड कार्यवाही में प्रधान आरक्षक हेमंत पात्रे, आरक्षक जगमोहन ओग्रे और उत्तम सारथी शामिल थे। वहीं कल सुबह टीआई शनिप रात्रे के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक दिलीप बेहरा, आरक्षक कोमल तिवारी, सुशील मिंज, महिला आरक्षक कस्तुरी राठिया द्वारा क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री की सूचना पर अभियान के तहत छापेमार कार्रवाई किया गया जिसमें स्टेशन रोड माल धक्का के पास मयंक सिदार उर्फ सत्यम पिता लक्ष्मी सिदार उम्र 32 साल निवासी जेलपारा रायगढ़ के पास से 13 पाव देशी मदिरा (मशाला), बड़पारा पुल के पास श्रीमती समरीन सारथी पति विजय सारथी निवासी चांदनी चैक रायगढ़ के पास से 12 पाव देशी मदिरा प्लेन तथा धांगरडिपा तिराहा के पास आरोपी किशन देवांगन पिता साधराम देवांगन उम्र 32 साल निवासी धांगरडिपा से देशी प्लेन व देशी मदिरा मशाला की 11 पाव की जप्ती की गई है।

## सीरिया, इराकी सीमा पर ट्रकों पर हमला

**दमिश्क।** अमेरिकी हवाई हमलों ने सीरियाई-इराकी सीमा पर सोमवार तड़के निर्माण सामग्री से भरे ट्रकों को निशाना बनाया, जिसके बाद सीरिया के पूर्वी प्रांत दीर अल-ज़ौर में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर जवाबी कार्रवाई की गई। लेबनानी अल-मायादीन टीवी द्वारा जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। रिपोर्ट के अनुसार, निर्माण सामग्री ले जा रहे सात ट्रकों को इराक की सीमा के पास पूर्वी सीरिया में अमेरिकी बमबारी का निशाना बनाया गया।



# अमेरिका ने इजरायल पर गाजा में संचार बहाल करने के लिए दबाव बनाया

**वाशिंगटन,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका ने गाजा पट्टी में संचार बहाल करने के लिए इजरायल की सरकार पर दबाव बनाया है। वाशिंगटन पोस्ट ने एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी के हवाले से सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि फिलिस्तीनी एक्सक्लेव में शुक्रवार रात से संचार ब्लैकआउट की सूचना मिली है जब इजरायल रक्षा बलों ने गाजा में जमीनी अभियानों के विस्तार की घोषणा की। संचार में खराबी के कारण आपातकालीन सेवाएं बाधित हो गईं और गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने वाले संयुक्त राष्ट्र के कर्मचारियों से संपर्क टूट गया। रविवार को, गाजा पट्टी की नागरिक सुरक्षा ने क्षेत्र में संचार की आंशिक बहाली की पुष्टि की। उन्होंने कहा, हमने स्पष्ट कर दिया कि उन्हें वापस चालू करना होगा। उन्होंने कहा कि इजरायल ने अमेरिका को यह नहीं बताया कि उन्होंने गाजा पट्टी में संचार क्यों काट दिया। बाद में, अमेरिकी सरकार ने गाजा में संचार बहाल करने के लिए इजरायली पक्ष के साथ काम किया है। व्हाइट हाउस ने एक्स पर कहा, गाजा में संचार की बहाली महत्वपूर्ण थी, क्योंकि सहायता कर्मियों, नागरिकों और पत्रकारों को एक-दूसरे तथा अन्य दुनिया से संवाद करने में सक्षम होने की आवश्यकता है। हमारे प्रशासन ने इसकी परवाह की। इस पर काम किया और इसे बहाल होते देखकर खुशी हुई। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर को हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया। पड़ोसी इजरायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण कर लिया। इजरायल ने जवाबी हमले शुरू किए और 20 लाख से अधिक लोगों के घर गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया। पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति काट दी। बाद में, मानवीय सहायता वाले ट्रकों को गाजा पट्टी में प्रवेश की अनुमति देने के लिए नाकाबंदी में ढील दी गई। संघर्ष के बढ़ने से दोनों पक्षों के हजारों लोग मारे गए और घायल हुए।

■ संचार में खराबी के कारण आपातकालीन सेवाएं बाधित हुई



### संघर्ष के बीच गाजा के अस्पतालों से मरीजों को निकालना असंभव : डब्ल्यूएचओ

**गाजा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के कार्यालय ने सोमवार को कहा कि कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र में यहां चल रहे संघर्ष के बीच तत्काल आवश्यकता के बावजूद गाजा के अस्पतालों से मरीजों को सुरक्षित निकालना असंभव है। गाजा के उत्तरी क्षेत्र में अस्पतालों से निकासी के आदेश मिलते रहते हैं। डब्ल्यूएचओ ने सोशल मीडिय प्लेटफॉर्म 'एक्स 'पर दोहराया कि मरीजों के जीवन को खतरे में डाले बिना अस्पतालों को खाली कराना असंभव है,। साथ ही संगठन ने कहा कि अस्पतालों में चिकित्सा आपूर्ति खत्म हो रही है। डब्ल्यूएचओ कार्यालय ने कहा, ईंधन की कमी पहले से ही स्वास्थ्य सुविधाओं और एम्बुलेंस की आवाजाही पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। उल्लेखनीय है कि 07 अक्टूबर को हमास ने गाजा पट्टी से इज़राइल पर बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किये थे और इज़रायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण किया था। इसके बाद इज़रायल ने जवाबी हमले शुरू किए और बीस लाख से अधिक आबादी वाले गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया साथ ही पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति बंद कर दी थी। बाद में मानवीय सहायता वाले ट्रकों को गाजा पट्टी में प्रवेश की अनुमति देने के लिए नाकाबंदी में ढील दी गई। संघर्ष के बढ़ने से दोनों पक्षों के हजारों लोग मारे गए और घायल हुए।

### 'इजराइल ने सीरियाई सेना के सैन्य ठिकानों पर किया हमला'

**दोहा।** इजरायली सेना ने सीरिया के दक्षिणी हिस्से में सेना के दो ठिकानों पर हमले किए। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। सीरिया के सरकारी टीवी प्रसारक ने रक्षा मंत्रालय के हवाले से कहा, आज, लगभग 01:35 पर, इजरायली दुश्मन ने कब्जे वाले सीरियाई गोलान से हवाई हमला किया, जिसमें दारा शहर के आसपास हमारे सशस्त्र बलों की दो चौकियों पर हमला किया गया, जिससे भौतिक क्षति हुई। हमले में संभावित हताहतों के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गई है।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : मंगलवार 31 अक्टूबर , 2023 कार्तिक कृष्ण पक्ष 2**

### राशिफल

मेष -आज आप खर्च में संयम बनाए रखें। अनावश्यक कारणों पर भी धन खर्च हो सकता है। धन संबंधी एवं लेन-देन संबंधी सभी कामों में सावधानी रखने की जरूरत है। किसी के साथ विवाद न हो, इसका ध्यान रखें।

वृषभ -आज का दिन शुभ फलदायी है। आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्तियों में वृद्धि होगी। मानसिक रूप से आज आप वैचारिक स्थिरता का अनुभव करेंगे। इसके परिणामस्वरूप आप लगन के साथ काम कर पाएंगे।

मिथुन -आज आपका दिन शारीरिक एवं मानसिक अस्वस्थता के साथ चिंता में भी रहेगा। शारीरिक कष्ट, विशेषकर आंखों में पीड़ा होने की आशंका रहेगी। परिजनों और स्नेहियों के साथ किसी घटना की संभावना है।

कर्क -आज का दिन आपके लिए बहुत लाभकारी है। आपकी आय में वृद्धि होगी। किसी अन्य तरीके से भी आर्थिक लाभ होगा। मित्रों के साथ मुलाकात हो सकती है। व्यपार में लाभ होगा। संतान और जीवनसाथी से सुख मिलेगा।

सिंह -आपके दृढ़ मनोबल और भरपूर आत्मविश्वास से हर काम सफलतापूर्वक संपन्न होंगे। व्यापार के क्षेत्र में आपकी प्रतिभा बढ़ सकती है। पदोन्नति की संभावना है। पिता की संपत्ति से लाभ होगा।

कन्या -आज आप का दिन बहुत शुभ है। धार्मिक कार्य एवं यात्रा के लिए समय अनुकूल है। मित्रों एवं सम्बंधियों से हुई मुलाकात के कारण आनंद होगा। मित्रों से लाभ होगा।

तुला -आप की वाणी पर संयम रखें। नियम विरुद्ध काम ना करें। नए संबंधों से नुकसान हो सकता है। आर्थिक परेशानी में दिन गुजरेगा। ईश्वर की आराधना एवं आध्यात्मिकता आपके मन को शांति प्रदान कर सकती है।

वृश्चिक -आज आप दैनिक कामों से दूर आनंद-प्रमोद में खोए रह सकते हैं। किसी मनोरंजन स्थल या पर्यटन स्थल पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। समाज में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

धनु -आज आपके लिए आर्थिक लाभ का दिन है। घर में शांति और आनंद का वातावरण रहेगा। इससे आपका मन प्रसन्न रखेगा। नौकरी करने वाले लोगों को लाभ मिलेगा। सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा। कार्यसिद्धि तथा यश मिलेगा।

मकर -आज आप मानसिक रूप से काफी अशांत और असमंजस में रहेंगे। आप कोई भी ठोस निर्णय नहीं ले पाएंगे, जिससे तनाव में रहेंगे। भाग्य आज आपके साथ नहीं रहेगा, इससे आपको काफी निराशा का अनुभव होगा।

कुंभ -अत्यधिक संवेदनशील होने के कारण आज आप मानसिक बेचैनी और अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। इस कारण जिद्दीपन आएगा। सार्वजनिक रूप से मानहानि न हो, इसका ध्यान रखें।

मीन -आज का दिन महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए शुभ है। विचारों में दृढ़ता रहेगी, काम अच्छी तरह से पूरे होंगे। सृजनात्मक और कलात्मक शक्ति में वृद्धि होगी। दोस्तों या परिजनों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## यूक्रेनी सेना ने डोनेट्स्क दिशा में 285 सैनिकों को खोया

**मॉस्को,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। डोनेट्स्क दिशा में पिछले 24 घंटों में यूक्रेनी सेना के 285 सैनिक मारे गए और कई घायल हो गए। रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, इस दिशा में दुश्मन देश के कुल 285 सैनिक मारे गए और घायल हुए हैं। इसके अलावा दो बख्तरबंद लड़ाकू वाहन, तीन कारें थीं। जवाबी-बैटरी संघर्ष के दौरान रूस ने दो अमेरिकी निर्मित एम777 हॉवित्जर तोपें, साथ ही एक स्व-चालित तोपखाना ग्वोज्डिका क्षतिग्रस्त हो गया है। मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन के जापोरीजिया दिशा में 220 सैनिक मारे गए और घायल हुए हैं। उन्होंने कहा, हमलों में दुश्मन देश 220 सैनिक मारे गए और घायल हुए, दो टैंक, जिनमें एक जर्मन निर्मित लीओपोर्ड टैंक, दो बख्तरबंद लड़ाकू वाहन और तीन पिकअप वाहन शामिल थे। मंत्रालय ने कहा कि रूस ने कुप्यांस्क दिशा में यूक्रेन के नौ हमलों को विफल कर दिया और कीव ने अपने 90 सैनिकों को भी खोया है।

## जापान-अमेरिका नवम्बर में मंत्रिस्तरीय बैठक के लिए कर रहे समन्वय



**टोक्यो,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। जापान और अमेरिका नवंबर के मध्य में सैन फ्रांसिस्को में विदेश और अर्थव्यवस्था विभागों के प्रमुखों की मंत्रिस्तरीय बैठक के लिए समन्वय कर रहे हैं। जापानी समाचार पत्र योमीउरी शिंबुन ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के अनुसार दोनों नेताओं के बीच आगामी 14-15 नवम्बर को एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) फोरम की बैठक के इतर बातचीत हो सकती है। समाचार पत्र के मुताबकि, अधिकारियों से महत्वपूर्ण सामग्रियों सहित आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने और उच्च प्रौद्योगिकी एवं आर्थिक सुरक्षा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अपने इरादे की पुष्टि करने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि जापानी और अमेरिकी विदेश एवं अर्थव्यवस्था मंत्रियों की पिछली बैठक जुलाई 2022 में आयोजित की गई थी।

### हमास के नौ नेताओं की संपत्ति जब्त करेगा जापान

**टोक्यो।** जापान ने अपने देश के समूह की फंडिंग में बाधा डालने के मामले में हमास के नौ नेताओं और वित्तीय मामलों का प्रबंधन करने वाले उसके सदस्यों की संपत्ति जब्त करने की योजना बनायी है। जापानी प्रसारक एनएचके ने सोमवार को सरकारी सूत्रों का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में बताया कि जापानी सरकार संपत्ति के अलावा गाजा पट्टी से जुड़े क्रिप्टोकोरेंसी फंड और एक्सचेंजों को भी फ्रीज करने की योजना बना रही है। उम्मीद है कि जापानी सरकार 31 अक्टूबर को आगामी सत्र में प्रतिबंधों की सूची को मंजूरी दे देगी। एनएचके ने बताया कि यह मुद्दा चर्चा के अंतिम चरण में है।

## मेक्सिको में ओटिस तूफान का कहर मृतकों की संख्या बढ़कर 48 हुई



**मेक्सिको सिटी,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। मेक्सिको के गुएरेरो प्रांत में शक्तिशाली तूफान ओटिस की चपेट में आकर मरने वालों की संख्या बढ़कर 48 हो गई है और 36 लोग अभी भी लापता हैं। प्रांतीय गवर्नर एवलिन सालगाडो ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि ओटिस तूफान बुधवार को गुएरेरो के प्रशांत तट से टकराया था, जिससे मैक्सिको के मुख्य पर्यटन स्थलों में से एक अकापुल्को के समुद्र तटीय रिसॉर्ट को गंभीर नुकसान पहुंचा। मेक्सिको की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने अपने बयान में बताया कि रिसॉर्ट शहर अकापुल्को में 43 और पास के कोयुका डी बेनिटेज़ में पांच लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्राडोर ने कहा कि प्रांत के स्वामित्व वाले संघीय विद्युत आयोग ने अकापुल्को बंदरगाह में तूफान की चपेट में आने से गिरे 10 हजार बिजली के खंभों में से 3,211 बिजली के खंभों को बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए सही कर दिए गए हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि शक्तिशाली तूफान के कारण अकापुल्को में ठप बिजली आपूर्ति आज रात तक पूरी तरह से बहाल कर दी जाएगी। विश्व मौसम विज्ञान संगठन के मुताबिक इस बार का तूफान वर्ष 2015 में आए तूफान पेट्रीसिया से ज्यादा शक्तिशाली था।

## आर्मेनिया तीसरे देशों के नागरिकों के लिए तुर्किए के साथ सीमा खोलने को तैयार

**येरेवान,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। आर्मेनिया तीसरे राज्यों के नागरिकों के पारगमन के लिए तुर्किए के साथ अपनी सीमा खोलने के लिए तैयार है और इस संबंध में अंकारा के साथ हुए समझौतों के साकार होने की उम्मीद है। अर्मेनियाई प्रधानमंत्री निकोल पशिनयान ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि वियना में जुलाई में, संबंधों को सामान्य बनाने की प्रक्रिया पर अपने विशेष प्रतिनिधियों की एक बैठक के बाद, दोनों देश तीसरे देशों के नागरिकों की आवाजाही के लिए भूमि सीमा खोलने पर सहमत हुए और इस मामले पर आवश्यक प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया। श्री पशिनयान ने एक संसदीय बैठक में कहा, मुझे तुर्कीये के साथ समझौतों के साकार होने की उम्मीद है। वे तीसरे राज्यों के नागरिकों और राजनयिक पासपोर्ट धारकों के लिए भूमि सीमा खोलने से संबंधित हैं। अर्मेनिया ने मार्गारा चेकपॉइंट के नवीनीकरण के लिए काम किया है और पहले से ही इन प्रक्रियाओं को शुरू करने के लिए तैयार है। तुर्की और आर्मेनिया के बीच वर्तमान में आधिकारिक राजनयिक संबंध नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि 1993 से तुर्किए की पहल पर दोनों देशों के बीच की सीमा बंद कर दी गई है।

## आज का इतिहास

1517 – मार्टिन लूथर ने विटेनबर्ग चर्च के दरवाजे पर अपनी 95 थीसिस पोस्ट की। इसके साथ ही जर्मनी में प्रोटेस्टेंट सुधार की शुरुआत हुई।
1759 – फिलीस्तीन के साफेद में भूकंप से 100 लोग मारे गये।
1863 – ग्रेट ब्रिटेन ने वाइकाटो, न्यूजीलैंड पर हमला किया
1864 – नेवादा अमेरिका का 36वां प्रांत बना।
1875 – स्वतन्त्रता सेनानी एवं स्वतन्त्र भारत के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ पटेल का जन्म हुआ।
1876– भारत में विनाशकारी चक्रवात में 2,00,000 से अधिक लोग मारे गए
1905 – अमेरिका के सेंट पीटर्सबर्ग में क्रांतिकारी प्रदर्शन।
1908 – चौथे ओलंपिक खेलों का लंदन में समापन।
1914 – ब्रिटेन तथा फ्रांस ने तुर्की के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1917 – प्रथम विश्व युद्ध – बेर्शेबा की लड़ाई
1920 – मध्य यूरोपीय देश रोमानिया ने पूर्वी यूरोप के बेसाराबिया पर कब्जा किया।
1920 – भारत का सबसे पुराना ट्रेड यूनियन, ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस का गठन
1953 – बेल्जियम में टेलीविजन का प्रसारण शुरू हुआ।
1956 – स्वेज नहर को फिर से खोलने के लिए ब्रिटेन तथा फ्रांस ने मिस्र पर बमबारी शुरू की।
1959 – सोवियत संघ तथा मिस्र ने नील नदी पर अस्वान बांध बनाने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1960 – बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान से लगभग दस हजार लोगों की मौत।
1966 – भारत के मशहूर तैराक मिहिर सेन ने पनामा नहर को तैरकर पार किया।
1978 – ईरान में तेल कर्मचारियों की हड़ताल शुरू।
1978 – यमन ने अपना संविधान अंगीकार किया।

**कूटनीति** अमेरिका के निमंत्रण पर चीनी विदेश मंत्री वांग ने किया दौरा

## चीन-अमेरिका उच्च स्तरीय भेंटवार्ता ने मिले सकारात्मक संकेत

**बीजिंग,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका के निमंत्रण पर 26 से 28 अक्टूबर तक चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने अमेरिका का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से भी मुलाकात की। वांग यी ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ दो दौर की वार्ता की और राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के सुरक्षा सहायक सुलिवन से भी मुलाकात की। इस साल जून में कई उच्च-स्तरीय अमेरिकी अधिकारियों के चीन दौरे के बाद यह किसी उच्च-स्तरीय चीनी अधिकारी की अमेरिका की पहली यात्रा है।

दोनों पक्ष सैन फ्रांसिस्को में दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच बैठक कराने के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए। इस खबर ने लोगों का व्यापक ध्यान आकर्षित किया है। विश्लेषकों का मानना है कि यह निस्संदेह एक स्पष्ट संकेत है, जो लोगों को भविष्य में चीन-अमेरिका संबंधों के विकास के प्रति सावधानीपूर्वक आशावादी बने रहने का कारण देता है। इस यात्रा के दौरान चीन का रुख स्पष्ट रहा और चीन ने चीन-अमेरिका संबंधों के विकास के लिए पांच जरूरी बातों को बहुत स्पष्ट रूप से सामने रखा। यानी दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच बनी सहमति का पालन किया जाना चाहिए, चीन-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर किया जाना चाहिए, संचार माध्यम को खुला रखा जाना चाहिए, मतभेदों, संघर्षों और मनमुटावों का प्रबंधन किया जाना चाहिए, पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। साथ ही, चीन ने चीन-अमेरिका संबंधों को प्रभावी ढंग से स्वस्थ रास्ते पर वापस लौटने के लिए स्पष्ट समझ और योजना भी बनायी।ज्अमेरिका ने भी इस संबंध में अपेक्षाकृत सकारात्मक बयान दिया, जिसमें जोर दिया गया कि अमेरिका को उम्मीद है कि दोनों देशों के बीच संबंध स्थिर और टिकाऊ होंगे। साल 2024 में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के दबाव का सामना करते हुए, वर्तमान अमेरिकी सरकार को एक अच्छे चीन-अमेरिका संबंध का निर्माण करने की जरूरत है। चीन और अमेरिका दोनों के स्वस्थ विकास को लाभ पहुंचाना राजनयिक क्षेत्र में राष्ट्रपति बाइडेन का सबसे संभावित प्लस पॉइंट बन गया है। इस बार की चीन-अमेरिका उच्च स्तरीय भेंटवार्ता में अमेरिका ने सकारात्मक और व्यावहारिक मोड़ दिखाया है, जो अपेक्षित भी है। वर्तमान में, चीन-अमेरिका आर्थिक कार्य समूह और वित्तीय कार्य समूह के क्रमिक संचालन से लेकर स्थानीय आदान-प्रदान, जलवायु परिवर्तन और अन्य क्षेत्रों में सहयोग की बहाली तक, चीन और अमेरिका के बीच सभी स्तरों पर आदान-प्रदान अधिकाधिक होता जा रहा है।



■ विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ दो दौर की वार्ता की

## सुडोकू 6362


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 1 | | 5 | | |
| 4 | | | | | 3 | | 2 | 9 |
| 5 | | 9 | | | | | | |
| 2 | | | | 7 | | | | |
| 9 | 1 | | | | | | 6 | 3 |
| | | | | 6 | | | | 8 |
| | | | | | | 6 | | 7 |
| 7 | 3 | | 6 | | | | | 2 |
| | | 8 | | 5 | | | 3 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6362



**बायें से दायें:-**

१. जिसका कोई दुश्मन पैदा न हुआ हो
४. यमराज, युधिष्ठिर
६. किसी के सहारे रहना, निवास करना
७. ठीक, उचित (उर्दू)
८. अंधकार
१०. नृत्य करने वाला
११. भले-बुरे की पहचान
१३. ढेर, खजाना (उर्दू)
१४. एकत्र, जमा, अर्जन
१५. हुकूमत, शासन (उर्दू)
१७. स्वाद लेना
१९. रंगोली
२१. पुष्परज
२२. अभिप्राय, अर्थ (उर्दू)
२४. सेनापति

**ऊपर से नीचे:-**

१. आवश्यक, जरूरी
२. पूरी तरह भीगा हुआ (उर्दू)
३. जिसमें कोई गलती न हो
४. जोड़ने योग करने संबंधी, सकारात्मक
५. बैठा हुआ
९. मयक़शी
११. पारिश्रमिक (उर्दू)
१२. कत्था
१३. गरल, विष
१४. इरादा, निश्चय
१५. डॉ. राधाकृष्णन को कहा जाता है-
१६. हितकर, लाभदायक
१८. पानी, जल
१९. पूजा, उपासना
२०. अमुक नाम का
२३. रिहा, मुक्त (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6361

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | दौ | ल | त | ■ | ■ | अ | न | सु | ना |
| ल | ■ | गा | ■ | इ | रा | दा | ■ | गं | ■ |
| प्र | णा | म | ■ | स्ते | ■ | का | ला | ध | न |
| द | ■ | दे | ■ | मा | हि | र | ■ | ■ | तो |
| ■ | अ | भा | कु | ल | ■ | ■ | सं | वा | द |
| ■ | धू | ■ | मा | ■ | प्र | ति | ज्ञा | ■ | र |
| स | रा | स | र | ■ | ह | ■ | न | त | ■ |
| मा | ■ | म | ■ | श | री | र | ■ | म्र | ■ |
| ना | ट | क | ■ | र | ■ | म | रि | य | ल |
| थीं | ■ | झ | र | ण | शी | ल | ■ | ■ | ब |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6362 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 3 | 9 | 1 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 4 | 6 | 1 | 5 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 9 | 2 | 4 | 6 | 3 | 8 | 1 |
| 2 | 8 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 1 | 5 |
| 9 | 1 | 7 | 8 | 2 | 5 | 4 | 6 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 1 | 6 | 9 | 2 | 7 | 8 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 8 | 6 | 9 | 7 |
| 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 1 | 3 | 4 |

## दुनिया को जानें

### तिब्बत की उपभोक्ता वस्तुओं की बिक्री पहले स्थान पर रही

**बीजिंग,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। हाल ही में तिब्बत स्वायत्त प्रदेश के वाणिज्य विभाग से मिली खबर के अनुसार, इस वर्ष की पहली तीन तिमाहियों में तिब्बत की उपभोक्ता वस्तुओं की कुल खुदरा बिक्री 63 अरब 21 करोड़ युआन रही, जो कि गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में 18.8 प्रतिशत की वृद्धि है। यह वृद्धि दर देश भर में पहले स्थान पर रही। साथ ही, यह वृद्धि दर साल 2021 और साल 2019 की तुलना में क्रमश: 13.1 प्रतिशत और 13.7 प्रतिशत ज्यादा रही। इस विभाग के संबंधित अधिकारी के मुताबिक, इस वर्ष वाणिज्य विभाग ने उपभोग को बहाल करने और विस्तार करने के लिए 24 उपायों और रात्रि अर्थव्यवस्था और अवकाश अर्थव्यवस्था के उच्च गुणवत्ता वाले विकास को बढ़ावा देने के लिए 8 उपायों को लागू किया। स्वायत्त प्रदेश और शहर दोनों स्तरीय वाणिज्य विभागों ने उपभोग संवर्धन के लिए 26 करोड़ युआन से अधिक की विशेष राशि लगाई। साथ ही, उपभोग को बढ़ावा देने के लिए खुशहाल तिब्बत और आनंददायक उपभोग शीर्षक विशेष अभियान लागू किया।

# खेल जगत

## टीम इंडिया एक ऐसी यात्रा पर है जहां कुछ खास होने वाला है : दिनेश कार्तिक

**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के विकेटकीपर दिनेश कार्तिक ने विश्व कप में भारतीय टीम की शानदार शुरुआत के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त की है। उनका मानना है कि मेजबान टीम ग्रुप चरण का समापन स्टैंडिंग में शीर्ष पर रहकर करेगी। भारत ने रविवार को लखनऊ में गत चैंपियन इंग्लैंड को 100 रन के अंतर से हराकर अपनी जीत का सिलसिला लगातार छह जीत तक बढ़ाया। इस शानदार प्रदर्शन ने भारत को टूर्नामेंट स्टैंडिंग के शिखर पर एक मजबूत स्थिति में ला दिया है, जिससे वह प्रतियोगिता के नॉकआउट चरण में स्थान सुरक्षित करने के एक कदम और करीब आ गया है। कार्तिक का मानना है कि रोहित शर्मा एंड कंपनी को इंग्लैंड पर अपनी जीत से काफी आत्मविश्वास मिलेगा क्योंकि उन्हें पहले की तुलना में काफी अलग तरीके से जीत दर्ज करने के लिए तैयार किया गया था। कार्तिक ने कहा, मुझे नहीं लगता कि उन्हें इससे बेहतर खेल मिल सकता था।



# इंग्लैंड पर जीत के बाद हमारा फोकस अपने बाकी सभी तीनों लीग मैच पर : कुलदीप

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

लखनऊ, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत के बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव ने अपनी टीम की मौजूदा चैंपियन बराबर जूझ रही इंग्लैंड पर यहां रविवार देर रात आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 में इंग्लैंड पर 100 रन से जीत के बाद कहा यह जीत मुश्किल नहीं थी लेकिन अच्छी थी। कुलदीप यादव ने कहा, %जब मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड ने हमें पहले बल्लेबाजी की दावत देकर 229 पर रोक दिया तो हमारी योजना शुरू में उसके जल्द विकेट चटकाने की थी। जब एक बार जस्सी (बुमराह) भाई और मोहम्मद शमी ने इंग्लैंड ने बेहतरीन गेंदबाजी कर पॉवर प्ले में दो दो विकेट चटका उसके शुरू के चार विकेट मात्र 40 रन पर निकाल दिए तो बतौर स्पिनर मेरा और रवींद्र जडेजा काम आसान हो गया। मेरा फोकस हमेशा गेंद से बढिया़ प्रदर्शन कर भारतीय टीम को जिताने पर रहता है।

जब हमने शुरू में बल्लेबाजी की तो तब बल्लेबाजी के लिए पिच मुश्किल थी और इस पर हमारे कप्तान रोहित शर्मा ने 87 रन की बेहतरीन पारी खेली। फिर इंग्लैंड पर यह जस्सी भाइ, शमी भाई सहित हमने गेंदबाजी इकाई के रूप में बढिया़ प्रदर्शन से मिली। जस्सी और शमी भाई का बतौर तेज गेंदबाज स्किल सेट यानी कौशल एकदम अलग है और उससे पार पाना दुनिया भर के लिए बल्लेबाजों के मुश्किल होता है। इंग्लैंड पर जीत के बाद हमारा फोकस अपनी जीत का सिलसिला कायम रखने के बाद अपने बाकी सभी बाकी तीनों लीग मैच जीतने पर है। मेरा फोकस बतौर गेंदबाज हमेशा टीम को जिताने पर रहता है। मैं यहां की पिच के मिजाज से वाकिफ था और इसलिए मुझे यहां कुछ आसानी हुई। हमारी कोशिश इंग्लैंड से 2019 के संस्करण में मिली हार

- रोहित भाई ने बढ़िया खेली, जीत गेंदबाजी इकाई के रूप में बढ़िया प्रदर्शन से मिली
- मेरा खुद का फोकस अपनी टीम को जिताने पर रहता है
- बटलर को भी बाबर को फेंकी एक सी गेंद पर आउट करने में मजा आया



का हिसाब चुकाने की बजाय यहां उसके खिलाफ जीत के साथ अपना विजयक्रम जारी रखने की थी और हमारी टीम इसमें सफल रही। जहां तक मेरे रविवार को इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर और 2019 में पाकिस्तान के खिलाफ बाबर आजम को लगभग एक सी गेंद पर आउट करने की बात है तो मैं कहूंगा कि मुझे दोनों को आउट करने में मजा आया क्योंकि मैं इन दोनों के विकेट लेकर अपनी टीम को इनके खिलाफ जिताने में कामयाब रहा।'

उन्होंने कहा, बेशक हमने इस विश्व कप में रविवार को पहले बल्लेबाजी की लेकिन हम इसके लिए तैयारी हैं। हमने इस साल ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश जैसे देशों के खिलाफ द्विपक्षीय वन डे सीरीज के खेल कर खुद को इस वन डे विश्व कप के लिए तैयार किया। इन सीरीज में हमने पहले बल्लेबाजी करते भी मैच जीते। जब पहले बल्लेबाजी की दावत मिले टीम 300 रन का मजबूत स्कोर बनाती तो अच्छा होता लेकिन यहां जिस तरह पिच थी उस पर हमारा 229 रन का स्कोर अच्छा था। मैं अब अपनी बल्लेबाजी पर खासी मेहनत कर रहा हूं। नेटस पर मैं अपनी बल्लेबाजी को बेहतर करने के लिए पूरी शिद्दत से अभ्यास करता हूं। मेरा मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ कम स्कोर वाले मैच में आप बल्ले से 15-20 रन का योगदान कर पाए तो वह खासा उपयोगी होता जैसा मेरी जस्सी भाई के साथ 20 से अधिक रन की भागीदारी में हुआ।'

कुलदीप कहते हैं, %जहां तक इंग्लैंड के इस विश्व कप में संघर्ष करने और इस बार उसके खिलाफ हमारी जीत की बात है तो मैं कहूंगा कि उसकी टीम यहां हमारे भारत की पिचों से तालमेल नहीं बैठा रही और इसीलिए जूझ रही है। 2019 में इंग्लैंड से उसके लिए चिर परिचित स्थितियों में हारे थे । इस बार हमें अपने मुताबिक स्थितियां मिली और जीत हमारे हक में रही। आप ये देखिए कि इंग्लैंड की टीम खासी अनुभवी है और लंबे समय से साथ खेल रही है लेकिन यहां स्थितियों से तालमेल नहीं बैठा पाई।'

### हार्दिक की फिटनेस की बाबत जल्द मालूम पड़ जाएगा : म्हाम्ब्रे

भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने इंग्लैंड के खिलाफ जीत में अपने गेंदबाजों तेज जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज के प्रदर्शन से खुश हैं। भारत 2 अक्टूबर को मुंबई में श्रीलंका से और 5 नवंबर को कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। उन्होंने कहा, हमारे गेंदबाजों ने स्थितियों का बेहतर इस्तेमाल किया और इंग्लैंड के खिलाफ जीत के साथ अपने विजयक्रम को आगे बढ़ाने में कामयाब रहे।

जहां तक इंग्लैंड के निराशाजनक प्रदर्शन की बात है तो वे एक ही अंदाज में खेल कर कामयाब होना चाहिए लेकिन विश्व कप जैसे बड़े मंच पर आपके लिए बतौर बल्लेबाज और गेंदबाज पिच और मैच की स्थिति के मुताबिक उससे तालमेल बैठाना जरूरी है। किसी भी टीम के लिए विश्व कप जैसे बड़े मंच पर कामयाबी के लिए रणनीति को मैदान पर अमला जामा पहनाना जरूरी होता है। में अपने गेंदबाजों की तारीफ करूंगा कि वह स्थितियों से तालमेल बैठा का बढिया़ प्रदर्शन करने में सफल रहे। हमारे गेंदबाजों की कामयाबी में उनकी खुद की कामयाबी के लिए पूरे सपोर्ट स्टाफ का योगदान है। फिटनेस टखने की चोट से फिट होने के लिए जूझने वाले हार्दिक पांडया एनसीसी में हैं और मेडिकल टीम उनके संपर्क में है और उनकी स्थिति पर निगाह रख रही है। हमें उनकी फिटनेस की बाबत जल्द मालूम पड़ जाएगा। हम उनके फिटनेस की बाबत जल्द मालूम पड़ जाएगा।

## पाकिस्तान के चीफ सेलेक्टर इंजमाम ने दिया इस्तीफा



- विश्वकप से लगभग बाहर हो चुकी है पाकिस्तान
- पाकिस्तान की टीम हर क्षेत्र में दिख रही है कमजोर
- बाबर की कप्तान पर उठ रहे हैं सवाल

लाहौर, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चीफ सेलेक्टर इंजमाम उल हक ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इंजमाम ने पीसीबी प्रमुख जका अशरफ को अपना इस्तीफा भेजा है।

क्रिकेट विश्व कप में पाकिस्तानी टीम लगातार चार मैच हार चुकी है, जिसमें चिर-प्रतिद्वंद्वी भारत से शर्मनाक हार और पड़ोसी देश अफगानिस्तान के खिलाफ पहली बार किसी वनडे मैच में शर्मनाक हार शामिल है।

विश्व कप अभियान लड़खड़ाने का पहला शिकार पूर्व कप्तान इंजमाम-उल-हक बने, मीडिया रिपोर्ट्स में उन पर टीम चयन में भाई-भतीजावाद का आरोप लगाया गया है। पाकिस्तान टीम पर विश्व कप से जल्दी बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है।

पाकिस्तान फिलहाल दो जीत और चार हार से चार अंक लेकर अंक तालिका में छठे स्थान पर है। इस बीच, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टीम चयन प्रक्रिया से संबंधित मीडिया में सामने आए हितों के टकराव के आरोपों की जांच के लिए पांच सदस्यीय तथ्य-खोज समिति का गठन किया है। समिति अपनी रिपोर्ट और कोई भी सिफारिश शीघ्रता से पीसीबी प्रबंधन को सौंपेगी।

विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद कप्तान बाबर आजम के दबाव में आने की खबरें भी पाकिस्तान मीडिया में आ रही हैं। ऐसा माना जा रहा है कि कप्तानी का असर बल्लेबाज के तौर पर बाबर के प्रदर्शन पर भी पड़ा है। ऐसे में बाबर आजम से कप्तानी वापस भी ली जा सकती है। वैसे अभी भी पाकिस्तान के लिए विश्वकप के दरवाजे पूरी तरह से बंद नहीं हुए हैं। पाकिस्तान अभी भी विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंच सकता है। लेकिन इसके लिए पाकिस्तान को खुद तो जीतना ही होगा। साथ ही दूसरी टीमों के प्रदर्शन पर भी ध्यान देना होगा। क्योंकि अब पाकिस्तान का सेमीफायनल में पहुंचना दूसरे टीम के प्रदर्शन पर निर्भर हो गया है।

# पाकिस्तान को सेमीफाइनल की उम्मीद के लिए बंगलादेश को होगा हराना




**कोलकाता** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान को सेमीफाइनल की उम्मीद को जिंदा रखने के लिए आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप 2023 के 31वें मुकाबले में बंगलादेश को हर हाल में हराना होगा।

कोलकाता के ईडन गार्डन क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार को खेले जाने वाला मुकाबला पाकिस्तान और बंगलादेश के लिए अहम है। पाकिस्तान जहां अपनी सेमीफाइनल की उम्मीद तथा बंगलादेश तालिका में अपनी स्थिति में सुधार के लिए भिड़ेंगे।

मौजूदा विश्वकप में पाकिस्तान दो मुकाबले जीतकर छठे स्थान पर हैं। वहीं बंगलादेश को सिर्फ एक मैच में जीत मिली है और वह 9वें स्थान पर है। पाकिस्तान को लगातार चार मुकाबलों में गेंदबाजी, बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण के क्षेत्र में खराब प्रदर्शन के कारण हार का सामना करना पड़ा है। पाकिस्तान का पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनका प्रदर्शन थोड़ा बेहतर रहा था। सेमीफाइनल की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए उसे बल्ले और गेंद से बहतरीन प्रदर्शन करते हुए हर हाल में यह मुकाबला जीतना होगा। वहीं बंगलादेश का प्रदर्शन भी इस विश्व कप में कुछ खास नहीं रहा है। बंगलादेश के कप्तान शाकिब अल हसन इस टूर्नामेंट में पूरी तरह से फ्लॉप रहे हैं। ऐसे में उनसे इस मुकाबले में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

पिछले आंकड़ों के अनुसार बंगलादेश के खिलाफ पाकिस्तान का पलड़ा भारी रहा है। दोनों टीमों के बीच 38 एकदिवसीय मैच खेले गए हैं। जिनमें से पाकिस्तान को 33 मुकाबलों में जीत मिली है, जबकि बंगलादेश सिर्फ पांच मकुाबले जीता है। एकदिवसीय विश्व कप में दोनों टीमों के बीच सिर्फ दो बार भिड़ंत हुई है। दोनों टीमें ने एक-एक बार जीत दर्ज की है। ऐसे में पाकिस्तान का पलड़ा मैच में थोड़ा भारी रहेगा।

### पाकिस्तानी खिलाड़ी ने लगाया आरोप, पीसीबी नहीं चाहता पाक जीते वर्ल्ड कप

पाकिस्तान क्रिकेट टीम अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही है। विश्व कप 2023 में टीम का प्रदर्शन औसत से नीचे रहा है। अब पाकिस्तान के एक सीनियर खिलाड़ी ने आरोप लगाया है कि पीसीबी टीम के खिलाड़ियों के लिए समस्या खड़ी कर रहा है। जहां कई लोग पाकिस्तान टीम और उनके कप्तान बाबर आजम की आलोचना कर रहे हैं। वहीं, एक वरिष्ठ खिलाड़ी ने खुलासा किया है कि कैसे पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) द्वारा राजनीतिक पैंतरेबाज़ी की जा रही है। बंद दरवाजों और ड्रेसिंग रूम की चर्चाओं को लीक करना और उन्हें मीडिया बहस का हिस्सा बनाना, यह सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है कि टीम विश्व कप में विफल रहे। पाकिस्तान के एक वरिष्ठ खिलाड़ी ने कहा, बोर्ड चाहता है कि टीम असफल हो, वे नहीं चाहते कि हम विश्व कप जीतें, ताकि वे बदलाव कर सकें और नियंत्रण कर सकें कि टीम का नेतृत्व कौन करेगा और टीम में कौन आएगा। ऐसा लगता है कि पीसीबी जानबूझकर मौजूदा आईसीसी विश्व कप में टीम की विफलता की साजिश रच रहा है। वह ऐसे समय में राजनीति कर रहा है जब टीम विश्व कप खेल रही है। वरिष्ठ खिलाड़ी ने कहा कि खिलाड़ियों के किसी भी मुद्दे, झगड़े, असहमति या बहस को खिलाड़ी बिना किसी बाहरी हस्तक्षेप के खुद ही निपटा सकते हैं। अफगानिस्तान के साथ मैच, जिसमें पाकिस्तान हार गया था। उसके बाद जारी पीसीबी के बयान में कहा गया है कि विश्व कप में प्रदर्शन के अनुसार भविष्य की कार्रवाई पर निर्णय लिया जाएगा, जिससे संकेत मिलता है कि बोर्ड ने बाबर आजम को कप्तानी पद से हटाने का फैसला किया है और मुख्य चयनकर्ता इंजमाम उल हक को भी बाहर कर दिया जाएगा। ब

# अफगानिस्तान ने श्रीलंका को 241 पर रोका




**पुणे** 30 अक्टूबर (एजेंसियां) सटीक गेंदबाजी और चुस्त क्षेत्ररक्षण की बदौलत अफगानिस्तान ने सोमवार को यहां विश्व कप मुकाबले में श्रीलंका को 241 पर रोक दिया।

महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसियेशन स्टेडियम पर टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करते हुये अफगानिस्तान के गेंदबाजों ने लाइन लेंथ पर गेंदबाजी करते हुये श्रीलंका के बल्लेबाजों को बांधे रखने में सफलता हासिल की। मुजीब उर रहमान ने अपने दस ओवर के स्पेल में सिर्फ 38 रन खर्च किये और दो विकेट चटकाये। उनके सामने श्रीलंका के बल्लेबाज सिर्फ दो बार ही गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचा सके। दूसरी ओर फ़ज़लहक़ फ़ारूक़ी ने 34 रन देकर चार अहम बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया।

दिमुथ करुणारत्ने (15) को फारूकी ने पगबाधा आउट कर अपनी टीम को पहली सफलता दिलायी हालांकि अनुभवी पथुम निसंका (46) ने कप्तान कुसल मेंडिस (39) के साथ स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया। दोनो बल्लेबाजों ने 19वें ओवर की शुरूआत तक स्कोर को 84 रन पहुंचा दिया था मगर इस बीच निसंका अज़्मतउल्लाह ओमरज़ाई की गेंद को पंच करने के प्रयास में विकेट के पीछे लपके गये।

बाद में मुजीब उर रहमान ने अपने दो लगातार ओवरों में कुसल मेंडिस और सदीरा समराविक्रमा (36) का विकेट लेकर श्रीलंका को बैकफुट पर ढकेल दिया। श्रीलंका का पांचवां विकेट 167 के स्कोर पर धनंजय डिसिल्वा (14) के रूप में गिरा जिन्हे राशिद खान ने क्लीन बोल्ड किया। इसके बाद श्रीलंका के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते गये और श्रीलंका की पूरी टीम 49.3 ओवरों में पवेलियन लौट गयी।

## सार संक्षेप

### कुलदीप यादव की जादुई गेंद का शिकार बने बटलर और बाबर

**लखनऊ।** भारत की इंग्लैंड पर 1` रन की शानदार जीत ने विश्व कप-223 में टीम इंडिया का अजेय क्रम जारी रखा। इस दौरान चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव ने एक ऐसी जादुई गेंद डाली जिसने बल्लेबाज सहित सभी को चौंका दिया। इंग्लैंड की पारी के 16वें ओवर की पहली गेंद पर कुलदीप यादव ने इंग्लिश कप्तान जोस बटलर को चलता किया। यह गेंद इतनी खास थी कि इसे बॉल ऑफ द टूर्नामेंट भी बताया जा रहा है। कुलदीप की गेंद ऑफ स्टंप के बाहर टप्पा खाई और जब तक इंग्लिश कप्तान इसे समझ पाते, तब तक बहुत देर हो चुकी थी और वो क्लीन बोल्ड हो गए। कुलदीप की इस मैजिकल गेंद की टर्न को देखकर बटलर हक्के-बक्के रह गए। सोशल मीडिया पर यह वीडियो खूब वायरल हो रहा है। बटलर को आउट करने के तरीके की तत्काल तुलना 219 में मैनचेस्टर में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को आउट करने वाली गेंद से की जाने लगी। कुलदीप को भी यही लगता है कि आजम और बटलर को आउट करने के लिए फेंकी गई गेंदें लगभग एक जैसी ही थी। मैच के बाद कुलदीप ने कहा, दोनों गेंदें अच्छी थी और लगभग एक जैसी थी। गुणवत्ता महत्वपूर्ण है और खिलाड़ियों की गुणवत्ता भी बहुत महत्वपूर्ण है। वे दोनो बहुत महत्वपूर्ण विकेट थे और दोनों बार टीम जीती यह बेहद खास है।

### नाथन लियोन की भविष्यवाणी, ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच होगा खिताबी मुकाबला

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर नाथन लियोन इस बात पर अड़े हैं कि ऑस्ट्रेलिया और मेजबान भारत 19 नवंबर को अहमदाबाद में विश्व कप 223 के फाइनल में भिड़ेंगे। दोनों टीमों ने लगातार जीत दर्ज की है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ एक रोमांचक मुकाबला जीता। जबकि भारत ने धीमी शुरुआत से उबरते हुए अगले दिन इंग्लैंड पर 1` रन के अंतर से जीत हासिल की। लियोन ने कहा, मैं मानता हूं कि यह ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत फाइनल होगा। भारत मेरे लिए नंबर एक पर और पसंदीदा है। यह मुकाबला देखना रोमांचक होगा। लियोन ने आगे कहा कि भारत पर भी दबाव है क्योंकि पूरे देश की उनसे ट्रॉफी जीतने की उम्मीदें हैं। अब तक घरेलू टीम भारत छह मैचों में जीत के साथ शीर्ष पर है, दक्षिण अफ्रीका पांच जीत और एक हार के साथ दूसरे स्थान पर है। जबकि न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया दोनों के नाम चार जीत और दो हार हैं लेकिन इनके बीच नेट रन रेट का अंतर है।

# इंग्लैंड के खिलाफ हमारी टीम ने जीवट और चरित्र दिखाया : रोहित

लखनऊ, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। मैन ऑफ द' मैच रहे भारत के कप्तान सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ मुश्किल पिच पर शुरू से ही जवाबी हमला बोलने के अंदाज में 87 रन की पारी खेल कर अपने जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी के साथ भरोसेमंद लेग स्पिनर कुलदीप यादव के साथ मिलकर अपनी टीम को रविवार को आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप के मैच में 100 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की। भारत की इंग्लैंड पर जीत के बाद रोहित शर्मा ने कहा, %इंग्लैंड के खिलाफ मैच में हमारी टीम अपना जीवट और चरित्र दिखाया। इस विश्व कप पर निगाह डाले तो हमने शुरू के पांच मैचों में बाद में बल्लेबाजी करने के पास यहां रविवार को अपने छठे मैच में हमें पहली बाद पहले बल्लेबाजी करने को मिली और यहां हमारे सामने चुनौती थी। हम जानते थे कि पिच में गेंदबाजों



के लिए कुछ मदद है। हमारे पास खासे अनुभवी गेंदबाज हैं और हम इसीलिए अच्छा सम्मानजक स्कोर खड़ा करना चाहते थे। हमने बल्ले से बढिया़ प्रदर्शन नहीं किया और पहले ही पॉवरप्ले में हमने तीन विकेट गंवा दिए। ऐसे में हमें एक बड़ी भागीदारी करने की जरूरत थी वह तो हमने जरूर की लेकिन इसके बाद हमने मुझ सहित जल्दी जल्दी विकेट गंवाए। इस पूरे स्थिति पर नजर डालने पर पाया कि हमने 30 रन कम बनाए। मैं अपने सभी सीनियर

- सीनियर खास तौर पर गेंदबाजों ने गेंद से बढ़िया प्रदर्शन किया
- हमारे गेंदबाजी आक्रमण में विविधता है और अच्छा संतुलन है

खिलाडि़यों की तारीफ करूंगा कि उन्होंने सही वक्त पर आगे आ बढिया़ प्रदर्शन कर जीत दिलाई। खासतौर में मैं अपने अनुभवी गेंदबाजों की तारीफ करना चाहूंगा। आप रोज रोज इतने कम स्कोर का बचाव नहीं करते। हमारे अनुभवी सीम गेंदबाजों ने स्थितियों का लाभ उठाया और गेंद को स्विंग कराया ही गेंद को देर से मूव भी कराया। मैं यह जरूर कहना चाहूंगा कि हमारे गेंदबाजी आक्रमण में विविधता है और अच्छा संतुलन भी है। हमारे पास कुछेक अच्छे तेज सीमर और स्पिनर हैं। जब आपके पास ऐसा बढिया़ गेंदबाजी आक्रमण होता तो बल्लेबाज के आपके बल्लेबाजों के लिए एक अच्छा स्कोर बनाना जरूरी होता। जब आप अच्छा स्कोर बनाएगे तभी आपके गेंदबाज अपना गशंदबाजी कौशल दिखा सकें।'

### मैं बहुत निराश हूं : बटलर

इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा, %मैं बहुत निराश हूं। जीत के लिए 230 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अधबीच हमें कुछ उम्मीद थी। हमारी टीम ने पुरानी कहानी दोहराई। मैं ओस को लेकर आश्वस्त नहीं था । जहां जल्द विकेट गिरने के बाद दबाव को सोख कर खेलने की बात है तो कहूंगा कि इसे आप एक सिक्के दो पहलुओं की तरह देच सकते है। हमारे गेंदबाजों ने पॉवरप्ले में बेहताीन गेंदबाजी और उन्हें पिच से कुछ मूवमेंट भी मिला, ही हमारी मैदानी फील्डिंग भी बढिया़ रहे। हम अच्छी बल्लेबाजी नहीं की।

## कार्लोस अल्कराज और नोवाक जोकोविच एक साथ अभ्यास करते आए नजर

**पेरिस,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। पेरिस मास्टर्स में शीर्ष दो वरीय खिलाड़ियों ने रविवार को सीजन के अंतिम एटीपी मास्टर्स 1000 कार्यक्रम की शुरुआत से पहले एक प्रशिक्षण सत्र का आनंद लिया।



अल्कराज ने जोकोविच के साथ अपने अभ्यास सत्र के बाद सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा की और लिखा, मैं पेरिस में हूं! नोवाक जोकोविच के साथ शानदार अभ्यास!

शीर्ष वरीयता प्राप्त जोकोविच बर्सी में छह बार के चैंपियन, अपने टूर्नामेंट की शुरुआत युगल जोड़ीदार मिओमिर केमैनोविक या अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी के खिलाफ करेंगे।

दूसरी वरीयता प्राप्त अल्कराज घरेलू पसंदीदा एलेक्जेंडर मूलर या रोमन सफीउलिन के खिलाफ अच्छी शुरुआत करने की कोशिश करेंगे। वह सीज़न की अपनी सातवीं ट्रॉफी का पीछा कर रहे हैं।

जोकोविच के पास वर्तमान में एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में अल्कराज पर 500 अंकों की बढ़त है, जो साल के अंत में विश्व नंबर 1 की लड़ाई के लिए बैरोमीटर के रूप में कार्य करता है। लेकिन, पेरिस में 1,000 अंक मिलने बाकी हैं और एटीपी फ़ाइनल अभी भी बाकी है।

एक साल पहले, अल्कराज एटीपी रैंकिंग के इतिहास में साल के अंत में सबसे कम उम्र में विश्व नंबर 1 बन गए थे। जबकि जोकोविच रिकॉर्ड आठवीं बार यह सम्मान हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं।

# [ अर्थ जगत ]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां) इजराइल-हमास युद्ध को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उबाल के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| अल्ट्रासिमको | 2.44 प्रतिशत |
| रिलायंस | 2.04 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.30 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.24 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 1.04 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा मोटर्स | 1.94 प्रतिशत |
| मारुति | 1.52 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.31 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 0.82 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.72 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## विस्तारा ने हांगकांग के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू की



**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। विस्तारा एयरलाइंस ने दिल्ली और हांगकांग के बीच रोजाना नॉन-स्टॉप उड़ानें शुरू की हैं। एयरलाइन के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

विस्तारा का ए321नियो विमान रविवार को रात 9.05 बजे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से शुरू हुई और सोमवार को हांगकांग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, 'रूट पर ए321नियो विमान अपनी असाधारण विशेषताओं के लिए जाना जाता है, जिसमें बिजनेस क्लास में फ्लैट बेड के साथ आरामदायक बैठने की व्यवस्था, आंतरिक सज्जा, इन-फ्लाइट वायरलेस कनेक्टिविटी और एक अत्याधुनिक मनोरंजन सिस्टम विथ लाइव टीवी शामिल है।'

विस्तारा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनोद कन्नन ने कहा कि हांगकांग के लिए सीधी कनेक्टिविटी की शुरुआत हमारे अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क को लगातार बढ़ाने की रणनीति के अनुरूप है।

कन्नन ने कहा, 'हांगकांग दुनिया के शीर्ष वाणिज्यिक केंद्रों में से एक है। यह एक पॉपुलर लीजर डेस्टिनेशन के अलावा, भारत से बहुत सारे व्यवसाय और वीएफआर यात्रा को आकर्षित करता है। हमें इस मार्ग पर यात्रा करने वाले ग्राहकों को बेहतरीन एयरलाइन में उड़ान भरने का विकल्प प्रदान करते हुए खुशी हो रही है और हमें विश्वास है कि वे हमारे विश्व स्तरीय उसेवाओं की सराहना करेंगे।'

## वित्त मंत्री ने तस्करी रोकने के लिए अंतर-सरकारी सहयोग का किया आह्वान

**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को सभी सरकारों को तस्करी और जंगली वनस्पतियों व जीवों को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों को रोकने की जरूरत पर जोर दिया।

उन्होंने राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा प्रवर्तन मामलों में सहयोग पर आयोजित वैश्विक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, 'सभी सरकारों के लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि तस्करी और गतिविधियों को कैसे रोका जाए, जो हमारे जंगली जीवों और वनस्पतियों को खतरे में डाल रही हैं।' उन्होंने कहा, सबसे महत्वपूर्ण साइलो, जिसके बारे में मैं बात करना चाहता हूं, वह है रोकथाम और निवारण... अवैध व्यापार, तस्करी की रोकथाम, और उन चीजों की रोकथाम, जो किसी भी देश की संप्रभु सत्ता के लिए बिल्कुल भी वांछनीय नहीं हैं। इस तथ्य से भी निवारण मजबूत होता है कि आप सतर्क हैं, और आपने जो पकड़ा है, उसे पूरी तरह से नष्ट करने के लिए समर्पण और प्रतिबद्धता दिखाते हैं और इसे फिर से बाजार में नहीं डालते हैं। इसलिए रोकथाम और निवारण वह विशेष क्षेत्र है, जिसमें इस वैश्विक सम्मेलन को बहुत सारे व्यावहारिक विचार देने चाहिए।'

सीतारमण ने कहा कि सीमा शुल्क अधिकारियों को अवैध व्यापार के नेटवर्क पर अंकुश लगाने के लिए आपस में जानकारी साझा करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाना चाहिए



कि साझा की गई जानकारी 'कार्रवाई योग्य' हो। उन्होंने यह भी कहा कि तस्करी या अवैध रूप से व्यापार किए गए सामानों की प्रकृति पिछले 50-60 वर्षों में नहीं बदली है और यह कीमती धातुएं, नशीले पदार्थ, जंगल या समुद्री जीवन के कीमती भंडार बने हुए हैं।

मंत्री ने कहा, इसलिए मोटे तौर पर अवैध रूप से व्यापार किए जाने वाले सामान वैसे ही बने रहते हैं। ऐसे कोई नए क्षेत्र नहीं हैं, जिन पर सीमा शुल्क अधिकारी चकित हों। यदि पिछले दशक में यह इसी तरह का रुझान दिखा रहा है, तो अब तक हममें से अधिकांश को इसके बारे में काफी जानकारी हो जानी चाहिए कि इसके पीछे कौन ताकतें हैं। मैं डब्ल्यूसीओ (विश्व सीमा शुल्क संगठन) के साथ-साथ अंतर-सरकारी सहयोग पर बहुत जोर देती हूं, ताकि हम इसके (तस्करी) पीछे के दिमागों, इसके पीछे के मास्टरमाइंडों की मदद से पता लगा सकें।'

## एलजी की दमदार बैटरी लाइफ के साथ ऑडियो स्पीकर सीरीज लॉन्च


**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने भारत में उन्नत बैटरी लाइफ के साथ एक नई ऑडियो स्पीकर सीरीज 'एलजी एक्सबूम' लॉन्च की। एलजी एक्सबूम में दो मॉडल - एक्सएल 7एस और एक्सएल 5एस शामिल हैं, जो 54,990 रुपए और 44,990 रुपए की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध होंगे। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के होम एंटरटेनमेंट के निदेशक हाक ह्यून किम ने कहा, 'उत्कृष्ट विशेषताओं, मजबूत ध्वनि और मनमोहक प्रकाश प्रभावों के साथ नई एलजी एक्सबूम सीरीज समारोहों, अवसरों और रोजमर्रा के आनंद लेने वालों के लिए शीर्ष पसंद के रूप में तैयार है। कंपनी के अनुसार, एलजी एक्सबूम में एक्सएल 7एस की बैटरी लाइफ 20 घंटे तक है, जबकि एक्सएल 5एस की बैटरी लाइफ 12 घंटे है, और दोनों स्पीकर में आईपीएक्स 4 वॉटर रेसिस्टेंट रेटिंग है। उपयोगकर्ता कराओके सत्रों के लिए भी स्पीकर का उपयोग कर सकते हैं और यहां तक कि एक गिटार भी कनेक्ट कर सकते हैं और अपने स्वयं के ध्वनिक संगीत कार्यक्रम की मेजबानी कर सकते हैं। यूजर्स एक्सबूम ऐप पर 'माई पिक' सुविधा का भी उपयोग कर सकते हैं। 250 वॉट आउटपुट के साथ, एक्सएल 7एस मॉडल बड़ी सभाओं के लिए बनाया गया है। 20.32 सेमी विशाल वूफर की विशेषता वाला यह स्पीकर अधिक शक्तिशाली बास प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो एक गहरी और बोल्ड ध्वनि प्रदान करता है।

## इंडिया मोबाइल कांग्रेस में 1.5 लाख से अधिक लोग हुये शामिल

**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। एशिया के सबसे बड़े दूरसंचार, मीडिया और टेक्नोलॉजी फोरम इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2023 का 7वां संस्करण कल सफलता के साथ संपन्न हो गया और इसमें 1.5 लाख लोगों ने भाग लिया। दूरसंचार विभाग और सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस तीन दिवसीय आयोजन में 1.5 लाख से अधिक प्रतिभागियों के साथ अब तक की सबसे अधिक भागीदारी दर्ज की गई। इस देश में एक 6जी रेडी इकोसिस्टम के निर्माण की दिशा में 5जी एप्लीकेशंस विकसित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 100 5जी लैब पहल की घोषणा के साथ इस फोरम में टेक्नोलॉजी, दूरसंचार, सरकार और सार्वजनिक उपक्रम एवं स्टार्टअप क्षेत्र से 620 से अधिक यूज़ केसेस पेश किए गए। सीओएआई ने आज यहां जारी बयान में यह आंकड़े जारी करते हुये कहा कि इसमें 1300 से अधिक सीएक्सओ स्तर के प्रतिनिधि, 235 से अधिक प्रदर्शक और 400 स्टार्टअप शामिल हुए। कुल मिलाकर यहां करीब 67 देशों से भागीदारी हुई। आईएमसी 2023 के दौरान, 400 से अधिक वक्ताओं ने 80 से अधिक सत्रों में भागीदारी कर अपने विचार रखे जहां इंडस्ट्री 4.0, 5जी एप्लीकेशंस, एंटरप्राइस डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, टिकाऊ विकास, मौद्रीकरण कनेक्टिविटी, वैश्विक सेमीकंडक्टर परिदृश्य में भारत की भूमिका, 6जी मानकीकरण, भारत की दूरसंचार जरूरतों की पूर्ति, 5जी से परे नेटवर्क उद्भव, 6जी, रैन और डिवाइस के लिए मानकीकरण, एप्लीकेशंस एवं डिजिटलीकरण, एआई का उद्भव और नेटवर्क का भविष्य आदि विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा हुई। इसकी सफलता पर इंडिया मोबाइल कांग्रेस के सीईओ रामकृष्ण पी ने कहा, 'पिछले कुछ वर्षों में आईएमसी का दायरा काफी वृहद होते देखना एक जबरदस्त अनुभव रहा है। जैसा कि हमने आईएमसी को दूरसंचार से परे जाकर एक प्रमुख टेक्नोलाजी प्लेटफार्म के तौर पर स्थापित किया है, आईएमसी के इस वर्ष के संस्करण में भावी प्रौद्योगिकियों की झलक दिखाई दी और तीन दिनों तक इन पर गहन चर्चा हुई।

## शेयर बाजार का चढ़ना जारी

**मुंबई,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। दुनिया के प्रमुख केंद्रीय बैंकों की इस सप्ताह होने वाली बैठक में ब्याज दर को लेकर होने वाले निर्णय से पहले निवेशकों की मजबूत धारणा की बदौलत विश्व बाजार के चढ़ने से स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, दूरसंचार, तेल एवं गैस और रियल्टी समेत पंद्रह समूहों में हुई लिवाली से आज शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन तेजी पर रहा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 329.85 अंक अर्थात 0.52 प्रतिशत की छलांग लगाकर 64112.65 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 93.65 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की तेजी के साथ 19140.90 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.13 प्रतिशत बढ़कर 31,153.57 अंक और स्मॉलकैप 0.06 प्रतिशत उठकर 36,911.46 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3935 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1922 में लिवाली जबकि 1813 में बिकवाली हुई वहीं 200 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी 29 कंपनियों में तेजी जबकि शेष 21 में गिरावट रही। विश्लेषकों के अनुसार, निवेशक मंगलवार को बैंक ऑफ जापान (बीओजे), बुधवार को अमेरिकी फेडरल रिजर्व और गुरुवार को बैंक ऑफ इंग्लैंड (बीओई) की बैठकों के नतीजों तथा मंगलवार को चीनी विनिर्माण डेटा और अमेरिका में रोजगार के आंकड़ों भी इंतजार कर रहे हैं। बीएसई के 15 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.41, ऊर्जा 1.24, वित्तीय सेवाएं 0.41, हेल्थकेयर 0.39, इंडस्ट्रियल्स 0.43, आईटी 0.17, दूरसंचार 1.52, यूटिलिटीज 0.37, बैंकिंग 0.54, कैपिटल गुड्स 0.32, तेल एवं गैस 1.16, पावर 0.50, रियल्टी




1.99, टेक 0.35 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.12 प्रतिशत चढ़ गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जापान के निक्केई में 0.95 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य बाजार में तेजी रही। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.87, जर्मनी का डैक्स 0.62, हांगकांग का हैंगसेंग 0.04 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.12 प्रतिशत बढ़ गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 103 अंक की तेजी के साथ 63,885.56 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 63,431.45 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, इसके बाद शुरू हुई लिवाली की बदौलत यह लगातार बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 64,184.58 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 63,782.80 अंक के मुकाबले 0.52 प्रतिशत उछलकर 64,112.65 अंक पर रहा। निफ्टी छह अंक बढ़कर 19,053.40 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 18,940.00 अंक के निचले जबकि 19,158.50 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,047.25 अंक की तुलना में 0.49 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,140.90 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में अल्ट्रासिमको 2.44, रिलायंस 2.04, आईसीआईसीआई बैंक 1.30, भारती एयरटेल 1.24, एचडीएफसी बैंक 1.04, इंडसइंड बैंक 1.00, कोटक बैंक 0.88, टीसीएस 0.85, एलटी 0.83, एसबीआई 0.72, नेस्ले इंडिया 0.65, टेक महिंद्रा 0.55, एशियन पेंट 0.45, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.44, सन फार्मा 0.36 और टाइटन 0.04 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, टाटा मोटर्स 1.94, मारुति 1.52, एक्सिस बैंक 1.31, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.82, आईटीसी 0.72, एनटीपीसी 0.72, टाटा स्टील 0.63, बजाज फिनसर्व 0.35, एचसीएल टेक 0.26, इंफोसिस 0.24, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.13, विप्रो 0.07, पावरग्रिड 0.07 और बजाज फाइनेंस के शेयरों ने 0.06 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## आरबीआई ने नियमों के उल्लंघन पर गुजरात के 3 बैंकों पर जुर्माना लगाया

मुंबई, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। आरबीआई ने अपने परिचालन के संचालन में आधिकारिक मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए गुजरात में तीन सहकारी बैंकों पर मौद्रिक जुर्माना लगाया है। 'प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों (यूसीबी) द्वारा अन्य बैंकों में जमा राशि रखने' पर जारी आरबीआई के निर्देशों के उल्लंघन के लिए उमा को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, वडोदरा पर 7 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। आरबीआई द्वारा किए गए बैंक के वैधानिक निरीक्षण से पता चला कि बैंक ने निर्धारित अंतर-बैंक प्रतिपक्ष जोखिम सीमा का उल्लंघन किया था और निर्धारित अंतर-बैंक सकल एक्सपोज़र सीमा का भी उल्लंघन किया। नतीजतन, बैंक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। आरबीआई ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा, 'नोटिस पर बैंक के जवाब और व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान मौखिक प्रस्तुतियों पर विचार करने के बाद आरबीआई इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि आरबीआई के उपरोक्त निर्देशों का पालन न करने का आरोप प्रमाणित हुआ और बैंक पर मौद्रिक जुर्माना लगाना जरूरी हो गया।' इसी तरह, आरबीआई ने निदेशकों, रिश्तेदारों और फर्मों/संस्थाओं को ऋण और अग्रिम' पर अपने निर्देशों का पालन न करने के कारण गुजरात के बनासकांठा में शिहोरी नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड पर 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने नो योर कस्टमर (केवाईसी) मानदंडों से संबंधित निर्देशों का पालन न करने के लिए खेड़ा जिले में पिज पीपुल्स को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, पिज पर 2 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।




## सार संक्षेप

### होंडा ने लॉन्च की नयी टूरिंग मोटरसाइकिल एक्सएल 75 ट्रांसेल्प, कीमत 11 लाख रुपए

**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने आज एडवेंचर टूरर 'एक्सएल75 ट्रांसेल्प' नयी मोटरसाइकिल लांच करने की घोषणा की जिसकी गुरुग्राम एक एक्स शोरूम आमंत्रण मूल्य 1 9999 रुपए है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि अपनी पूर्ववर्ती धरोहर को आगे बढ़ाते हुए होण्डा एक्सएल75 ट्रांसेल्प को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है, कि इसे जहां चाहे इस्तेमाल कर सकते हैं- शहर की भीड़भाड़ भरी सड़कों से लेकर एक्सटेंडेट टूरिंग ट्रिप, धूल भरी पगडंडियों से लेकर हिमालय तक, यह हर तरह की सड़कों पर राइडिंग के लिए अनुकूल है। यह मोटरसाइकिल जापान से सीबीयू (कम्प्लीटली बिल्ट-अप) रूट के ज़रिए भारत पहुंचेगी और इसे एक्सक्लुज़िव रूप से प्रीमियम बिगविंग टॉप लाईन डीलरशिप के माध्यम से बेचा जाएगा। कंपनी ने कहा कि इसकी पहली 1 मोटरसाइकिलों की बुकिंग आज से शुरू हो गयी है और नवंबर में इसकी डिलीवरी दी जायेगी।

### जेबीएम ऑटो के दूसरी तिमाही के शुद्ध लाभ में 8.75 प्रतिशत की बढ़त


गुरुग्राम। ऑटोमोटिव और इलैक्ट्रिक व्हीकल कंपनी जेबीएम ऑटो लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की 3 सितंबर 223 को समाप्त दूसरी तिमाही में 44.1 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया जो एक साल पहले की तुलना में 8.75 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। पिछले साल कंपनी को इसी अवधि में 4.24 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी के सोमवार को जारी दूसरी तिमाही के वित्तीय नतीजों के अनुसार इस वर्ष 3 सितंबर को समाप्त तिमाही में उसकी बिक्री आय शुद्ध रूप से 1,231.1 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले की इसी अवधि में हुई 1,29.24 करोड़ रुपए की शुद्ध आय की तुलना में 19.6 प्रतिशत वृद्धि दर्शाता है। कंपनी की एक विज्ञप्ति के अनुसार आलोच्य तिमाही में उसका कर पूर्व लाभ 19.94 प्रतिशत की वृद्धि 6.23 करोड़ रुपए रहा जो एक साल पहले इसी दौरान 5.22 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का प्रति शेयर लाभ (ईपीएस) 3.74 रुपये रहा जो पिछले साल इसी तिमाही में 3.6 रुपए था।

### एसएटी ने ज़ी के पुनित गोयनका पर सेबी के प्रतिबंध को रद्द किया

**नई दिल्ली।** प्रतिभूति एवं अपीलीय न्यायाधिकरण (एसएटी) ने पुनित गोयनका के प्रमुख प्रबंधकीय पद संभालने पर प्रतिबंध लगाने के सेबी के आदेश को सोमवार को रद्द कर दिया। इसके बाद ज़ी एंटरटेनमेंट के शेयरों में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी दर्ज की गई। एसएटी ने सेबी के आदेश को खारिज करते हुए पूर्व एमडी और सीईओ पुनीत गोयनका की अपील स्वीकार कर ली। सेबी के आदेश में ज़ी के साथ ही किसी और कंपनी में भी उनके प्रमुख प्रबंधकीय पदों पर रहने पर रोक लगाई गई थी।

## सूरजमुखी तेल सस्ता, चना दाल महंगी

**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग फिसलने से दिल्ली थोक बाजार में सूरजमुखी तेल के भाव गिर गए जबकि दाल चना महंगी हो गई वहीं अन्य खाद्य तेल और जिंसों में टिकाव रहा।



तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में नवंबर का पाम ऑयल वायदा 41 रिंगिट गिरकर 3634 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.39 सेंट की तेजी लेकर 52.66 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में सूरजमुखी तेल में 148 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर शेष खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 50 रुपये और दाल चना 50 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिकी रही।

## अबाधित रूप से ऑनबोर्डिंग के साथ सुविधाओं को बढ़ाता है फोनपे का शेयर मार्केट

**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। फोनपे उत्पाद शेयर.मार्केट ने सोमवार को एक सहज ऑनबोर्डिंग अनुभव सुनिश्चित करते हुए 199 रुपए के ऑनबोर्डिंग शुल्क को हटाने की घोषणा की। ब्रोकिंग के माध्यम से इक्विटी निवेश में प्रवेश करने और मूल्य निर्माण को प्राथमिकता देने पर अपने दीर्घकालिक फोकस के अनुरूप, कंपनी ने यह रणनीतिक बदलाव पेश किया है जो उसके दृष्टिकोण के अनुरूप है। शेयर.मार्केट के सीईओ उज्ज्वल जैन ने कहा, 'ऑनबोर्डिंग शुल्क को खत्म करने से, शेयर.मार्केट अब अधिक सुलभ हो गया है, इससे निवेश की दुनिया में त्वरित प्रवेश में बाधा बनने वाली सभी बाधाएं दूर हो गई हैं।' उन्होंने कहा, इस कदम के साथ, हमारा लक्ष्य केवाईसी प्रक्रिया को व्यापक रूप से अपनाने में तेजी लाना है, जिससे अधिक निवेशक निवेश के लिए तैयार हो सकें, क्योंकि हम अपने डिस्काउंट ब्रोकिंग प्लेटफॉर्म पर उत्तरोत्तर अतिरिक्त उत्पाद पेश कर रहे हैं। हमारी प्रतिबद्धता वेल्थबास्केट्स पर शून्य ब्रोकरेज की मार्च 2024 तक बनी रहेगी।' शेयर.मार्केट ऑनबोर्डिंग और केवाईसी प्रक्रियाओं को और अधिक सुव्यवस्थित करने की क्षमता को भी पहचानता है। प्राथमिक उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शेयर.मार्केट और भी अधिक सुलभ हो जाए, जिससे किसी भी तरह की बाधा दूर हो, जो निवेश की दुनिया में तेजी से शुरुआत करने में बाधा बन सकती है। फोकस अटल बना हुआ है, कंपनी का लक्ष्य एक ऐसा प्लेटफॉर्म बनाना है, जो क्वांटिटेटिव रिसर्च द्वारा संचालित हो, जो उपयोगकर्ताओं को उनकी निवेश यात्रा में सशक्त बनाने के लिए उत्पादों, उपकरणों और अनुभवों का एक व्यापक सूट पेश करता है।

सिर्फ दो महीने पहले लॉन्च किया गया, शेयर.मार्केट बाजार की जानकारी, मात्रात्मक अनुसंधान-आधारित वेल्थबास्केट्स, एक स्केलेबल प्रौद्योगिकी मंच और निवेशकों व व्यापारियों के लिए शानदार ग्राहक अनुभव प्रदान करके डिस्काउंट ब्रोकिंग को बढ़ाता है। यह निवेश उत्पादों का एक विस्तृत स्पेक्ट्रम प्रदान करता है, इससे विभिन्न जनसांख्यिकी के निवेशकों को एक पूर्ण और संतुलित पोर्टफोलियो बनाने की अनुमति मिलती है। शेयर.मार्केट स्टॉक (इंट्राडे और डिलीवरी), म्यूचुअल फंड, एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ), और वेल्थबास्केट प्रदान करता है। कंपनी की क्वांटिटेटिव रिसर्च शाखा द्वारा संचालित वेल्थबास्केट स्टॉक/निवेश उत्पादों का क्यूरेटेड संग्रह है जो विशिष्ट विषयों, क्षेत्रों या बाजार के रुझानों के साथ संरेखित होता है, जो बड़ी सुविधा के साथ सक्रिय इक्विटी पोर्टफोलियो निर्माण को सक्षम बनाता है।

# आप चुनिए आपको किस तरह की राजनीति और सरकार चाहिए-प्रियंका



**बिलासपुर**,30 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने आज बिलासपुर के पुलिस ग्राउंड में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की जिसमें गैस सिलेंडर में 500 रुपए की सब्सिडी, महिला स्व सहायता समूह का कर्जा माफ करने के अलावा 200 यूनिट बिजली फ्री देने का वादा किया। यही नहीं उन्होंने मंच से एलान किया की कांग्रेस की सरकार फिर बनी तो सरकार किसानों का तिवरा भी समर्थन मूल्य में खरीदेगी। बिलासपुर जिले के सभी 6 प्रत्याशियों के पक्ष में वोट मांगते हुए उन्होंने कांग्रेस का थीम सॉन्ग लॉन्च भी किया गया। भाषण की शुरुआत में प्रियंका गांधी ने माहात्मा गांधी के बिलासपुर प्रवास को याद किया इसके साथ ही उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की शहादत को याद किया और बताया कि जब उनकी दादी की हत्या हुई तो वो 12 साल की थी। जिस दिन हत्या हुई उस दी उनके स्कूल में नाटक प्रतियोगिता थी। जिसमे उसने भी भाग लिया था। ड्रामा के लिए मैंने दादी से एक झोला मांगा और चल दी। दो तीन घंटे बाद भारी संख्या संख्या में सुरक्षा बल आए और स्कूल से राहुल और उनको वापस घर ले आए। जब घर पहुंची तो बाहर चारों तरफ खून बिखरा हुआ था। अंदर गई तो पता चला कि दादी की हत्या कर दी गई है। इतना सब देखने के बाद एक सेकेंड के लिए भी हमारे मन में देश के प्रति आस्था नहीं डिगा। सात साल बाद जब मैं 19 साल की थी तो इसी तरह की घटना मेरे पिता के साथ घटी। पिता का पूरा शरीर छलनी छलनी और खून से लतपथ मेरे सामने पड़ा था। फिर भी देश के प्रति आस्था नहीं टूटी। और जब हम नेहरू जी की, इंदीराजी की और राजीवजी की बात करते है तो हम पर परिवारवाद का आरोप लगाते है। ये परिवारवाद नही है, देश के प्रति एक भक्ति है जो टूट नहीं रही है। उन्होंने कहा कि इन शहादतों के बाद भी हमारी देश के प्रति आस्था नहीं टूटी। प्रियंका ने कहा कि आपके देश में आज क्या हो रहा है, प्रदेश में क्या हो रहा है। ये सब सोचने समझने के बाद ही वोट करें।



जिस दल को आप अपना मत दे रहे हैं उन्हें समझिए और उसके बाद जागरुकता के साथ वोट दें छत्तीसगढ़ में जो सरकार है उसनें आपको केंद्र के कुशासन से आपको बचाया है। प्रियंका ने कहा कि जनता सरकार से एक उम्मीद रखती है । उस उम्मीद को पूरा करना सरकार की जवाबदारी है। हमारे अधिकार-कर्मचारी सालों साल अपनी सेवाएं देते हैं। और बदले में क्या मांगते हैं, पुरानी पेंशन योजना और ये कोई बहुत बड़ी मांग भी नहीं है आपको और मांगना चाहिए और उसे पूरा करना सरकार का दायित्व है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव आएगा दो चार बात कर लेंगे धर्म का मुद्दा उठा देंगे हमारी सरकार बन जाएगी, मौज हो जाएगी। तो ऐसे नेताओं को वोट देने से बचिए। क्या आपने सोचा था कि जो आप अवारा पशुओं से परेशान थे। उसे इस तरह से सुलझाया जाएगा कि आपको आगे परेशानी नहीं होगी। आपने सोचा था कि कभी आपसे गोबर खरीदा जाएगा क्या आपने सोचा था।

कि आपको एक ऐसी सरकार मिलेगी जो आपकी हर छोटी-बड़ी समस्या को समझेगी और उसे सुलझाएगी। प्रियंका गांधी ने कहा कि आप चुनिए आपको किस तरह की राजनीति, किस तरह की सरकार चाहिए खोखली बातें कौन कर रहा है। इसे समझिए। एपमी में 18 साल से भाजपा की सरकार है कभी बहनों के बारे में नहीं सोचा लेकिन अभी दो महीने पहले लाडली बहन योजना शुरू कर दी इनकी नीतियों से अगर आपका प्रदेश भी चलता तो यहां का हाल भी मध्यप्रदेश जैसा होता। तो समझ लीजिए कि काम करने के लिए नियत सही होनी चाहिए। आज विश्व का सबसे बड़ा सांस्कृतिक कार्यक्रम आदिवासियों का कहां हो रहा है छत्तीसगढ़ में हो रहा है। आप ये देख कर वोट डालें कि आपका नेता आपकी बात कर रहा है कि आपको लड़ाने का काम कर रहा है ये जो वोट है। तुम्हारा ध्यान से सोच समझ के जागरुक बनकर डालो ऐसी पार्टी को वोट देना बंद करो जो आपका ध्यान भटकाए अपनी ध्यान अर्जुन की तरह रखें ऐसी राजनीति को नकारो जो आपको तोड़ती हो।

## प्रियंका गांधी के समक्ष भूपेश बघेल की उपस्थिति में कोटा के जेसीसीजे लोगों ने थामा कांग्रेस का दामन

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी के बिलासपुर प्रवास के दौरान नामांकन सभा में प्रियंका गांधी के समक्ष मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपस्थिति कोटा क्षेत्र के प्रत्याशी अटल श्रीवास्तव के अनुरोध पर छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जोगी के वरिष्ठ पदाधिकारी रेणु जोगी के विधायक प्रतिनिधि संजय जायसवाल, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष एवं वरिष्ठ आदिवासी नेता विधिराम सिदार एवं देवकुमार थवाईत सहित 20 लोगों ने जनता कांग्रेस जोगी छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रियंका गांधी ने कांग्रेस का गमछा पहनाकर उनका स्वागत किया। विधिराम सिदार एवं संजय जायसवाल ने कहा कि यह उनकी घर वापसी है, हमेशा कांग्रेस के साथ थे और रहेंगे। उनकी विधिवत प्रवेश की घोषणा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा की गई, मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि कांग्रेस को जानने और मानने वाले कांग्रेस में वापस आ रहे हैं, संजय जायसवाल एवं विधिराम सिदार के कांग्रेस प्रवेश पर ब्लाक अध्यक्ष कोटा आदित्य दीक्षित, बेलगहना रामचंद्र पैकरा, रतनपुर रमेश सूर्या, जिला पंचायत अरूण सिंह चौहान, कोटा मंडी अध्यक्ष संदीप शुक्ला ने प्रसन्नता व्यक्त की है और कहा कि कोटा में अटल श्रीवास्तव की विजय सुनिश्चित है।



## प्रियंका गांधी की आठ बड़ी घोषणाएं रसोई गैस सिलेंडर में 500 की सब्सिडी, 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के दूसरे चरण की नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन कांग्रेस की राष्ट्रीय नेत्री प्रियंका गांधी सोमवार की दोपहर को पहली बार बिलासपुर पहुंची। प्रियंका ने यहाँ एक बड़ी चुनावी रैली को संबोधित किया। अपने भाषण की शुरुआत में ही उन्होंने आठ बड़े चुनावी वादे किये । प्रियंका ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के दोबारा सत्ता में आने पर रसोई गैस सिलेंडर को रिफिल करने पर पांच सौ रुपए की सब्सिडी दी जाएगी । उन्होंने कहा कि राज्य में 200 यूनिट तक बिजली की खपत करने वाले उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली दी जाएगी। बिलासपुर में प्रियंका गांधी ने की आठ बड़ी घोषणाएं



रसोई गैस का सिलेंडर रिफिल करने पर 500 रुपए की सब्सिडी दी जाएगी . महिलाओं के बैंक खाते में सीधे रकम भेजी जाएगी। बिजली की मासिक खपत 200 यूनिट से कम तो पूरा बिल माफ़ होगा . अधिक खपत पर 200 यूनिट प्रति माह तक निःशुल्क बिजली मिलेगी। महिला स्व-सहायता समूहों का कर्ज भी माफ़ होगा। छत्तीसगढ़ में 700 नए ग्रामीण औद्योगिक पार्कों की स्थापना होगी, अभी 300 हैं। राज्य के सभी सरकारी स्कूल को स्वामी आत्मानंद इंग्लिश और हिन्दी मीडियम स्कूलों में अपग्रेड किया जायेगा। छत्तीसगढ़ के निवासियों का सड़क दुर्घटनाओं में तथा अन्य आकस्मिक दुर्घटनाओं में विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत निशुल्क इलाज किया जायेगा। परिवहन व्यवसाय से जुड़े 6,600 से अधिक वाहन मालिकों के वर्ष 2018 तक के 726 करोड़ राशि के बकाया मोटरयान कर, शास्ति और ब्याज के कर्ज को माफ किया जायेगा। राज्य के किसानों से तिवरा को भी समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी ने अपने पूरे भाषण में इन्हीं बिन्दुओं को विस्तार दिया। श्रीमती गांधी ने कहा, छत्तीसगढ़ में दोबारा चुने जाने पर कांग्रेस महिलाओं के लिए प्रति गैस सिलेंडर 500 रुपये की सब्सिडी प्रदान करने के लिए महतारी न्याय योजना शुरू करेगी। उन्होंने कहा, स्वयं सहायता समूहों के ऋण और सक्षम योजना के तहत महिलाओं द्वारा लिए गए ऋण माफ किए जाएंगे। इसके अलावा, मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत सड़क दुर्घटनाओं और अन्य आकस्मिक दुर्घटनाओं के पीड़ितों को मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाएगी । श्रीमती गांधी ने कहा कि सरकार किसानों से तिवरा (एक प्रकार की दाल) को भी समर्थन मूल्य पर खरीदेगी। अपने संबोधन में, प्रियंका गांधी ने प्रदेश की पूर्ववर्ती तथा वर्तमान में केंद्र की भाजपा सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि वे (भाजपा वाले) नकारात्मक राजनीति करते हैं । उन्होंने छत्तीसगढ़ के मतदाताओं से अपील की कि वे जागरूक बनकर कांग्रेस को वोट देवें जो प्रदेश के विकास और आपके कल्याण पर ध्यान केन्द्रित करती है। इसके पहले, प्रियंका गांधी के साथ बिलासपुर पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने भी रैली को संबोधित किया । बिलासपुर के पुलिस ग्राउंड में आयोजित चुनावी जनसभा के दौरान कांग्रेस के संयुक्त सचिव व सहप्रभारी विजय जांगिड़, बिलासपुर जिले के सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों के कांग्रेस उम्मीदवार तथा कोटा से प्रत्याशी अटल श्रीवास्तव, बिलासपुर से प्रत्याशी शैलेष पांडेय, तखतपुर से प्रत्याशी श्रीमती रश्मि आशीष सिंह, बेलतरा से प्रत्याशी विजय केशरवानी, बिल्हा से प्रत्याशी सियाराम कौशिक, मस्तूरी से प्रत्याशी दिलीप लहरिया तथा मुख्यमंत्री के सलाहकार राजेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में कोटा, बेलतरा, मस्तूरी, बिलासपुर,बिल्हा एवं तखतपुर से कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता शामिल थे।

## प्रेक्षकों ने मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम का लिया जायजा, तैयारियों पर जताया संतोष

**बिलासपुर** , 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। चुनाव आयोग के नियुक्त प्रेक्षकों ने कोनी स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रस्तावित मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम की प्रशासनिक तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया है। सामान्य प्रेक्षक कुमार प्रशांत एवं उदयन मिश्रा एवं पुलिस प्रेक्षक सतीश कुमार गजभीए ने संयुक्त रूप से शाम में स्थल निरीक्षण किया। प्रथम मंजिल पर बनाये गये हैं। पुलिस प्रेक्षक श्री गजभिए ने सुरक्षा के मद्देनजर कुछ दिशा-निर्देश दिए। वाहनों के लिए प्रस्तावित पार्किंग स्थल के समतलीकरण एवं प्रकाश व्यवस्था करने को कहा है। जिला कार्यालय में रखे इव्हीएम सेकण्ड रैण्डमाईजेशन के बाद 4-5 तारीख से स्ट्रांग रूम में रखे जाएंगे। मतदान दलों को सामग्री वितरण भी इसी स्थल



कलेक्टर अवनीश शरण एवं पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह भी साथ थे। उन्होंने निर्वाचन आयोग की चेक लिस्ट के अनुरूप तैयारियो का अवलोकन किया। उन्होंने सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए तैयार किये जा रहे स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का सघन निरीक्षण किया। मतगणना स्थल भूतल पर एवं स्ट्रांग रूम से 16 नवम्बर को किये जाएंगे। इसके लिए बैरिकेडिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।उन्होंने इव्हीएम की सुरक्षा एवं पुलिस जवानों के ठहरने की व्यवस्था की भी समीक्षा की। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त कुणाल दुदावत, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवकुमार बनर्जी भी उपस्थित थे।

## 10 माह में 19544 बदमाशों पर पुलिस ने की कार्रवाई

### आचार संहिता के दौरान 1402 पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

बिलासपुर, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिलासपुर में चुनाव को देखते हुए पुलिस द्वारा आदतन अपराधियों और आरोपियों पर ताबड़तोड़ प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां की जा रही है। दस माह में 19544 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां की गई और इस माह आचार संहिता दौरान 1402 लोगों पर कुल प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। इस चुनावी वर्ष निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान हेतु जनवरी माह से अब तक 275 लोगों पर 109 सीआरपीसी, ,3276 लोगों के ऊपर 151 सीआरपीसी,15,664 लोगो पर धारा 107/16 के तहत कार्यवाहियां की गई हैं। 323 बदमाशों पर पर 110 सीआरपीसी की कार्यवाही की गई। इस माह आचार संहिता लगने के दौरान बिलासपुर पुलिस द्वारा लगभग तीन हफ्ते में 1402 लोगों पर कुल प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर



1474 लोगों को बाऊंड ओवर किया गया।

दो बदमाश पर एनएसए और एक जिला बदर हुए हैं। इस पूरे वर्ष में अब तक कुल 19,544 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां की गई है, सकड़ों लोग जेल भेजें गए। 2022 में पूरे वर्ष में कुल 3803 लोगो पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही और 2021 में 1,858 लोगो पर कार्यवाहियां हुई थी।

## नामांकन के अंतिम दिन कुल 81 उम्मीदवारों ने 155 नामांकन फॉर्म दाखिल किया







**बिलासपुर**, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल के आखिरी दिन कुल 81 उम्मीदवारों ने 155 नामांकन फॉर्म दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने वालों मे बिल्हा विधानसभा क्षेत्र से रंजीत बंजारे, पवन राज मसीह, कलेसर बारमते, राजपाल टंडन, विकास कुमार चतुर्वेदी, सुश्री नेहा भारती, श्यामलाल बर्मन, देवप्रसाद, सुश्री आराधना मिश्रा, निर्मल कुमार दिवाकर, संतोष कुमार साहू, सुश्री सादिका बेगम खान, परमानंद महंत, सागर निषाद, सुरेन्द्र कुमार मनु, उदय शंकर भार्गव, सूरज कुमार अनंत, राजेश कुमार शर्मा, सूरज मिरी डहरिया कुल 19 उम्मीदवारों ने 39 नामांकन फॉर्म दाखिल किए। कोटा विधानसभा क्षेत्र से नेतराम साहू, मुकेश कुमार कौशिक, चेतन मानिकपुरी, मनोज कुमार बिरको, लक्ष्मी नारायण पोर्ते, जावेदखान खान, श्रीमती ललिता बाई पैंकरा, डॉ. रेणु जोगी, राजिम साहू, मनोज कुमार खाण्डे, भुनेश्वर मार्को, प्यारेलाल रात्रे, रमेश यादव कुल 13 उम्मीदवारों ने 22 नामांकन फॉर्म जमा किए। बेलतरा विधानसभा क्षेत्र से जेठू साहू, हीरालाल, गौतम प्रसाद साहू, विकास कुमार धीवर, लवकुश कुमार साहू, खोरबहरा राम साहू, संतोष कुमार साहू, हरीश कुमार कुर्रे, अश्वनी कुमार दुबे, राकेश यादव, अरविंद पाण्डेय, विश्म्भर गुलहरे, मुकेश कुमार चंद्राकर, आनंद राम साहू, लक्ष्मण पाठक, धनेन्द्र चंद्रवंशी, राजकुमार सतनामी, परसराम यादव, हीराबाई यादव कुल 19 उम्मीदवारों ने 34 नामांकन फॉर्म जमा किए। इसी प्रकार मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र से सुश्री चांदनी भारद्वाज, अभिषेक सोनी, बॉबी पात्रे, गणेश राम मेहरा, लक्ष्मी टंडन, शब्दसांची पाटले एवं सुखमणी डहरिया कुल 7 उम्मीदवारों ने 19 नामांकन फॉर्म जमा किए। तखतपुर विधानसभा क्षेत्र से संजीव खाण्डे, मोहम्मद इरफान खान, संतोष कौशल, जयचंद कश्यप, दिनेश कुमार कौशिक, रामेश्वर साहू, सुरेश कुमार दिवाकर, दिनेश प्रताप खुसरो, दिलीप अग्रवाल कुल 9 उम्मीदवारों ने 17 नामांकन फॉर्म जमा किए। बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र से पूरनलाल छबरिया, बरनलाल करियारे, चंद्रशेखर पाण्डेय, विजय आहूजा, जीवन लाल पटेल, अमर कुमार रूपानी, महेन्द्र प्रताप सिंह राणा, रश्मि साहू, निलेश विश्वास, वेदमनी सिंह, अजय पनिकर, नरेन्द्र रात्रे, विद्याशंकर भारद्वाज, बहोरन लाल यादव कुल 14 उम्मीदवारों ने 24 नामांकन फॉर्म जमा किए।





## चाकू रखकर राहगीरों को धमकाने वाला पकड़ाया

**बिलासपुर** , 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। तोरवा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग कर निगाह रखी जा रही थी कि टाउन भ्रमण दौरान सूचना मिली कि एक व्यक्ति मरी माई मंदिर के पास तोरवा मे छुरा चाकू रखकर राहगीरों को भयभीत कर रहा है । सूचना स्थल पहुंचकर आरोपी तिलक गोपाकल साहा पिता गोपाकल साहा उम्र 28 साल निवासी बापू नगर थाना तोरवा बिलासपुर को घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिसके कब्जे से 01 नग चाकू जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के प्रावधानों के तहत् कार्यवाही की गई है।



NECC

| | | | |
|---|---|---|---|
| 31.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
| फार्म | 530 | 90 | 170 |
| चिल्हर | 6.25 | 105 | 195 |

डिलीवरी 545 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188